तो आओ, मेरे प्यारे! आज का हमारा वेद-मन्त्र बहुत सी वार्ताएं प्रकट कर रहा था, जहा! यह वाक् प्रगट कर रहा था वहां राष्ट्र के प्रति मानो देखो अपनी विचित्रता प्रगट कर रहा है। वेद-मन्त्र कहता है कि राष्ट्रदम ब्रह्मा वर्णस्वता मनाहा क्या प्रत्येक जो भी राष्ट्र में प्राणी-मात्र रहता है वह मानो देखो अपने में राष्ट्र उनका नवीन रहता है। जैसे मानव-समाज का राष्ट्र है इसी प्रकार तुम समुद्रों के आंगन में जब प्रवेश करोगे तो वहां भी एक मनु समाज है, वहां भी एक मानव-समाज है जिनके मन रहता है वह राष्ट्रम अपने में राष्ट्र की विवेचना करते रहते है। परन्तु एक पृथ्वी तुम्हें मण्डल पर नहीं नाना प्रकार के जो लोक-लोकान्तर है उनमें भी देखो राष्ट्र और सृष्टि है और वहां भी मानव गमन करता रहता है, वहां विज्ञान भी है, जलाशय भी है परन्तु सर्वत्र वहां विद्यमान रहता है। तो मानव सदैव यह चाहता रहता है क्या मैं अनुशासन में हूं। क्योंकि अनुशासन प्रत्येक लोक-लोकान्तरों में अपना एक अनुशासन है। क्योंकि जैसे परमपिता-परमात्मा ने सृष्टि का निर्माण किया तो निर्माणवेत्ता ने मानो देखो यह भी एक नियम और अनुशासन में सर्वश सृष्टि रहती है। एक लोक दूसरे लोक की परिक्रमा करता है तो वह भी एक अनुशासन कहलाता है। तो इसी प्रकार प्रत्येक मानव मानव के समीप रहता है तो वह भी अनुशासित रहता है तो इसीलिए प्रत्येक मानव मानो वेद का मन्त्र कहता है हे मानव! तू अपने में अनुशासन की प्रतिभा को अपने में धारण कर जिस समय अम्ब्रहा उसको धारण करने वाला ही मानो अपने में

मानवीयता का ही मानो अपने में मनो-वस्तु को प्राप्त करता रहता है। तो आओ मुनिवरो! देखो आज का हमारा वेद-मन्त्र यह कहता है कि सार्वभौम जो प्राणी-मात्र है, मानव समाज है वह अपने में मन की आभा को धारण करता रहता है और उनके राष्ट्र है परन्तु अपने-अपने राष्ट्रों में सबसे प्रथम जो राष्ट्र होता है वह मानव का अपना जीवन है। अपने जीवन में यदि मानो वह अनुशासित रहता है तो उसका राष्ट्र जैसे मानो देखो एक राजा है और राजा स्वयं अनुशासित है, नियमित है तो उसका राष्ट्र भी अनुशासन नियमित होता चला जायेगा। यदि राजा के मनो में बिखरा हुआ बिखरापन रहेगा तो अनुशासन नहीं रहेगा तो प्रजा भी अनुशासित नहीं हो सकेगी। इसीलिए हमारा विचार यह कहता है, वेद का मन्त्र यह कहता है कि प्रत्येक मानव को अपने में अनुशासित होना है और प्रजा उसके अनुसार अनुशासित हो जाती है।

भगवान् राम का राज्यभिषेक

मेरे प्यारे! मैंने कई कालों से इससे पूर्व काल में मैं तुम्हें राम की चर्चा कर रहा था। राम ने बेटा! देखो यही कहा था लंका को विजय करने के पश्चात् क्या मैं अपने को अनुशासित तो कर लूं। जब तक मेरा जीवन ही अनुशासित नहीं रहेगा रजोगुण, तमोगुण मेरा शान्त नहीं होगा तो मैं राष्ट्र का पालन नही कर सकता, मैं

राष्ट्र को अनुशासित नहीं बना सकता। क्योंकि मेरा जीवन अनुशासित होना बहुत अनिवार्य है। तो बेटा! मैंने तुम्हें कई कालो में कहा है कि राम ने तप किया और अपनी इन्द्रियों को जय करके अपने आहार और व्यवहार को पवित्र बनाया और आहार व्यवहार को पवित्र बनाना उनको सात्विकता का एक नृत कराते हुए उन्होंने बेटा! देखो अपने राष्ट्र को, राष्ट्र को उन्नत बनाने के सुयोग्य जब बन गये, अनुशासित हो गये तो बेटा! देखो राष्ट्र को अपनाने का प्रयास किया। तप करने के पश्चात् मानो देखो वह तपो वनो को त्याग करके, भयंकर वनों को त्याग करके मुनिवरो! वह अपने राष्ट्र को अपनाने का उन्होंने प्रयास किया। राष्ट्र को अपनाने के पूर्व उन्होंने एक सभा की और सभा में मुनिवरो! देखो उन्होंने महाराजा-शिव, महाराजा-इन्द्र और मुनिवरो! देखो उन्होंने और भी नाना राजा जैसे अश्वपति और भी नाना ऋषि-मुनियों को निमन्त्रण दिया। जिसमें बेटा! देखो महर्षि-विभाण्डक, महर्षि-पारेत्वर ऋषि-महाराज, महर्षि-वशिष्ठ और महर्षि-विश्वामित्र, महर्षि-श्रृंनि और मुनिवरो! देखो और भी नाना ऋषियों को उन्होंने जैसे महर्षि-पारावाह, वैश्मपायन और गाड़ीवान-रेवक और भी नाना-ऋषि मुनियों का बेटा! एक समूह एकत्रित हुआ जिसमें प्रव्हाण, शिलक और दालभ्य मेरे प्यारे! देखो सर्व ऋषि-मुनियों का उन्होंने समाज एकत्रित किया। उनमें राजा भी विद्यमान थे, माता-अरून्धति को विशेषकर उन्होंने निमन्त्रण दिया और महर्षि-भारद्वाज आदि ऋषि-मुनियों को निमन्त्रित करते हुए उन्होंने ऊर्ध्वा आसन प्रदान किए और आसान प्रदान करने के पश्चात उन्होंने कहा, कहो ब्राहा वृति ब्रह्मा वर्णसुतो और मुनिवरो! देखो और भी नाना-ऋषि-मुनि एकत्रित हो करके उन्होंने कहा कहो राजन! आज कैसे हमें निमन्त्रित किया है। तो महाराजा-भरत ने यह कहा प्रभु! मेरी इच्छा यह है क्या मैंने एक राष्ट्र को बहुत समय तक मैंने प्रजा की सेवा की है और मैं प्रजा का सेवक बन करके रहा हूं और मैं राम का सेवक विशेषकर बन करके रहा हूं परन्तु मेरी इच्छा यह है क्या आप देखो राम का राज्यभिषेक होना चाहिए और राज्यभिषेक होने के पश्चात मानो देखो इसको अपनाये और प्रजा को मानो देखो जैसे हमारे पूर्वजों ने, हमारे महावृत्तियों ने प्रजा को नाना प्रकार का मार्ग दिया इसी प्रकार भगवान-राम देखो एक महानता का उपदेश दे और वह मानो अपना सन्देश दे करके प्रजा को ऊंचा बनाए। मेरे प्यारे! देखो उन्होंने कहा बहुत प्रिय, तो सब ऋषि-मुनि मानो अपने-अपने आसनो पर विद्यमान है। मेरे प्यारे! देखो महाराजा-शिव को उसका अमयत्त बनाया गया सभा का और शिव की अमयत्तता में मानो देखो

उनके विचार-विनिमय होने लगे। मेरे प्यारे देखो! सन्देश देने लगे जिसे कुछ उच्चारण करना हो और राष्ट्र के विषय में किसी को किसी प्रकार का आपत हो वह उच्चारण करो क्योंकि देखो वही राजा उसका प्रयत्न करेगा। मेरे प्यारे! राम एक आसन पर विद्यमान है, एक पर लक्ष्मण है और मुनिवरो! देखो भरत, शत्रुघ्न अपने भिन्न-भिन्न आसनों पर विद्यमान है, राजलक्ष्मीया भी उनके अपने-अपने आसनों पर विद्यमान है। मेरे प्यारे! देखो एक स्थान पर पुरोहित है और द्वितीय पर मानो देखो उनके राजपुरोहित विद्यमान है।

महर्षि-वशिष्ठ-मुनि महाराज के उद्गार

तो विराजमान हो करके बेटा! देखो सबसे प्रथम महर्षि-वशिष्ठ मुनि-महाराज उपस्थित हुए और महात्मा-वशिष्ठ-मुनि-महाराज ने यह कहा क्या मैं हे राम! तुम्हें राज्यभिषेक करता हूं और राज्यभिषेक पूर्व, राज्यभिषेक से पूर्व एक मेरा विचार है कि सबसे प्रथम राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण होना चाहिए यदि राजा के राष्ट्र में ब्राह्मणत्व नहीं है, बुद्धिमान देखो प्रजा नहीं है तो राष्ट्र को कोई भी उन्नत नहीं बना सकता। मानो एक राष्ट्र पर मेरा विचार यह है कि राष्ट्र पर किसी भी प्रकार का मानो देखो अपने मनोवांछित उनमें विचार

नहीं प्रस्तुत किया जाये। मेरे प्यारे! राम ने, सबने उसका देखो हृदय से स्वागत किया और उन्होंने कहा कि राजा के राष्ट्र में विद्यालय होने चाहिए परन्तु विद्यालयों में देखो वानप्रस्थ जितनी शिक्षा परम्परा से हमारे यहां नियमावली चली आई है क्या वानप्रस्थ और ब्रह्मवेत्ता देखो वह राष्ट्र में शिक्षा देने वाले हो। कन्या को जब भी शिक्षा दी जाये मेरी पुत्रियों को उनमें देखो वानप्रस्थ या जो गृह से उपरामता को प्राप्त हो चुकी है विदुषी वह विदुषी मानो देखो राष्ट्र को उपदेश दे। देखो वह देवी को उपदेश देने वाली हो, कन्या का उन्हें कन्या का मार्ग देना चाहिए कन्यान भूतम ब्रह्मा क्योंकि मेरी पुत्रियों का जो सद-मार्ग है वह पवित्र होना चाहिए। यदि पुत्रियों का मार्ग पवित्र नहीं होगा, देवियों का मार्ग पवित्र न होगा तो राष्ट्र में सन्तानों का जन्म नहीं होगा। महर्षि-वशिष्ठ-मुनि-महाराज ने यह कहा कि तुम्हारे यहां विज्ञान होना चाहिए और वैज्ञानिकों को नाना प्रकार की प्रति श्रोत्रतियता प्रदान करनी चाहिए। जिससे देखो विज्ञान मानो पृथ्वी से लेकर के राजा के राष्ट्र में मानो सूर्यमंडलों तक की उन्हें सूचकता होनी चाहिए। इस प्रकार का विज्ञान हो जिससे लोकलोकान्तरों में राजा के राष्ट्र में यातायात बना हुआ होना चाहिए। जैसे एक समुद्र से पार राजा द्वितीय राष्ट्रो में भ्रमण करता है इसी प्रकार अपने वाहन के द्वारा तो विज्ञान भी इसी प्रकार का होना चाहिए। वह लोक-लोकातन्तरों का गमन करने वाला हो और वहां का विज्ञान, वहां की वृत्तियां सब राजा के राष्ट्र में होनी चाहिए। मेरे प्यारे! देखो महात्मा-वशिष्ठ ने कहा ऐसे ब्रह्मचारी हो जो ब्रह्म का ही मानो देखो उनके द्वारा चलन रहना चाहिए। यह उस काल में होगा जब राजा का सन्देश प्राप्त होगा राजा की प्रतिभा का जन्म मानो देखो जब वायुमण्डल में प्रवेश करेगा और विद्यालयों में जिस प्रकार का उपदेश होगा और देखो कन्याओं के विद्यालयों में जब भी शिक्षक हो तो वह इस प्रकार का हो जिसकी तरंगे चंचलता को प्राप्त न हो। ब्रह्मचरियों के द्वारा ब्रह्म का ही चिन्तन हो और यदि चंचलता आ गई है तो देखो उनका जो ब्रह्मचर्य-व्रत है या वृनिया है उनके हृदय की तरंगे मानो वह तरंगित करती रहेंगी। मेरे प्यारे! इतना वाक् उच्चारण करके वषिश्ठ-मुनि-महाराज ने यह कहा कि ब्राह्मण होना चाहिए राजा के राष्ट्र में मेरे प्यारे! देखो उन्होंने वह अप्रतम उच्चारण करके वह शान्त हो गये।

महर्षि-विश्वामित्र का उपदेश

ऋषि-विश्वामत्रि उपस्थित हुए और विश्वामित्र ने यह कहा कि प्रभु! यह राम का बड़ा सौभाग्य है कि भगवान-राम ने यह अपने में व्रत धारण किया कि मैं सबसे प्रथम तपस्या करूंगा क्योंकि तपस्या करके राजा

देखो ब्रह्मवेत्ता बने है। इसी प्रकार मेरा देखो एक ही उपदेश रहता है क्या मेरे हृदय में जब महात्मा-वशिष्ठ-मुनि-महाराज ने मुझे एक प्रेरणा दी और एक प्रेरणा मुझे कामधेनू से, एक गऊ से प्राप्त हुई और उसी गऊ के उस प्रेरणा से ही मानो प्रेरित हो करके मानो राष्ट्र को त्याग करके और भयंकर वन में गायत्री-छनदों में प्रवेश कर गया। जब मैं वेद-मन्त्रों में अमययन में लग गया और मेरा तप विशाल बन गया तो मानो देखो मैं बहुत से देखो मैं जानकारी में नाना प्रकार के मेरे में अभिमान की मात्रा बनी परन्तु जब ज्ञानी ब्रह्मवेत्ता ज्ञान की प्रेरणा देता है, वेद की प्रेरणा देता है, उस प्रेरणा के साथ मानो देखो मैं अपने में ब्रह्मवेत्ता बन गया और ब्रह्मवेता बन करके आज मैं अप्रतम ब्रह्मे अपने आत्मा मानो देखो मन, मस्तिष्क, मन-मस्तिष्क को मैं सदैव अपने में धारण किया क्योंकि अपने में ही प्रत्येक प्राणी समाहित हो रहा है। तो इस प्रकार मुनिवरो! देखो जब महात्मा-विश्वामित्र ने कहा कि मैं मानो देखो जय बन गया और जय बनना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है वही ब्राह्मण होता है, ब्राह्मण में यदि देखो ब्राह्मण वही है जो तपस्या में परिणीत हो जाये। मुझे ब्रह्मवेत्ता कह करके आचार्य ने मुझे जब पुकारा तो मेरा अन्तर्हृदय प्रसन्न हो गया परन्तु देखो उस अन्तर्हृदय के प्रसन्न होने पर मैंने तपस्या में तपस्यामग्ने मैंने तपस्या का अनुभव किया, क्या तपस्या का यह प्रभाव होता है। तो यह आज बड़ा सौभाग्य है कि जो अयोध्या-पुरी में जो राजा वह इतने तपस्वी कि वह बारह वर्ष का उन्होंने अनुष्ठान किया है इसके लिए हम सब प्रजा और जितने भी ज्ञानम-ब्रह्मे सब मानो देखो अपने में प्रसन्न है। मेरे पुत्रों! देखो विश्वामित्र यह उच्चारण करके और उच्चारण करके यह उनका एक वाक्य रहा क्या राजा के राष्ट्र में मानो देखो प्रत्येक प्राणी अपने में देखो प्रसन्न रहना चाहिए और प्रसन्न वह रहता है जिस राजा के राष्ट्र में मानवीयता का मानो देखो मनन करने का समय प्राप्त होता है। राजा स्वयं मनन करता है, प्रजा स्वयं मनन करती है, देखो राजा स्वयं यागिक होता है तो प्रजा भी स्वयं यागिक बना करती है। जब प्रजा में यागिकता का, यागिकतता की भावना होती है तो मानो देखो प्रत्येक वस्तु को ज्ञान से दृष्टिपात किया जाता है। तो वह राजा और प्रजा दोनों पवित्रतता को धारण करके मानो देखो वहां प्रत्येक मानव एक दुसरे से प्रसन्न रहता है। तो इस प्रकार देखो उन्होंने कहा राजा के राष्ट्र में उपता नहीं रहनी चाहिए। उपता उस काल में आती है जब राजा के राष्ट्र में नाना-प्रकार के सम्प्रदायों का जन्म हो जाता है और सम्प्रदायों के जन्म का एक ही हमारे द्वारा एक ही निर्णय हुआ है कि राजा रावण के यहां नाना-प्रकार के सम्प्रदाय कहलाए गये क्योंकि राक्षस भी एक सम्प्रदाय थी। राजा रावण स्वयं मानो देखो अपनी इस राक्षस सम्प्रदाय को स्वीकार करते थे और उनके जो पुत्र थे, अहिरावण वह मानो देखो अनार्यता के राष्ट्र में देखो वहां भी वह उस अमृति-सम्प्रदाय को अपने में धारण करते थे। इसी प्रकार उनके पुत्र जो इन्द्रजीत कहलाते थे मानो मेघनाथ के नामम् ब्रह्मे वह इन्द्र को विजय करके उन्होंने देखो एक ब्री-सम्प्रदाय का जन्म उनके अन्तर्हृदय में हुआ उनके बहुत से अनुयायी बने और जो देखो जो भी सम्प्रदाय बनता है उस सम्प्रदाय में कोई न कोई मानो ऐसा नृत रह जाता है क्योंकि व्यक्ति की वह जो एक सम्प्रदाय, एक चलन होता है उसमें कोई न कोई त्रुटि रह जाती है। वह वेद से गुथा हुआ नहीं होता है और वेद से गुथा हुआ कोई भी मानव देखो वह मत नहीं होता वह तो मानो देखो अपने में सम्पूर्णता को प्राप्त किए रहता है और क्योंकि वह वेद नाम प्रकाश का है इसलिए प्रत्येक मानव प्रकाश के लिए वह सदैव रत्त रहता है। तो इस प्रकार महात्मा विश्वामित्र ने अपना उपदेश दे करके कहा कि राजा के राष्ट्र में प्रत्येक मानव एक दुसरे से ज्ञान में प्रसन्न रहे, ब्राह्मण समाज ब्रह्मा ब्राह्मण होने चाहिए जिससे सम्प्रदाय न पनप पाये और यदि सम्प्रदाय पनपेगी तो उसके द्वारा कुरीति आयेगी और कुरीती आयेगी तो मानो देखो राष्ट्र अन्धकार में चला जाएगा। मेरे प्यारे! देखो यह महात्मा-

विश्वामित्र ने अपना वाक् उच्चारण करके वह भी अपने कक्ष में विद्यमान हो गये।

महर्षि-भारद्वाज-मुनि द्वारा मार्गदर्शन

मेरे पुत्रो! इतने में महर्षि-भारद्वाज-मुनि-महाराज उपस्थित हुए और भारद्वाज-मुनि ने कहा हे प्रभु! मेरी इच्छा यह है क्या राजा के राष्ट्र में इस प्रकार का विद्यालय होने चाहिए जिन विद्यालयों से विज्ञान का जन्म हो और वह वैज्ञानिक मानो देखो अपने यन्त्रों का स्वतः निर्माण करने वाला हो और निर्माण करके सूर्य की ऊर्ज्वा

के साथ में यन्त्रों का गमन करना होना चाहिए। क्योंकि सूर्य की ऊर्ज्वा के साथ में जब यन्त्र लोकों की परिक्रमा करता है मानो देखो वह लोकों को जानने वाले यातायातों को जन्म देता है इस प्रकार का विज्ञान राजा के राष्ट्र में होना चाहिए और राजा के राष्ट्र में मानुर्याग होने चाहिए क्योंकि मानुर्याग उसे कहते है, अस्त्रों-शस्त्रों की विद्या राजा के राष्ट्र में राजकुमारों में होनी चाहिए और राजा स्वयं उस प्रकार के मानो देखो वह यन्त्रों को जान करके अपने राष्ट्र और मानवीयता को ऊंचा बनाने में लगे रहे। तो इस प्रकार देखो मुनिवरो! उपदेश दे करके और यह कहा कि राष्ट्र के माध्यम से ही विज्ञान पराकाष्ठा में होना चाहिए और मानुर्याग होना चाहिए। जिस मानो मानुर्याग के द्वारा प्रत्येक मानव देखो ब्रह्मचारी अपने में पवित्रता का संदेश दे करके अपने राष्ट्र को उन्नत और अपने राष्ट्र को पवित्र बनाने वाला हो। मेरे प्यारे! यह वाक उच्चारण करके उन्होंने कहा और विद्यालयों में देखो ब्रह्मचारी और आचार्य दोनों नैतिकता में तपे हुए होने चाहिए और जब नैतिकता में तपा हुआ समाज होता है तो उस समाज में मानो देखो कुरुतियों का जन्म नहीं होता। इस प्रकार मुनिवरो! देखो महर्षि-भारद्वाज अपने वाक् उच्चारण करके वह भी अपने कक्ष में विद्यमान हो गये।

महाराजा-अश्वपति की शिक्षा

इतने में बेटा! महाराजा-अश्वपति उपस्थित हुए और महाराजा-अश्वपति ने कहा क्या भगवन! मैं इस देखो बुद्धिमानों और विवेकी पुरुषों की सभा में मैं क्या उद्गीत गा सकता हूं मेरा तो यही है क्या राजा को राष्ट्र का अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए जो राजा यह चाहता है कि मैं अपने राष्ट्र को उन्नत बनना चाहता हूं, मैं प्रजा को सुखद बनाना चाहता हूं तो राजा को स्वयं अपने में मानों देखो कला-कौशल करके और अपने में कृषि का उदगम करके उस अन्न को पान करना चाहिए। क्योंकि मैं स्वयं उस अन्न को पान करता हूं समय-समय पर मानो, राजा के राष्ट्र में नाना प्रकार के यागों का विधान होना चाहिए जैसे वृष्टि-याग है, अश्वमेध-याग है, अजामेध-याग है और भी नाना जैसे वाजपेयी और अग्निष्टोम-याग है इस प्रकार के यागों का चयन होना चाहिए और राजा के राष्ट्र में देखो राजा को उस अन्न को ग्रहण करना चाहिए जिस अन्न

से मानो देखो उसकी बुद्धि का पवित्र निर्माण हो क्योंकि मन कि जो उत्पति है वह अन्न के द्वारा होती है इसलिए अन्न पवित्र होना चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो उन्होंने कहा क्या भारद्वाज-मुनि-महाराज यहां विद्यमान है भारद्वाज-मुनि-महाराज देखो शिलस्थन अन्न को ग्रहण करते थे। और उस अन्न को खरल बना करके अग्नि में तपा करके पान करते रहे मानो देखो राजा जब अपने राष्ट्र को त्याग करके भयंकर वन में तप करने चले गये है तो उनका अन्न मानो देखो यही रहा है कहीं वायु का सेवन है तो कही आपोमयी मानो देखो अन्न का सेवन करते रहे खरल बना-बना करके उस अन्न से मुनिवरो! देखो मानव का मन पवित्र बनता है और मन के पवित्र बनने से देखो बुद्धि पवित्र बनती है और बुद्धि से मेधावी आती है और मेधावी से प्रज्ञावी आती है देखो वह वसुन्धरम ब्रह्मा मेधा से देखो वसुन्धरा आती है और वसुन्धरम बुं मेरे प्यारे! देखा प्रज्ञावी पुरुष बन जाता है और राजा जितना प्रज्ञावी होता है उतना उसको ईश्वरीय विवेक होता है और जितना विवेक होता है उतना ही मानो

देखो उसका राष्ट्र पवित्र होता है, वह ब्रह्मवेत्ता राजा होता है।

मेरे प्यारे! देखो राजा महाराजा-अश्वपति ने इस प्रकार अपना संदेश दिया। उन्होंने कहा राजा के राष्ट्र में देवियां भी इसी प्रकार की राजलक्ष्मीया होनी चाहिए जिससे राजलक्ष्मीयां तपस्वी हो और मानो वह तपश्चर से अपनी संतान को जन्म दे सके। क्योंकि माता जितनी तपी हुई होती है माता का जितना भी देखो राष्ट्र में उनका राष्ट्रीयत्व जीवन पवित्र होता है वह माताएं मानो देखो पवित्रता को अपने में धारण करती उनका अन्न, अन्न पवित्र होने से सन्तान को पवित्र बनाया जाता है। मानो देखो याज्ञकाचार्य ने आवृनि देखो वेद-मन्त्रों के माध्यम से इस प्रकार का व्यवधान किया है क्या माता देखो जो अपने गर्भ में अन्तरात्मा में, शरीर में जो मानो बाल्य पनप रहा है, शिशु पनप रहा है देखो माता उसका प्रायः दर्शन करने वाली बनती है। अपने गर्भ में जो माता अपने पुत्रो का, पुत्रियों का दर्शन करती है उन माताओं को देखो यहां संसार में व्रत्यम ब्रह्मा व्रते देखो उनको सन्तान को जन्म देने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। मेरे प्यारे! देखो वह अमृतम राजा ने जहां अमृतमयी इन वाक्यों को उद्गीत रूप से गान-गाने से अमृतम ब्रव्हे देखो गान के रूप में उन्होंने इस प्रकार का उपदेश दिया तो मुनिवरो! देखो राम का और सभी का हृदय पवित्रतता में परिणीत हो गया और यह कहा राजा अश्वपति ने कहा प्रभु! मैं स्वयं मेरी देवी और हम दोनों प्रातःकाल में कृषि का उद्गम करते है और उस अन्न को पान करके जब हम राष्ट्र के क्रियाकलापों को हम पवित्र बनाते है मानो देखो अन्नाम भूतम ब्रह्मे और राष्ट्र में याग करते है जिससे किसी प्रकार की त्रुटि न आ जाये। तो मेरे प्यारे! देखो उनका यह उपदेश जब प्रारम्भ रहा तो मुनिवरो! देखो वह वशिष्ठ इत्यादि प्रसन्न हुए और राजा ने यह कहा कि राजा स्वयं मानो देखो अपने शारीरिक और भौतिक जीवन को ऊंचा बनाए सबसे प्रथम देखो शारीरिक उन्नति करना राजा का कर्तव्य है। उसके पश्चात् वह देखो अमृतम जब शरीयणाम ब्रहे आत्मा का उत्थान हो जाता है आत्मा बलिष्ठ हो जाता है मानो देखो शारीरिक और देखो आत्मिक चेतना उसकी पवित्रता को धारण करती है इन्द्रियों पर जय होता रहे तो वह राजा अपने राष्ट्र को ऊंचा बनाता है। मेरे प्यारे! देखो यह महाराजा-अश्वपति यह उच्चारण करके बोले कि राजा के राष्ट्र में राजा भी स्वयं ब्रह्मत्व को प्राप्त होना चाहिए और यदि राजा ब्रह्मत्व को प्राप्त नहीं होगा तो राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण भी नहीं होगा। तो इसीलिए उसका मन, मस्तिष्क मेधावी रहना चाहिए प्रज्ञावी और मुनिवरो! देखो वह मेधाम भूतम ब्रह्मा वसुन्धरम ब्रह्मे वसुन्धरावि रहना चाहिए। जिससे बेटा! देखो राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण जो कर्मकाण्डी उसके समीप आये वह भी यह उच्चारण अपने मन में विचारे कि मैं राजा के समीप कोई अशुद्ध वाक् न प्रगट कर जाऊं जिससे राजा मेरी अशुद्धियों को अपने में धारण करें और वह मुझे मानो किसी प्रकार का दण्डित कर दे। मेरे प्यारे! देखो राजा यदि अपने राष्ट्र में ब्राह्मणों का निर्वाचन करता रहा है। और वह राजा जो ब्राह्मण है परन्तु उसकी परीक्षा देखो वर्ष में एक समय उनकी परीक्षा का समय आता है तो राजा के समीप उन राजा ब्रह्मवेत्ता होने चाहिए इसीलिए देखो राजा के राष्ट्र में ब्रह्मणत्व की आवश्यकता है। मेरे प्यारे! देखो महाराजा-अश्वपति इस प्रकार का उपदेशम ब्रह्मा वाक् उच्चारण करके उन्होंने एक वाक् और कहा कि राजा के राष्ट्र में विद्यालयों में राजा को जाना चाहिए प्रत्येक विद्यालय में और वहां जा करके उन्हें यह मानन ब्रह्मा देखो कि उनके यहां किसी प्रकार की चंचलता तो नहीं है विद्यालयों में। मेरे प्यारे! देखो यदि ब्रह्मचारियों के समीप आचार्यो की चंचलता होगी या उनके द्वारा मानो देखो प्रतिशोध, काम, क्रोध लोभ हो गया होगा तो मानो देखो विद्यालय में ब्रह्मचारी कदापि भी ऊंचा नहीं बन सकेगा। चंचल भावना उत्पन्न हो गयी है तो वह उनके विचारों के अन्तःकरण में स्पर्श होते रहे है, और उनके विचारों में इस प्रकार राजा के राष्ट्र में यत्र होने चाहिए वह यत्र

विद्यालयों में रहने चाहिए। मुनिवरो! देखो जैसे कोई अशुद्ध चंचलता आचार्य में आ जाये या ब्रह्मचारी में आ जाये उनके चित्र मुनिवरो! देखो उसी चंचलता को लिए हुए भाव को ले करके ही मानो देखो वह चंचलता के विचार जब आते है तो बेटा! उनका बहिष्कार करना चाहिए। मेरे प्यारे! मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नहीं मैं यह उच्चारण कर रहा हूं यदि समाज को ऊंचा बनाना है अन्यथा राजम ब्रह्मा राजा को ऊंचा बनाना चाहिए, राजा देखो अपने यहां विज्ञान और मानवीयता के लिए ज्ञानम भूतम ब्रह्मा मेरी पुत्रियों का जीवन पवित्रतता में राजा के संरक्षण उनके ज्ञान-विज्ञान के द्वारा होने चाहिए। मेरे प्यारे! देखो इस प्रकार का महाराजा अश्वपति ने अपना वाक् प्रगट करते हुए उन्होंने कहा कि अपने शान्त और इन्द्रियों पर विजय और बौद्धिक और शारीरिक सर्वत्रता का उन्नत होना राजा का कर्तव्य है। मेरे प्यारे! वह अपने कक्ष में विद्यमान हो गये। विद्यमान हो करके मुनिवरो! देखो अपना-अपना उन्होंने मन्तव्य प्रगट किया और एक ही वाक् को ले करके सम्भूति ब्रह्मा वर्णोसुते।

महर्षि-प्रवाण-जी की प्रसन्नता

इतने में बेटा! महर्षि-प्रवाण-जी उपस्थित हुए और महर्षि-प्रवाण ने यह कहा है क्या समय वेताम् समाव्रतम ऋतम दक्षपय वां क्या हे राजो, हे प्रजाओं! आज हमारा यह बड़ा सौभाग्य है जो राम जैसे सखा मानो उनका राज्यभिषेक होने जा रहा है और हमारा यह सौभाग्य है क्या ऐसे तपस्वी राजा जो मानो देखो बारह वर्ष का अनुष्ठान करने के पश्चात् उन्होंने देखो इस राष्ट्र, अपनी वेदि को अपनाने का प्रयास किया है। हमारा यह बड़ा सौभाग्य है, हम बड़े सौभाग्यशाली है प्रजा अपने में बड़ी सौभाग्यशाली रहती है जब इस प्रकार के तपस्वी राजा हो क्योंकि तपस्वी तपस्वी का ही विचार-विनिमय करता रहता है और वह तपस्वीयों की रक्षा करता रहता है राजा, तो इस प्रकार का राजा के राष्ट्र में आपति ही नहीं होता जो राजा स्वयं तपस्वी होता है वह मानो देखो उस राजा के राष्ट्र में आपति काल नहीं आता। आपति काल जब आता है जब राजा स्वयं अपने में देखो राजा नहीं रहता वह दूसरों की प्रजा के वैभव को अपने में संग्रह करने वाला बनता है। तो प्रजा में मानो उसके प्रति रक्त भरी-वन्ति आ जाती है और देखो प्रजा मंगलम ब्रह्मे वह रक्तमयी क्रांति आ करके देखो राष्ट्रीयता नष्ट होने के लिए तत्पर हो जाती है। तो इस प्रकार मानो देखो राष्ट्रम ब्रह्मा ऋतम देवो तो राष्ट्र देखो अपने में भ्रष्ट हो जाता है। इसीलिए राजा, जब तपे हुए होते है और राजा इन्द्रियों पर विजय करने वाले होते है और स्वयं अपने में कृषि का उद्गम करके जैसे महाराजा अश्वपति ने कहा है ऐसे राजा मानो देखो अपने को अपनी प्रजा को ऊंचा बनाते है, तपस्या में परिणीत कर देते है मानो देखो इस प्रकार वह उच्चारण करते हुए वह भी अपने कक्ष में विद्यमान हो गये।

महर्षि-अंगिरस-मुनि-महाराज का आशी-वचन

मेरे प्यारे! देखो अंगिरस-मुनि-महाराज ने यह कहा कि मैं तो पूर्व ही यह कहता रहता हूं कि देखो यहां तपश्चर होना चाहिए। जब हमने देखो शृंगी ने और हमने, दोनों ने याग किया था पुत्रेष्ठि तो उस समय कौशल्या ने हमे दक्षिणा प्रदान की थी और वह दक्षिणा में हमने यही स्वीकार किया था क्या हमें तो मानो देखो ऐसे सन्तान को जन्म देने की प्रतिज्ञा करो, संकल्प करो जिससे देखो वह राष्ट्रीय ऐश्वर्यो मे न परिणीत हो जाये। वह कौशल्या ने हमें दक्षिणा में प्रदान की और वह स्वयं तपस्वी बनी। क्योंकि माता तपस्वी होगी तो देखो माता के गर्भ से महान पुत्रों का, तपस्वीयों का जन्म होगा और यदि माता तपस्विनी नही होगी सन्तानों का जन्म होगा वह सन्तान देवियों के शृंगारों को हनन करने वाला बनेगा। मानो देखो राष्ट्र में, समाज में अराजकता आ जायेगी और समाज मानो देखो अपवित्र बन जायेगा। मेरे प्यारे! यह महर्षि ने, अंगिरस ने यह अपनी चर्चाएं की।

अंगिरस ने कहा क्या मेरे विचार में तो यह आता है कि जितने भी पाण्डित्व है, वह तपस्वी है वह याग करते समय देखो संकल्प कराते चले जाये, दक्षिणा में देते चले जाये कि हम यह चाहते है, हम देखो तुम्हारे गृह को उज्ज्वल और प्रकाश में लाना चाहते है। मानो देखो इस प्रकार के वाक उच्चारण करके उन्होंने कहा राम जैसे सखा का यह जन्म है और यह हम बड़े सौभाग्यशाली जो इतना महान तप करने के पश्चात् वह अपनी राष्ट्रीयता को अपनाने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार बेटा! उच्चारण करके वह अपने ही आसन पर विद्यमान हो गये। मेरे प्यारे, यह तो ऋषि-मुनियों का अपना-अपना विचार है उन्होंने अपना-अपना राष्ट्रीयता और मानव-समाज के लिए उन्होंने अपना-अपना उपदेश दिया और अपने-अपने वाक प्रगट किए बेटा! देखो इसमें बहुत से विचार रह गये है। विचार केवल यही है कि राजा, राष्ट्र जब आज के हमारे वेद के पठन-पाठन में राष्ट्र की चर्चाए आ रही थी और वह राष्ट्र की चर्चाएं ये कि राजा अपने में जय हो और परमात्मा का चिन्तन करने वाला हो क्योंकि परमात्मा निरभिमानी है इसलिए राजा को निरभिमानता से लेना चाहिए। राजा इस संसार को धारण कर रहा है इसीलिए वह अपने सर्वत्र राजा को भी देखो, अपने में राष्ट्र को, राजा को धारण करना चाहिए और राजा स्वयं और मानो देखो स्वयं प्रजा से कुछ नहीं चाहते वह स्वयं मानो देखो इसी प्रकार राजा अपनी कुशलता में पूर्णता का अपना परिचय देता रहे। तो इस प्रकार मुनिवरो! देखो उन्होंने उच्चारण करके ऋषि-मुनियों ने अपने विचार, देखो अपने-अपने विचार देखो सब शान्त कर दिये। उन्होंने कहा राजा के राष्ट्र में समय-समय पर ब्रह्मवादियों की चर्चा होनी चाहिए जिससे राजा में देखो ब्रह्मवेत्ता बनने की क्षमता बनी रहे और ब्रह्म का उपदेश बना रहे। तो इस प्रकार विचार मेरे प्यारे! देखो अपने में महानता को ले जाते है और राष्ट्र और समाज दोनों पवित्र बनते है। उस समाज में मुनिवरो! देखो प्रत्येक गृह अपने में मुनिवरो! देखो सामाजिक और जिस सामाजिक आत्मिक उन्नति करता हुआ समाज अपनेपन को प्राप्त हो जाता है। तो इस प्रकार का मुनिवरो! देखो अपना-अपना मन्तव्य दे करके ऋषि-मुनि अपने अपने कक्ष में विद्यमान हो गये और विद्यमान हो करके अपने में सान्तवना को प्राप्त होते रहे। तो आज बेटा! देखो मैं कोई व्याख्यता नहीं हूं मैंने तुम्हें वह विचार दिए है कि सभा में, राष्ट्रीय सभा में अपने अपने प्रजा के विचारों को राजा को अपने में धारण करना चाहिए। उनके विचारों को अपने विचारों से सन्तुलना करके अपने को ऊंचा बनाना चाहिए। बेटा! चाहे वह वैज्ञानिक विचार हो चाहे वह देखो वह मानो चाहे ब्रह्म ज्ञानी विचार हो, चाहे राष्ट्रीय अनुशासन के विचार हो, चाहे इन्द्रियों को जय करने के विचार हो उन सर्वत्रतता को राजा को समय-समय पर अपने राष्ट्र में अपना करके उनमें बेटा! देखो समाज सदैव नवीन बनता है, विचारों से नवीनता को प्राप्त होता है और वेदज्ञ बन करके अपने को प्रकाश में ले जाता है। तो यह है बेटा! आज का वाक। अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें आगे की शेष चर्चाएं कल प्रगट करूंगा। क्योंकि यह तो उनके यहा! समय-समय पर विचार होते रहते थे और उन विचारों का जो समूह है वह एक महानता में गमन करता रहा है। बेटा! तो आज का विचार क्या कि हम मुनिवरो! देखो अपने में महान बनने के लिए नाना प्रकार के विचारों को अपनाये और वह परमात्मा से प्रत्येक विचार सुगठित होना चाहिए जैसे मानव की प्रत्येक इन्द्रिया मन से सुगठित होती है तो उनका मन इस शरीर रूपी रथ का सार्थी कहलाता है। इसी प्रकार अपने सार्थी से बन्धा हुआ प्रत्येक इन्द्री जय बन करके बेटा! अपने को प्राप्त हो जाता है। यह है बेटा! आज का वाक अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हे शेष चर्चाएं कल प्रगट करूंगा। आज का विचार समाप्त। अब वेदो का पठन-पाठन। अच्छा भगवन्! दिनांक 16-1-1992 स्थान : मकनपुर, गाजियाबाद।

४ अनुष्ठान 17 01 1992

जीते रहो, देखो, मुनिवरों आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे यह भी तुम्हे प्रतीत हो गया होगा आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा महिमावादी है ओर उसी के जगत में हम सदैव विद्यमान रहते हैं मानो उसकी महिमा इस सर्वत्र ब्रह्माण्ड में ओत-प्रोत है और अपने में ही मानो वह समाहित रहती है विचार आता है कि हम परमपिता परमात्मा कि महिमा का सदैव गुणगान गाते रहे क्योंकि उसी का गुणाध्यानम करना प्रायः हमारी आत्मा में उन्नत प्रह्ना प्रकाशम व्रहा आत्मा में प्रकाश आता है तो इसीलिए प्रत्येक मानव को प्रकाशक बनना ओर प्रकाश मं रत्त रहना ही उसका कर्तव्य माना गया है। तो आओ मुनिवरों आज का हमारा वेदमन्त्र हमें क्या प्रेरणा दे रहा है क्यांकि प्रत्येक वेदमन्त्र हमें कोई न कोई प्रेरणा देता रहता है ओर हम मानो प्रेरणा को प्राप्त करते हुए उसमें प्रेरित होते हुए अपने विचार ओर अपनी मानवीयता को उसी के आधारित मानो अपने जीवन को उन्नत बनाते रहे। प्रायः मानव सृष्टि के प्रारम्भ से ही मानो अपने में विचार-विनिमय करता रहा है ओर नाना प्रकार के अनुष्ठान करता रहा है अनुष्ठान कही मानो वह वाणी के द्वारा अपना अनुष्ठान करता रहा है ओर कहीं नेत्रों के द्वारा अपना अनुष्ठान करता रहा है ओर कहीं घ्राण व त्वचा के द्वारा अपने में अनुष्ठानित रहा है। यह विचार रहा है कि मैं अनुष्ठान करूं। मेरी इन्द्रिय मानो पवित्रता को धारा करती रहे, मेरा इन्द्रियम मंगलम ब्रहे सम्भवाः ओर इन्द्रिया पवित्रता में रत्त हो जाएं। क्योंकि हमारे यहाँ जब परमपिता परमात्मा ने इस संसार का निर्वाचन किया तो मानो वह अपने में बड़ा पूर्णता को प्राप्त होता रहा है ओर प्रत्येक मानव का अंग-प्रत्यंग का निर्माण किया। वह इतना विशाल निर्माणवेत्ता है क्या वह निर्माण करता हुआ कितना चिन्तन और कितनी महानता मे अपने को लिए हुए जब बेटा! इसका निर्माण का इसकी प्रतिभा को साक्षात्कार में दृष्टिपात कराई।

ऊर्ध्व गति

तो आओ मेरे प्यारे! विचार-विनिमय क्या है मै। इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नही केवल यह क्या प्रत्येक साधक यह चाहता है कि मेरी इन्द्रियां पवित्र हो जाए। जो भी अनुष्ठान रने वाला है चाहे वह भयंकर वनों में अनुष्ठान कर रहा है, चाहे वह गृह में अनुष्ठान कर रहा है किसी भी प्रकार का अनुष्ठान हो परन्तु उसके मन की एक ही पुकार है, उसके मन की एक ही मनत्वा है क्या वह अपने को महानता में ले जाना चाहता है ओर अपने को मानो देवत्व बनाना चाहता है। तो आओ मेरे प्यारे! मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा न देता हुआ केवल यही कि प्रत्येक मानव को अपनी मानवीयता उस प्रभु के संरक्षण में ले जानी चाहिए।

राष्ट्र को ऊँचा बनाना

तो आओ मुनिवरों देखो, आज मैं इसमें व्रत्यम् भवितम् ब्रह्मा वेद का वाक् यह कहता है हे मानव तू अपने जीवन में मानवीय राष्ट्र को ऊँचा बना क्यांकि राष्ट्रीयता उसी में पवित्रता को धारण करती रही है ओर प्रत्येक इन्द्रियों को मानो देखो, अनुष्ठानित बना जिससे प्रत्येक इन्द्रियों का विषय तेरे द्वारा मानो एकत्रित हो करके वह हृदय रूपी यज्ञशाला में मानो दख्ेो वह समाहित हो जाए ओर उसी में वह अपने में अपनेपन को ही धारण करता रहे। आओ बेटा! देखो, इस सम्बन्ध में विचार-विनिमय क्या कि हम अपने में अपनेपन को अपने इस परमपिता परमात्मा के अमूल्य जगत के ऊपर विचार-विनिमय करते रहे ओर अपने को अपनेपन में ही मानो धारयामि बनाते रहे। तो आओ बेटा! देखो, आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा नही प्रगट करना चाहता हूँ तुम्हें

उसी राष्ट्रीय विचारों में ले जाना चाहता हूँ जहाँ बेटा! देखो, राष्ट्र जब ऊँचा बनता है और राजा बनना चाहता है तो उस राजा के राष्ट्र में ब्राह्मण होने चाहिए और ब्राह्मण कैसे हो, ब्राह्मण ब्रह्मे ब्रह्मज्ञान सवतप प्रह्ना जो ब्रह्म को जानने वाले हो मानो जो माताओं के गर्भ से उत्पन्न होने वाले ब्रह्मवेत्ता हो मानो देखो, वह ब्राह्मण कहलाता है मेरे पुत्रों! देखो, जैसा याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने वर्णन करते हुए कहा हे कि ब्राह्मण कौन है तो वह कहता है ब्रह्म जानाति ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानने वाला है। आगे वेद का ऋषि कहता है ब्राह्मण कौन है? जो ब्रह्म को अपने में और अपने को ब्रह्म में जो स्वीकार करता है वह ब्राह्मण कहलाता है मेरे पुत्रों! देखो, वह ब्राह्मण की विवेचना करने वाला अपने में ब्रह्मवेत्ता कहलाता है इसीलिए राजा कौन है? वेद का मन्त्र कहता है, कि राजा कौन है, पर वह कहता है कि जो अपने शरीर रूपी जो यज्ञशाला है, शरीर रूपी जो उसका साम्राज्य है जब तक उसका साम्राज्य शरीर ऊर्ध्वा में नही होगा और संयमी और मानो विजय करने वाला नही होगा तब तक वह राजा नही होगा, वह राजा अमृत कहलाता है और वह राजा राष्ट्र को ऊँचा बनाता है क्योंकि राजा का कर्तव्य है कि अपने को अपनेपन में धारण करता हुआ समाज को उन्नत बनाता रहे। तो बेटा! देखो, मैं राष्ट्र की चर्चा कर रहा था, विचार-विनिमय क्या मुनिवरों देखो, महात्मा अंगिरस मुनि महाराज ने अपना मन्तव्य दिया और अंगिरस ने यह कहा क्या राजा के राष्ट्र में समय-समय पर मानो पुत्रेष्टि यागों के कर्मकाण्ड वाले ब्राह्मण होने चाहिए, मानो देखो, ब्राह्मण जो कर्मकाण्ड से मानो ओत-प्रोत होते है। वही समाज को ऊँचा बनाते है।

ब्रह्मवेत्ता के दर्शन

मेरे प्यारे! देखो, मुझे स्मरण आता रहता है कि जब माता मदालसा मुनिवरों देखो, अपने पुत्र को अपने गर्भस्थल में जब उसे ब्रह्मवेत्ता निर्वाचित किया। तो ब्रह्मवेत्ता जब बन गया तो मुनिवरों देखो, वह केवल चार वर्ष का ब्रह्मचारी, पांच वर्ष का जब हुआ तो मेरे प्यारे! वह ब्रह्म का ब्रह्म को जानने वाला है माता के प्रश्न कर रहा है माता उत्तर दे रही है तो मुनिवरों देखो, एक समय महाराजा सोमकेतु राजा के मन में यह विचार आया क्या माता मल्दालसा का पुत्र पांच वर्ष में ही ब्रह्म वेत्ता बन गया हैं मैं उसके दर्शन करने चलूं क्योंकि ब्रह्मवेत्ता का दर्शनार्थ पान करना भी मानव का एक सौभाग्य माना जाता है। तो मेरे पुत्रों! देखो, राजा श्येनकेतु अपने आसन को त्याग करके मुनिवरों देखो, वह मन्त्रियों सहित गमन करता है औ गमन करते हुए बाल्य मानो उस समय अपने सहपाठियों में मुनिवरों देखो, क्रीड़ा कर रहे थे। जब उन्होंने कहा कि महाराज यह ब्रह्मचारी है, जो माता मल्दालसा का पुत्र, ब्रह्मवेत्ता है। ब्रह्म की ही मानो देखो, आभा में रत्त रहता है तो राजा ने उन्हें मन ही मन में ऊर्ध्वा शब्दों में भी उन्हें नतमस्तिष्क हुए और नतमस्तिष्क हो करके राजा, मानो ब्रह्मचारी मौन हो कर वह ब्रह्मचारी अपनी क्रीड़ा करता रहा तो राजा ने कहा हे ब्रह्मचारी! तुमने मेरा कोई वादन नही किया है तो उस समय ब्रह्मचारी कहता है महाराज मैं किस शब्दों में तुम्हारा वादन करूं। उन्होंने कहा ब्रह्म वर्णा सुतं एक वेदमन्त्र उन्हें उच्चारण किया हृदयसुतम हृदयमान ब्रह्मे ऋतम हृदय वर्णानं ब्रह्मे कृता वह कहता है कि मैं किस शब्दों में देखो, मैं तुम्हारा वादन कर सकता हूँ। जब तुम मानो देखो, राष्ट्र से चले हो और यह इच्छा करके चले हो कि मैं ब्रह्मवेत्ता का दर्शन करना चाहता हूँ तो उस समय देवताओं के आसन भी मानो देखो, अपनी स्थलियों से अपने में ही मानो देखो, ओजस बन गये हे राजन! जिस समय तुम्हारे हृदय मे जो देवता क्रियाकलाप कर रहेर हैं वह देवता अपने में मौन हो गये थे क्या राजा एक ब्रह्मवेत्ता का दर्शन करने जा रहा है मानो देखो, जब देवताओं ने तुम्हारा देखो, वादन किया मैं किस शब्दों से तुम्हारा देखो, वादन कर सकता हूँ। मेरे पुत्रों! देखो, मैं उन शब्दों से तुम्हारा कोई वर्णन नही कर सकता क्यांकि जो वह वादन किया वह अवर्चनीय शब्द है वह तुम्हारे

हृदय ममें जो देवता क्रियाकलाप कर रहरे है वह देवत्व की अपने में धारणा को ले करके अपने वाक् उच्चारण कर रहे है। तो मेरे प्यारे! देखो, राजा के राष्ट्र में राजा को स्वयं ब्रह्मवेत्ता बन करके मुनिवरों अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहिए। अपने हृदय प्रमाण ब्रह्मे हृदय रूपी यज्ञशाला को ऊँचा बनाये। तो मेरे प्यारे! देखो, माता यह होती है तो मुनिवरों देखो, अपने बाल्य को अपने गर्भस्थल में अपनी लोरियों का पान करा करके उसे ब्रह्मवेत्ता बना देती है और ब्रह्म का वह जिज्ञासु बन करके यथार्थी बन करके और मानो देखो, वही सहवृत्ति बन करके मुनिवरों देखो, अपने में वृत्तियों का धारण करता रहा है तो विचार आता रहा है कि मुनिवरों देखो, हमारे यहाँ विचारवेत्ता कहते हैं कि हम अपने में ही मानो देखो, उस प्रकार का वादन करने वाले बने तो राजा जब मौन हो गया। राजा ने कहा तुम्हें धन्य है। वास्तव में तुम ब्रह्मवेत्ता हो क्योंकि ब्रह्मवेत्ता जैसे तुम्हारे शब्द है तुम बाल्यों में क्रीड़ा अवश्य कर रहे हो क्योंकि अभी बाल्य है परन्तु बाल्यों में मुनि कहलाते हो इसीलिए मैं तुम्हारा देखो, वादन कर रहा हूँ। तो राजा ने उस ब्रह्मचारी के चरणों का अनुमोदन किया और देखो, यह कहा कि धन्य है ब्रह्मचारी।

माता का तप

तो मेरे प्यारे! विचार-विनिमय क्या वेदमन्त्र कहता है कि क्या सबसे ऊर्ध्वा में गमन करने वाला वह मानव है जो ब्रह्म में लीन रहने वाला, ब्रह्म में ओत-प्रोत रहने वाला है माता वह सौभाग्यशालीनि होती है जिनके गर्भ में ब्रह्मवेत्ता पुत्रों! का जन्म हो जाएं और माता का हृदय भी मानो देखो, देवता उसकी प्रशंसा करते रहते हैं। तो मेरे प्यारे! देखो, मैं राजाओं की चर्चा कर रहा था कि भगवान राम के यहाँ जब तपस्या करने के पश्चात ब्रह्मवेत्ताओं का, देखो, राजाओं का सर्वत्र मानो देखो, सभा हुई। तो सभा में मुनिवरों देखो, वह महर्षि अंगिरस ने कहा हे राजन! हम बड़े प्रसन्न है मानो देखो, माता का तप है, माता का तप विद्यमान है। जिस समय देखो, पुत्रेष्टि याग हुआ था तो पुत्रेष्टि याग में देखो, जब ब्रह्मचारी ब्रह्मवर्चोसी बन गये मानो एक-एक वर्ष तक ब्रह्मवर्चोसी बन गये। बनने के पश्चात पुत्रेष्टि याग हुआ, अनुष्ठान किया गया तो देखो, एक माह और बारह दिवस तक पुत्रेष्ठ्रि याग का देखो, अवधान चलता रहा बेटा! देखो, मुझे वह काल स्मरण है मानो देखो, यज्ञमान उसी तपे हुए जल को पान करते थे तो यज्ञ में तरंगें उत्पन्न होती हैं वह तरंगें जल अपने में धारण करता था उन तरंगों को और अग्नि को कहा जाता है हे अग्नि! तू तपायम ब्रहे अग्नि में ही वह तपता रहा तो जल भी वही पान करना, आहार भी देखो, यज्ञशाला में यज्ञाग्नि में देखो, वह उसी अन्न को तपा करके मुनिवरों देखो, वही पान किया जाता। तो मानो देखो, राजा के हृदय में और देवियों के हृदय में मानो उनके हृदय में तरंगों का जन्म हो जाता है उन परमाणुवादों में एक बलवती शक्ति आ जाएं देखो, जिससेस वह पुत्रेष्टि अपने में सुयोग्यता में परिणत हो जाएं और ब्रह्मचारी इस प्रकार होने चाहिए जिनका ब्रह्मचर्य तेज मानो उनकी वाणी प्रत्येक इन्द्रियों में वह देखो, वह तेजस्वी बनी रहे। तो इस प्रकार अंगिरस ने कहा क्या राम देखो, वह माता कौशल्या ने वही कहा था कि तपो ब्रह्मा तपं दिव्यं ब्रह्मे कृतं देवो राष्ट्रतप प्रह्रा क्या मेरा बाल्य यदि राष्ट्रवेत्ता भी बनेगा तो वह महापुरूष बन करके रहेगा अन्यथा वह तपस्वी बन करके देखो, वनचरों में गमन करके, देखो, अपनी प्रतिभा का प्रसारण करेंगें तो इस प्रकार देखो, माता का यह तारतम्य था कि वह कला कौशल करके द्रव्य का अध्ययन करती थी तो विचार आता रहता है कि देखो, उसी समय जब याग किया गया तो याग में दक्षिणायाम में देहि क्योंकि प्रत्येक मानव देखो, दक्षिणा देना चाहता है। विचार आत रहता है जब कौशल्या जी ने, कौशल्या जी ने याग सम्पन्न होने के पश्चात यह कहा कि हे आचार्य मैं आपको दक्षिणा प्रदान करना चाहती हूँ और वेद मन्त्रों का

उदगीत गाते हुए कहा दक्षिणाम् भवितम् ब्रह्रे व्रतम दिव्यां गतम ब्रह्मा वाचःसुति तो माता कौशल्या ने जब जिन वेदमन्त्रो का उदगीत गाया ओर यह कहा कि हे आचार्य हे आचार ब्रह्मे हे पूज्यपाद मानो जब मैं बाल्यकाल में अध्ययन करती थी तो उस समय मेरे पूज्यपाद इस प्रकार के वेदमन्त्रों का उदगीत गाते रहे हैं ओर उन्हीं उदगीतों को ले करके मैं आपके समीप विद्यमान हूँ उदगीताम् उदगीतम ब्रह्रे उदगम ब्रह्मा वर्णसुते ओर मैं उन्ही उदगीतों को ले करके मेरी इच्छा यह है कि मैं आचार्य को दक्षिणा प्रदान करूं, प्रभु क्या चाहते हैं? उन्होंने कहा दिव्याम्! मानो देखो, जो तुम्हारा हृदय उदगीत गाता हो वही दक्षिणा प्रदान करो। उन्होंने कहा कहो मेरा हृदय क्या चाहता है क्या नही चाहता परन्तु देखो, यह हमारा स्वयं का विषय आप अपने उदगार उदगीत गाईये। तब आचार्यों ने कहा कि मैं हम उदगीत क्या देखे दक्षिणा तो ऋत्याम भूतप प्रह्रा यज्ञमान में जो त्रुटियां होती हैं, यज्ञमान में जो मानो देखे विचारधारा अशुद्ध होती है, मानो देखो, उन त्रुटियों को आचार्य को वह प्रदान करता है वह उसकी सर्वत्र दक्षिणा होती है। तो मानो देखो, तुम आप क्या दक्षिणा चाहते है? तो मंगलम ब्रह्मा व्रतम मेरे प्यारे! तो उन्होंने कहा तो भगवन मुझे मेरे में इस प्रकार की तो कोई त्रुटि नही परन्तु कोई अपना उदगार प्रगट कीजिए। उन्होंने देखो, शृंगी जी ने कहा क्या हे देवी! मानो देखो, इच्छा यह है कि तुम्हारे गर्भ से ऐसी सन्तान का जन्म हो जिससे वह ब्रह्मवेत्ता भी हो ओर ब्रह्मनिष्ठ भी हो ओर मानो देखो, उसकी प्रतिभा चंहु ओर रमण करने वाली हो, उनका संकल्पमयी जीवन हो मेरे प्यारे! ऐश्वर्य में जीवन न हो उस समय माता ने जब यह कहा मंगलम ब्रहे, जब माता ने यह शब्द श्रवण किये तो अपने में मौन हो गयी, उसने कहा आचार्य मैंने यह दक्षिणा में प्रदान कर दिया।

मेरे पुत्रों! देखो, मुझे वह काल तो स्मरण आता रहा है तब माता ने बेटा! वही दक्षिणा प्रदान की। उन्होंने तपस्या की ओर राष्ट्रीय अन्न को ग्रहण नही किया क्योंकि मन की जो उत्पति होती है वह अन्न के द्वारा होती है ओर अन्न जितना पवित्र होता है उतना ही मानो देखो, बुद्धि, मेधा, ऋतम्भरा ओर प्रज्ञावी यह सर्वत्र बुद्धियों का निर्माण होता रहता है ओर वह मुनिवरों दउेखो जय बन जाता है तो इसीलिए मानम् ब्रह्मा देखो, उस अनन को उन्होंने पान करना प्रारम्भ किया। हे माता तू वास्तव में देखो, राम को जन्म देगी तो तुझे कौशल्या जैसा तप करना बहुत अनिवार्य होगा अन्यथा देखो, तेरे गर्भ से सन्तानों का जन्म होता रहेगा परन्तु वह पुनरूक्ति मानव पुनरूक्ति जीवन में रहेगी तो यह सदैव तव ओर आपतियों का एक समूह बनके रहेगी। तो विचार आता रहता है कि माता तपस्वी होनी चाहिए तो बेटा! देखो, उस समय अंगिरस ने सभा में कहा था क्या यह राम का जीवन तो बखान करने की आवश्यकता नही है इनके उदगीत गाने की कोई आवश्यकता नही क्योंकि यह ऋषियों के तप ओर अन्नाद भूतम ब्रह्मे मानो देखो, उनका तप ऋषियों जैसा रहा है माता का जीवन ऐसा रहा है तो इसीलिए देखो, इनको इनका राष्ट्र इनका जो अपना अनुशासन है वह देखो, अपने में अद्वितीय कहलाएगा। यह उच्चारण करके मेरे प्यारे! देखो, अपने कक्ष में विद्यमान हो गये।

महर्षि शृंगी जी की अमृत वर्षा

मेरे प्यारे! देखो, जब यह वाक् प्रारम्भ हो रहा था तो उस समय देखो, महर्षि शृंगी ने कहा अमृतम ब्रह्मा वर्णसुते क्या यह तो वह राम तो अमृतमयी है मानो देखो, यह बाल्यकाल से ले करके ओर यह मानो देखो, अब तक इनका जीवन बड़ा महान रहा है पवित्रता के यह मानो देखो, पवित्रता की एक अवृत्ति एक आभा बन करके रही है तो हे राम हे मंगलम ब्रहे, हे सभासदों मानो देखो, राम का जीवन तो ऋषि-मुनियों का जीवन है, ऋषि-मुनियों की धरोहर है ओर यह धरोहर मानो ऋषियों तक सीमित नही देवताओं तक सीमित रहेगी। यह

उच्चारण करके बेटा! यह भी अपने में शान्त अपने कक्ष में विद्यमान हो गये।

महर्षि वैश्म्पायन के उदगार

जब मुनिवरों देखो, यह वाक् सब ऋषि-मुनियों का विचार-विनिमय प्रारम्भ रहा तो वैश्म्पायन अपने मे उपस्थित हुए और वैश्म्पायन ने कहा क्या हमारा अन्तर्हृदय बड़ा प्रसन्न है और प्रसन्न इसीलिए है क्योंकि राष्ट्र का जो निर्माण वास्तव में जो राजा होते हैं पवित्र उन्हें शासन की आवश्यकता नही होती है वह तो स्वयं अपने पर अनुशासित करते हैं तो समाज अनुशासित हो जाता है। मेरे प्यारे! यह महर्षि वैश्म्पायन ने अपने विचार दिये यदि हम स्वयं अनुशासन करेंगें, हमारा जीवन अनुशासित रहेगा समाज स्वतः ही अनुशासित बन जाएंगा और हमारी इन्द्रियों में से तरंगों का जन्म होता रहेगा तो तरंगों से ही जीवन का निर्माण होता है, तरंगों से मनस्तव आता है देखो, तरंगों से बुद्धित्व आता है इसीलिए तरंगेंवादी बन करके उन तरंगों को धारण करके अपने में महानता का दर्शन करना है। तो मेरे प्यारे! देखो, यह वाक् उच्चारण करके उन्होंने अपना उदगीत गा करके वह भी अपने आसन पर शान्त हो गये।

महाराजा शिव द्वारा अनुमोदन

तो मुनिवरों देखो, इतने में ब्राह्मण विभण्डासकाम् भूतम ब्रह्मे महाराजा अंगरस मुनि महाराज के विचार सर्वत्र के विचारों को श्रवण करने के पश्चात महाराजा शिव उपस्थित हुए और महाराजा शिव ने कहा क्या देखो, हम सभा में विद्यमान हैं जहाँ ऋषि-मुनि, ब्रह्मवेत्ता हैं, मेरी पुत्रियां, माताएं सब ब्रह्मवेत्ता हैं ब्रह्म का बखान करके राष्ट्र की चर्चा होती रही है। मुझे मानो देखो, सबका अनुमोदन करना है क्यों यह जो अयोध्या है इसका निर्माण सबसे पूर्व देखो, अक्षवा मनु ने किया था और मानो देखो, इसमें बहुत से राजा होते चले आये हैं और राजाओं में मानो देखो, साढ़े सात हजार वंशलज मानो देखो, वंश यहाँ मनु जी के इस अयोध्या में राज किया। जब देखो, अयोध्या का निर्माण हुआ तो यह अयोध्या समुद्र के तट पर थी, समुद्र के तट पर यह अयोध्या का वास किया था। उन्होंने क्योंकि भगवान मनु ने जीवन में मानो जीवन को अध्ययन करने से यह प्रतीत हुआ वह कितना अहिंसा परामेधर्म थे। महाराजा मुन जब देखो, वह समुद्र में स्नान करने जाते तो समुद्रों में स्नान करके और संध्या और तर्पण किया करते थे। एक समय तर्पण के लिए जब उन्होंने कमण्डल में जल लिया तो जल में मुनिवरों देखो, एक मछली आ गई। जब मछली आ गई तो कमण्डल के जल से उस मछली ने अमृतम देखो, मछली समुद्र में समर्पित करने लगे। देखो, तब मछली अपने वाक् अपनी वेदना में परिपूर्ण हो करके कहती हे हे राजन! हे मनु राज्य प्रमाणमं ब्रह्मे आप तो राजा बनने वाले हैं पभु मैं आपकी शरण में आई हूँ क्योंकि राजाओं की शरण में आपात काल वाला जाता है हे प्रभु समुद्रों का यह नियम है समुद्रों में जितनी सृष्टि है यह जितने भी प्राणी मात्र है एक मछली देखो, सूक्ष्म मछलियों को आहार करती है और वह प्रबल बन जाती है तो मैं भगवन यह चाहती हूँ कि मैं प्रबल मछलियों का आहार बनना नही चाहती मैं आपकी शरण में आई हूँ मेरी रक्षा करो। तो भगवान मनु ने बेटा! उसके उन शब्दों को ग्रहण किया और ग्रहण करके कुछ समय देखो, वह मौन रहे और वह मौन रह करके कमण्डलू में मछली का स्वागत किया। मेरे प्यारे! देखो, मछली उस कमण्डल में पनपती रही। वह कुछ समय के पश्चात उन्होंने मेरे प्यारे! एक गद्देले का निर्माण किया गद्देला अमृते देखो, उसमें मछली पनपती रही। जब वह मछली पनपती रही तो कालेत्वर ऋषि और मनु जी का दोनों का विचार-विनिमय प्रारम्भ होता एक समय मछली ने कहा हे वेदनित हो करके हे मनु तुम एक नौका का निर्माण करो तो नौका में तुम अपना वास करो क्यांकि कुछ समय के पश्चात देखो, जल पलावन आयेगा। तो मेरे प्यारे!

मनु जी ने एक नौका का निर्माण किया और निर्माण करने के पश्चात उसमें उनका वास होने लगा। कालेत्वर ऋषि और भगवान मनु मानो देखो, उसमें विद्यमान रहते और वह यह कहते कि राष्ट्र कैसे ऊँचा बनेगा। तो उन्होंने कहा कि राजा के राष्ट्र में सबसे प्रथम शिक्षा प्रणाली पवित्र होनी चाहिए और शिक्षा प्रणाली में मानो ब्रह्मचारियों का निर्माण किया जाएं, और निर्माण करके उन्हें शिक्षित बनाया जाएं, उनके हृदयों में मानो देखो, पच्चीस वर्ष तक की आयु तक कोई भी ऐसा व्यवधान, कोई भी ऐसा श्रोत्रों में शब्द क्रियाकलाप नही होना चाहिए जिनसे उनका हृदय मानो कुण्ठित हो जाएं, हृदय में किसी प्रकार की अशुद्ध वेदना प्रवेश हो जाएं तो मानो देखो, इस प्रकार भगवान मनु ने अपना वाक् उच्चारण किया कालेत्वर ऋषि ने उन्होंने और द्वितीय राष्ट्र में यह है कि जो शिक्षा प्रणाली है वह जब ऊँची बनती है जब उसमें वानप्रस्थी और वानप्रस्थियों जिनकी देखो, संसार से जिनका जीवन उपरामता को प्राप्त हो गया वह शिक्षक होने चाहिए। जिससे उनका ब्रह्मचर्य मानो देखो, उनकी संसार में तृप्ति हो गई है और वह तृप्ति देखो, सन्तानों से तृप्ति हो गई है और वह देखो, जब शिक्षक होंगें तो वह तृप्त हो करके मुनिवरों देखो, अपने राष्ट्र को ऊँचा बनायेंगें। मेरे प्यारे! देखो, शिक्षा प्रणाली के लिए कालेत्वर ऋषि और भगवान मनु ने अपना मन्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा चंचल देखो, विद्यालय में देखो, चंचलता नही होनी चाहिए। देखो, ब्रह्मचारिणी, ब्रह्मचारियों का हृदय चंचलवत बन करे और उनमें अशुद्धियों का प्रसार हो जाएं तो ऐसा भगवान मनु ने अपने लेखनियां बद्ध करते हुए अपना विचार वह नौका में निर्माण करते रहते विचारो का उन्होंने कहा उसके पश्चात राजा को मानो जो अध्ययन किया अपने उसने आचार्यों के समीप उन्हीं आचार्यों के समीप अध्ययन की प्रणाली है उसे अपने जीवन में धारण करने वाले हो, क्रियात्मक में मानो देखो, राष्ट्र ऊँचा बन जाएंगा। इस प्रकार कला कौशल स्वयं राजा करने वाले हो, राष्ट्र के प्रजा के वैभव को संग्रह करने वाला राजा नही होना चाहिए, संग्रह करने वाला जो राजा है वह राष्ट्र को अधोगति को पंहुचा देता है। अपने को अधोगति में और देखो, रक्तभरी क्रान्तियों का संचार हो जाता है। मेरे प्यारे! देखो, भगवान मनु ने इस प्रकार और कालेत्वर ऋषि ने अपने विचार और अपना व्यक्तव्य दिया।

तो मेरे प्यारे! देखो, जो इस प्रकार प्रत्येक मानव अपने कर्तव्य का पालन करेगा तो वहाँ शासक की आवश्यकता नही रहती है वहाँ देखो, केवल नियमित जीवन हो जाता है प्रत्येक प्राणी का तो बेटा! देखो, राष्ट्र और शासक वहाँ होता है जहाँ प्रजा कर्तव्य से विहिन होने लगती है, उग्रवाद बन जाता है कर्तव्यवाद से मानो देखो, वृत्ति बन जाते हैं और जब राजा स्वार्थी हो जाता है, तो वह स्वतः अपने राष्ट्र में उग्रवाद चाहता है औरयदि वह देखो, कर्तव्य कापालन करें तो उग्रवाद की उत्पति नही होगी राजा के राष्ट्र में। तो मेरे प्यारे! देखो, वह वाक् उन्हांने उदगीत रूप में गाया। तो विचार-विनिमय क्या मुनिवरों देखो, यह वाक् उन्होंने महाराजा शिव ने यह राम की सभा में अपने वाक् उच्चारण किऐ और उन्होंने कहा कि भगवान मनु और कालेत्वर ऋषि नौका में अपना अमृतम देखे वह जब मछली प्रबल हो गई। मछली के प्रबल होने से मछली ने भगवान से कहा प्रभु आपको मैं क्या अपने उदगार प्रगट कर सकती हूँ क्या मैं अपने समुद्र को जा रही हूँ, राष्ट्र को जा रही हूँ प्रभु मुझे आज्ञा दीजिए अब मैं ऐसी बन गई हूँ कि बड़ी मछली पान नहीं करेगी मैं स्वतः प्रबल हो गई हूँ मेरे प्यारे! देखो, वह नौका अमृतम देखो, नौका में रहना उपदेश्ज्ञ दे गई देखो, चतुदर्शी के दिवस अमुक समय में मानो एक जल प्लावन आयेगा और मेरा हिमालय से मिलान होगा और मेरे मानो देखो, ऊर्ध्वा विभाग में एक सिंग है और उससे नौका को जकड़ देना। मेरे प्यारे! देखो, भगवान मनु ने इन वाक्यों को स्वीकार कर लिया परन्तु मछली समुद्र में चली गई बेटा! वह समय आया, जल प्लावन आया जब जल प्लावन आया तो बेटा! देखो,

समुद्र में नौका देखो, हिमालय के आँगन को वह जाने लगी। मेरे प्यारे! देखो, दोनों का कालेत्वर ऋषि भगवान मनु दोनों विद्यमान हैं मेरे प्यारे! देखो, हिमतालय से उसका मिलान हुआ तो वह मछली वहाँ विद्यमान थी तो मुनिवरों देखो, नौका को जकड़ दिया नौका को जकड़ देने के पश्चात जड़वृत्ति जड़म ब्रह्मा वह जल प्लावन बेटा! कुछ समय शान्त होने लगा नौका भी रमण करने लगी मछली भी अपने समुद्र की तरंगों के साथ में गमन करने लगी। वह नौका देखो, अपने निश्चित स्थान पर नौका स्थिर हो गई।

तो मेरे प्यारे! देखो, मैं इसीलिए इन वाक्यों को उच्चारण कर रहा हूँ क्या भगवान मनु ने उस नौका को अमृत करते मानो अयोध्या का निर्माण किया और अयोध्या का जब तो तब अष्ट चक्रा नौ द्वारा वाली पुरी का निर्माण किया। मेरे प्यारे! देखो, जैसे मानव शरीर परमपिता परमात्मा ने जब निर्माण किया, सृजन किया तो इसमें आठ चक्र हैं नौ द्वार हैं मेरे पुत्रों! देखो, ऐसी यह शरीर रूपी अयोध्या पुरी है ऐसे ही उन्होंने अयोध्या नगरी का निर्माण किया बेटा! उसमें आठ चक्र है आठ चक्र और नौ द्वार थे जहाँ भगवान मनु ने बेटा! अपनी राष्ट्रीय पद्धति का निर्माण किया। मेरे प्यारे! देखो, वह ब्रह्मवर्णा विचार-विनिमय यह मुनिवरों देखो, राजा में इतना अहिंसा परमोधर्म होना चाहिए क्या एक मछली से ले करके देखो, प्राणी मानवत्व की रक्षा होनी चाहिए यदि राष्ट्र को तुम ऊँचा बनाना चाहते हो या इसको महानता में दृष्टिपात करना चाहते हो तो मेरे प्यारे! देखो, वह राष्ट्र पवित्र होता है जिस राजा के राष्ट्र में मानो स्वयं अपने में जय हो करे अपने में अहिंसामयी विचार बना करके बेटज्ञ मछली से ले करके मानवत्व की रक्षा होनी चाहिए। अरे राष्ट्र तो वही ऊर्ध्वा में गमन करने वाला है। मानो देखे गऊम ब्रहे ब्रह्म राजाम् देह मेरे प्यारे! देखो, राजा ने अयोध्या का निर्माण किया और उस अयोध्या में भगवान मनु के देखो, वंशजों ने बहुत समय तक मानो साढ़े सात हजार वंशजों ने बेटा! राज्य का पालन किया क्योंकि राजा से राष्ट्र में जब अहिंसा परामेधर्म होता है बेटा! उसमें नम्रता होती ै, राजा इन्द्रियों पर जय होता है उस राजा की कई हजार प्रणालियां राज करती रहती है। उनको कोई दूरिता को दृष्टिपात करने वाला नही होता। वह स्वयं न तो उग्रवादी बनते हैं न तो उग्रवादी समाज में कोई प्राणी होता है। जब अपने-अपने कर्तव्यवाद में निहित होते हैं और कर्तव्यवाद में वह निहित रहने वाला प्राणीत्व है मुनिवरों देखो, वही समाज को ऊँचा बनाता है।

तो मेरे प्यारे! देखो, वह महाराजा शिव ने देखो, अयोध्या में यह वाक् अपना उदगीत रूप में गाया और उन्होंने कहा यह वह अयोध्या है जिसका निर्माण मानो अद्वा मनु ने किया और मनु ब्रह्मणे व्रतम ब्रह्रे सूर्य से मर्यदेवतम सूर्य के पुत्र कहलाते थे मेरे प्यारे! देखो, अमृतम ब्रह्मण वर्णसुते देवताम् आभ्याम देवो ब्रह्मा तो विचार आता रहता है बेटा! अपने जीवन को ऊँचा बनाना है अपने जीवन और राष्ट्र और समाज को ऊँचा बनाना है तो बेटा! देखो, उसे अहिंसा में, अहिंसा परमोधर्म में रत्त होना होगा और वह अपने को अपने में दृष्टिपात करनेवाला समाज अपने पवित्रता को धारण करने लगता है तो बेटा! मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा प्रगट करने नही आया हूँ यह मानो देखो, सभापति का अन्तिम एक विचार है और उन्होंने यह विचार दिया कि देखो, राम उसी प्रकार अपनी अयोध्या को पुनः से सजातीय बनायेंगें और सजातीय बनाने का अभिप्राय केवल यही है कि राम जैसे सौभाग्य से राजा का जन्म होता है और अयोध्या को सजातीय बनाना यह मानो देखो, हम सब प्राणियों का सौभाग्य है, यह चक्रवृत्ति राजा है। जो राजा बनेंगें जो सर्वत्र पृथ्वी पर राष्ट्र में देखो, अपनी प्रतिभा का जन्म होगा तो मेरे प्यारे! देखो, यह वाक् उन्होंने उदगीत रूप में गाया और यह कहा कि अयोध्या अपने में जहाँ देखो, राजा सगर जैसे राजा महाराजा दिलीप और रघु जैसे जिन महाराजा रघु ने अपने जीवन में देखो,

सर्वत्र याग करते रहते थे, जितना द्रव्य है सबका याग करते रहे हैं महाराजा दिलीप और रघु जैसे जिन महाराजा रघु ने अपने जीवन में देखो, में देखो, सर्वत्र याग करते रहते थे, जितना द्रव्य है सबका याग करते रहे हैं महाराजा दिलीप भी बारह वर्ष तक देखो, कामधेनु देवत्वाम गऊ के पीछे अपने जीवन को व्यतीत कर रहे हैं तो विचार-विनिमय क्या मेरे पुत्रों! देखो, क्या राष्ट्र जब ऊँचा होता है जब राजा स्वयं तपस्वी होता है और अहिंसा परमोधर्मी होता है। भगवान मनु की देखो, विचारधारा क्या-क्या मछली से ले करके और मानवतव की रक्षा करते रहे हैं उन्होंने अयोध्या का निर्माण किया।

तो बेटा! आज मैं विशेष चर्चा न देता हुआ केवल आज यह क्या मुनिवरों देखो, राष्ट्रम् ब्रह्मा वर्णसुते राष्ट्र को देखो, वर्णा है, अपने में धारण करना है मुनिवरों देखो, जैसे कुबेर जैसे राजा भी आ करके नमः करते हो तो मुनिवरों देखो, जब यह समाज पवित्र होता है तो विचार आता रहता है बेटा! देखो, प्रत्येक मानव देखो, अपने राष्ट्र को, अपने जीवन को ऊँचा बनाना चाहता है तो वह ब्रह्मवेत्ता बनने से पाण्डितव से ऊँचा बनता है इसीलिए पाण्डितव होना चाहिए हमारे अन्तर्हृदयों में और वह तपस्वी बन करके अपने जीवन को अनुष्ठानित करता रहे और अनुष्ठान करते हुए सागर से पार होने का प्रयास करे। यह है बेटा! आज का वाक् अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चाएं कल प्रगट करूंगा।

महर्षि वशिष्ठ और महर्षि विश्वामित्र द्वारा भगवान राम का राज्यभिषेक

आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्रायः यह क्या मुनिवरों देखो, महाराजा शिव ने अपना अन्तिम देखो, यह सभात्व का अपना उपदेश दे करके देखो, अपनी उपदेश मंजरी समाप्त करके मुनिवरों वशिष्ठ से कहा तुम राज्यभिषेक करो। तो राज्यभिषेक किया बेटा! महाराजा विश्वामित्र और महर्षि वशिष्ठ ने और देखो, क्योंकि दोनों ही ब्रह्मवेत्ता थे ब्रह्मवेत्ता से निर्वाचन होना चाहिए राजा का, राजा का निर्वाचन जब ब्रह्मवेत्ता करते हैं तो जब राजा सदैव ऊँचा बनता है और राजा देखो, जैसा मुझे इस समय मेरे पुत्र महानन्द जी ने वर्णन कराया कि देखो, आधुनिक काल में राजा का निर्वाचन देखो, साधारण समाज करती है, अपठित समाज करती है तो राजा अपठित समाज को सुखद नही बना सकेगा। विचार-विनिमय क्या राजा का निर्वाचन देखो, ब्रह्मवेत्ताओं के द्वारा होना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन किया और मुनिवरों देखो, अपने में विचार-विनिमय करते कि हम संरक्षक हैं, देखो, राष्ट्र में त्रुटियां नही होनी चाहिए। मेरे पुत्रों! देखो, उस समय राज्यभिषेक किया, राम ने स्वीकार कर लिया सहर्ष ऋषियों के चरणों की वन्दना करते, महाराजा शिव के चरणों की भी वन्दना करते हुए मुनिवरों देखो, अपने-अपने कक्ष में और वह सभा सब समाप्त हो गई।

तो विचार-विनिमय क्या मुनिवरों देखो, हमें अपने जीवन में विचार लेना चाहिए हमारा जीवन मानो जय होना चाहिए और इन्द्रियों को अमृतव को प्राप्त करना चाहिए। यह है बेटा! आज का वाक् अब मुझे समय मिलेगा तो मैं तुम्हें शेष चर्चाएं कल प्रगट कर सकूंगा आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन-पाइन होगा। ओ३म् देवाः आभ्यां मनु गतं आप्यां देवाः ओ३म् यश्शचाम् गायन्त्वा रथं आ पाः रेवाः गायन्त्वा ओ३म् रथं माहं प्राची गतं मां रेवाः अच्छा भगवन दिनांका-17 01 1992 मकन पुर गाजियाबाद

५ गृह निर्माण 20 01 1992

जीते रहो, देखो, मुनिवरों आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे यह भी तुम्हे प्रतीत हो गया होगा आज हमने पूर्व से जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेदवाणी में उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा गृह स्वामी है और यह जो ब्रह्माण्ड है यह मानो देखो, उसक अवृत्व है और वह उसी में मानो वास करता रहता है इसीलिए हम परमपिता परमात्मा का गृह स्वामी कहते हैं। हमारे यहाँ प्रायः जब इन लोक-लोकान्तरों का वर्णन किया जाता है और नाना प्रभु की प्रतिभा का वर्णन आता रहता है तो प्रायः ऐसा वेदमन्त्र हमें प्रेरणा देता रहता है कि जितने ब्रह्माण्ड में ग्रह है, परमात्मा के जगत में जितने भी यह पिण्डाकार ग्रहों का निर्माण किया है, उन सर्वत्र प्राणियों में सर्वत्र ग्रहों में कोई न कोई मानो गृह स्वामी वास करता है परमपिता परमात्मा ने दो प्रकार के ग्रहों का निर्माण किया एक तो यह जो ब्रह्माण्ड है यह ग्रहों का समूह कहलाया गया है गृह पति कहा है और इस मानव शरीर रूपी जब गृह का निर्माण किया तो इसमें जो आत्मा है, वह गृह स्वामी है परन्तु मानव शरीर में आ करके उसमें प्रच महाभूतों के इन शरीर को धारण किया और धारण करने के पश्चात उसमें भी एक पंच महाभूतों के गृह का निर्माण किया।

गृह की व्याख्या

मुझे आज यह प्रेरणा प्राप्त हो रही है क्या इन गृहों के सम्बन्ध में विचार-विनिमय दिया जाएं क्यांकि गृह और गृह स्वामी और गृह स्वामिनी, सर्वत्र मानो इस गृह में वास करते हैं। क्योंकि आत्मा का तो गृह केवल पंच महाभूतों का निर्मित है, परन्तु जब वह इस संसार में भौतिक जगत में आ करके भौतिकता के गृहों का निर्माण करते हैं, तो उस समय उनका गृह स्वामी और गृह स्वामिनी के नामों से मानो उसक वर्णन किया जाता है प्रायः वास्तव में तो यह जो मानव का पंच महाभौतिक जो पिण्ड है इसमें जो आत्म वास करता है, वह स्त्रीलिंग है, और और न पुल्लिंग कहलाता है वह एक रस रहने वाला आत्मा है चेतना है और वह पंच महाभूतों को धारण किए हुए मानो देखो, पिण्डाकार में निहित रहता है, जैसे परमपिता परमात्मा इस पंच महाभौतिक के प्रायः ब्रह्माण्ड को अपने में धारण कर रहा है और यह नाना प्रकार के जो लोक-लोकान्तर है किसी लो में अग्नि प्रधान है तो किसी ग्रह में आपो जल प्रधान है और किसी मण्डल में वायु प्रधान मानो पृथ्वी प्रधान माना गया है तो तीन प्रकार के परमाणुओं से, तीन प्रकार की आभाओं से मानो देखो, गृहों का निर्माण होता है हमारे यहाँ परमाणु तो तीन ही माने गये हैं गुरुतव, तरलतव और तेजोमयी मानो देखो, वायु इनको परमाणुओं को गमन कराती है और अमृतम ब्रह्मा अन्तरिक्ष में ये भ्रमण करते है। तो विचार-विनिमय क्या देखो, मुनिवरों जितने भी यह लोक-लोकान्तर है मानो जैसे चन्द्र मण्डल है अथवा मंगल है और भी नाना मण्डल जैसे बृहस्पति और अरूणधती और देखो, वशिष्ठ का वर्णन आता रहा है परन्तु ध्रुव मण्डल है और ध्रुव मण्डल से ऊर्ध्वागति भागों में आरूणी और आरूणी और अरूणाती आरूणी और मूल नक्षत्रों का वास रहता है और मूल नक्षत्रों के निचले भाग में पुष्प् नक्षत्र और स्वाति ग्रह का भी वास रहता है। मानो इसी प्रकार यह मण्डलों का एक दूसरे का तारतम्य बना हुआ है जैसे माला में एक सूत्र में मनके पिरोने से माला बन जाती है इसी प्रकार लोक-लोकान्तरों की एक माला बन गई है और वह माला मानो देखो, एक दूसरे में पिरोई हुई है तो इसीलिए वह अवन्तिका के रूप में गमन करती रही है।

तो आज मैं बेटा! देखो, इस सम्बन्ध में लोक-लोकान्तरों में न जाता हुआ केवल यह कि यह ग्रह कहलातते हैं जैसे हमारे यहाँ देखे मंगल ग्रह है इसी प्रकार बुध भी ग्रह माना गया है। शनि भी ग्रह माना गया है और मुनिवरों देखो, और भी नाना जैसे शुक्र ग्रह का वर्णन आता है तो हमारे यहाँ देखो, इन लोक-लोकान्तरों का जो एक समूह बन गया है इसमें सब प्राणी वास करते रहते हैं जब मैं बेटा! इन वाक्यों के ऊपर विचार-विनिमय करता हूँ तो विचार आता है कि जब मुनिवरों देखो, सूक्ष्म शरीर वाला आत्म जब यह स्थूल शरीर को त्यागता रहता है तो यह कुछ ग्रहों में भ्रमण करने चला जाता है माना देखो, यह कुछ वायुमण्डल इस प्रकार के हैं जिन वायुण्डलों में यह आत्मा अपने सूक्ष्म शरीर द्वारा वास करता रहता है अथवा भ्रमण करता है तो आज बेटा! इस सम्बन्ध में चर्चाएं नही, केवल यह क्या यह ग्रह हैं, ग्रहों में प्राणी वास करते हैं। जैसे मंगल मण्डल है यह जो मंगल गृह है, इसमें जैसा यह पृथ्वी मण्डल का जीवन है या पृथ्वी मण्डल पर जैसे प्राणी वास करता है, इसी प्रकार मंगल और बुध दोनों में वशिष्ठ अरूणधती इन मण्डलों में इसी प्रकार पार्थिव तत्त्व वाले प्राणी वास करते हैं, तो मानो देखो, वह गृह कहा जाता है ग्रह का अभिप्रायः यह है जहाँ मानव, जहाँ प्राणी गृह बना करके अपना वास करता है। तो मेरे प्योर देखो, मैं आज गृहों के सम्बन्ध में वेदमन्त्र के जो किस प्रकार के संकेत अथवा प्रेरणा मुझे प्राप्त हो रही थी, जहाँ प्रायः ग्रहों का वर्णन आता रहा है। मुझे बहुत सा काल स्मरण आता रहा है ऋषि-मुनियों का प्रायः यातायात भी बना रहा है और वह पृथ्वी मण्डल और मंगल मण्डल के दोनों का यातायात और देखो, वह अरूणधती और वशिष्ठ मण्डल का इनका सबाक यातायात एक कृतियों में विद्यमान रहा है।

महाराजा अर्जुन का मंगल ग्रह में भ्रमण

तो मुनिवरों देखो, जहाँ पार्थिव तत्त्व वाले प्राणी रहते हैं वहाँ विज्ञान भी है, वहाँ अस्त्रों-शस्त्रों की विद्या भी मानो निर्माणित की जाती है। मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जब महाराजा अर्जुन इन्द्र के द्वार पर पंहुचे तो इन्द्र के द्वारा इन्द्र के संरक्षणता में तपस्या की और तपस्या करने के पश्चात अस्त्र-शस्त्रों की विद्या का उन्होंने मानो शिक्षण किया और वह शिक्षा को प्राप्त करते रहे। उसके पश्चात वह अपने यन्त्रों को निर्माण करके मंगल मण्डल में भी प्रायः दे वह भ्रमण करने के लिए और अपने अस्त्रों-शस्त्रों की विद्या पान करने के लिए भी मानो देखो, मंगल में वह पंहुचे। तो आज मैं बेटा! देखो, इस सम्बन्ध में चर्चा नही केवल क्योंकि कई काह तक मुनिवरों देखो, मंगल मण्डल में उनका वास रहा, क्योंकि मंगल मण्डल का जो प्राणी है अथवा वहाँ का जो वायुमण्डल है, वह पार्थिव तत्त्वों से मानो देखो, इसके कुछ समकालीन माना गया है, तो इसी प्रकार जैसे बुध मण्डल का भी और अरूणधती और देखो, वशिष्ठ मण्डल का भी इसी प्रकार वायुमण्डल हमारे यहाँ स्वीकार किया गया है। मेरे प्यारे! देखो, महाराजा शिव और मुनिवरों देखो, उसके पूर्व काल में गणेश जी और महाराजा हनुमान जी दोनों बड़ी मित्रता मानो देखो, विज्ञान की मित्रता इन दोनों की थी, वह समुद्र के तट पर विद्यमान हो करके अन्वेषण करते रहे।

आत्म का गृह

तो आज मैं बेटा! तुम्हें विज्ञान के युग में नही जा रहा हूँ। केवल यह कि मुनिवरों देखो, आज मैं और ऊर्ध्वा में तुम्हें गमन कराना है केवल यह कि हमारा गृह प्रविशाम ब्रह्मा कृति मैं वेद का मन्त्र आता है हे मानव! तू गृह में प्रवेश हो जा और कौन से गृह में प्रवेश हो मानो सबसे प्रथम तू जो परमात्म ने तेरे शरीर रूपी गृह का निर्माण किया है, इस गृह में आत्मा वास करता है तू इसमें मानो प्रवेश कर जब आत्मा इसमें प्रवेशिका को

प्राप्त करता है, तो मेरे प्यारे! देखो, यह ये चेतनित बना रहता है और गृह हैं इसमें पंच महा मानो देखो, भूत जो परमाणुओं का एक दूसरे का समूह बना रहता है जैसे मुनिवरों देखो, हमारे यहाँ पार्थिव जब इसमें तरलतव और तेजोमयी परमाणुओं का मिलान होता है तो उसके पश्चात गुरुतव परमाणु आता है तो यह शरीर का, पिण्ड का निर्माण हो जाता है और पिण्ड का निर्माण हो करके मानो देखो, इसमें पिण्ड को गति देने के लिए मुनिवरों देखो, वायु का व्यवधान होता है और वायु अपने में पांच प्रकार के रूप को धारण करता है और पांच प्रकार का रूप उसका प्राण, अपना, उदान, समान, औऱ व्यान मानो यह पंच महा एक ही वायु के पांच प्रकार के स्वरूप माने गऐ हैं तो हम प्राण शक्ति कहते हैं और वह प्राण मानो देखो, इन पंच महाभूतों में प्रवेश हो करके मुनिवरों देखो,वायु इसमें मिश्रित होती है और जब यह गमन करता है तो मानो देखो, इसको अन्तरिक्ष कहा जाता है तो मेरे प्यारे! देखो, इसी प्रकार जब इसमें देखो, यह गतिवान बन गया और गति आ गई तो मानो देखो, ब्रह्मणे जानाम भूतम ब्रह्मा इसे ज्ञान भी होना चाहिए तो ज्ञान के लिए बेटा! देखो, आत्मा सूत्र बन करके क्रियाकलाप किया और सूत्र बन करके मुनिवरों इन पंच महाभूतों में प्राण में भी गृरुतव परमाणु में भी तेजोमयी और देखो, तरलतव में भी इन सबमें मिश्रित हो करके यह एक धागा बन करके सूत्र बन करे इन सब परमाणुओं को मानो देखो, एक पिण्डाकार के रूप में वर्णित किया। आत्मा इसमें विद्यमान हो करके यह ज्ञान हो गया कि देखो, प्राण परमाणुओं का आवागमन करता है इसका नाम प्राण है अपान का जितना भी फेंकने का दूरित में जितनी शक्ति है, उतना परमाणु जाता है या वृत जाता है तो मानो वह अपान है और व्यान मानो देखो, जो सबमें रमण कर रहा है और समान मुनिवरों देखो, जो सबका निरीक्षण कर रहा है और उदान मेरे प्यारे! जो उदगम ब्रह्मा उदने प्रवाहा कृतं जो चित्त के मण्डलों की भी प्रतिभा लाता है।

बेटा! मैं बड़े भयंकर वन में चला गया हूँ यह वन है एक प्रकार का मानो विचारों के वन में जाता हुआ केवल यह क्या मुनिवरों देखो, इन प्राणों में भी जो उदान प्राण है उन उदान प्राण में एक संस्कार एक चित्त नाम का स्थान माना गया है और जो मेरे प्यारे! आन्तरिक जगत में आता है और ति में जन्म-जन्मान्तरों के संस्कार विद्यमान होते हैं, उन संस्कारों, जो मानो देखो, मन, बुद्धि, चित, अहंकार के रूप में रमण करता हुआ मानो देखो,उसी में वह उदान प्रवेश हो करके मेरे प्यारे! जब इस शरीर को त्यागा जाता है यह गृह को आत्मा त्यागता है तो इस समय मुनिवरों देखो, मनं ब्रहे मन और देखो, यह उदान प्राण के साथ में मन के मण्डल में चित्त का मण्डल देखो, सूक्ष्म रूप से प्रवेश रहता है जब इस शरीर को त्यागता है तो बेटा! वह एक मण्डलात्मक बन जाता है। तो विचार आता है मुनिवरों देखो, यह एक पिण्डाकार बन करके मानो सूक्ष्मतम ब्रह्मां सूक्ष्म शरीर रूप बन जाता है तो विचार आता है मुनिवरों देखो, यह जो गृह है इसमें गृह स्वामी है और यह गृह स्वामी आत्मा है मानो देखो, यह प्राणम ब्रह्मा यह उदान, समान, प्राण और व्यान प्राणों की मुनिवरों देखो, इसमें पुट लगी हुई है तो गति करता है, चिन्तन करता है, मनन करता है, वैज्ञानिक बनता है, दार्शनिक बनता है यह नाना प्रकार की आभाओं में उड़ाप उड़ता हुआ नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों की माला बना देता है।

शरीर का गृह

मेरे पुत्रों! देखो, इस प्रकार जब इसका नृत्त होने लगता है तो उस नृतिका में प्रवेश इसी प्रकार देखो, गृह अनम् ब्रह्मा जब इस मानव शरीर में इस गृह के ऊपर विचार लिया, विचारते उन्होंने देखो, पंच महा पंच महारूपम को ले करके उन्होंने एक बाह्य इस पृथ्वी पर देखो, ए क गृह का निर्माण किया। जो यह शरीर का गृह कहलाता है। शरीर का गृह कौन सा है जहाँ शरीर में वह अपने में देखो, उसमें वास कर सकें। प्राकृतिक

जो नाना प्रकार के प्रकोप हैं, जैसे शीतलता है, उष्णता है और मुनिवरों देखो, जैसे ऋतुएं है मानो देखो, इसमें शरद ऋतु आती है ग्रीष्म आती है और वसन्त आती है और मुनिवरों इन सब ऋतुओं की रक्षार्थ के लिए गृह का निर्माण करता है और गृह अरवणाम् ब्रह्मा देवत्वाम् देवो ब्रह्म इस गृह का निर्माण करके बेटा! देखो, अपने शरीर को वासम् ब्रह्मा देखो, शरीर को आत्मा बनाता है इस मानो देखो, गृह का जो स्वामी है, इस गृह का स्वामी और स्वामिनी मानो दोनों इसमें वास करते हैं और कहते हैं प्रजामयी प्रजाम् भूतम् ब्रह्मा हे प्रभु मानो देखो, हमने इस गृह में प्रवेश किया है तो में अब प्रजा दे। तो वह प्रजामयी देव की उपासना करते रहते हैं तो विचार आता है कि मुनिवरों देखो, यह ग्रह और गृह स्वामिनी के लिए दोनों ने अपने गृह का निर्माण किया। जैसे परमपिता परमात्मा ने इस संसार रूपी गृह का निर्माण किया है, नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों में जो गृह परिणत हो रहे हैं यह उसको संचालित करने वाला है।

इसी प्रकार आत्मा का जो शरीर है। यह गृह यह मानव का शरीर है, पंच महाभौतिक कहलाता है। इसको संचालन करता है। और यह जो पार्थिव तत्त्वों को ले करके इसमें जल है, अग्नि है, और मुनिवरों देखो, इसी में पार्थिवकता है इसी में वायु है इसी में अन्तरिक्ष है तो मुनिवरों देखो, इसका निर्माण उसी प्रकार का है, जैसे शरीर का निर्माण माता के गर्भ में हुआ और माता के गर्भ में इसी प्रकार निर्माण हुआ जैसे परमपिता परमात्मा ने इस संसार रूपी ब्रह्माण्ड का निर्माण हुआ जैसे परमपिता परमात्म ने इस संसार रूपी ब्रह्माण्ड का निर्माण किया है। तो मेरे प्यारे! एक दूसरे के दृष्टिपात करते हुए एक दूसरे का निर्माण हो रहा है तो निर्माण होते यह जो गृह का पंचम भूतम ब्रह्मा यह पार्थिवतकता मेरे प्यारे! देखो, वह अमृतम ब्रह्मे कृतम अवृत्ति देवा जब गृह का स्वामी निर्माण करता है और गृह स्वामिनी का दोनों का अपना एक विचार-विनिमय होता ै हमें एक गृह का निर्माण करें तो गृह का मानो देखो, निर्माण करते। वह मेरे प्यारे! दखे उसका द्रव्य एकत्रित करता है और वह जो द्रव्य है, मानो देखो, सबसे प्रथम वह पिण्डाकार के रूप में गृह को एकत्रति करता है और पिण्डों से बहुत विशाल पिण्ड का निर्माण करता है मेरे प्यारे! गृह एक प्रकार का पिण्ड है और उस पिण्ड में मुनिवरों देखो, जो हमारे स मानव शरीर में गति है या ब्रह्माण्ड में गति है उसी प्रकार देखो, ग्रह में भी इसी प्रकार का गति वर्ण होता रहता है जैसे मानो देखो, इसमें अन्तरिक्ष भी है, इसी में आपोमयी मानो देखो, जल भी है और इसी में मानो पार्थिव तत्त्व भी माना गया है तो यह नाना प्रकार के रूपां में प्रायः हमें दृष्टिपात आ रह है तो विचार आता है वेद का वाक् कहता है गृहणाम् व्रते देवम् गृह स्वामीम् ब्रह्मा प्रजाय देवत्वाम् प्रजम ब्रह्म वह कहता है कि हे गृह स्वामी हे गृह स्वामिनी अब तुम देखो, प्रजा की उपासना करो, हे प्रभु तू हमें प्रजामयी दे जिसमें गृह में मानो प्रजामयी हूँ मैं सन्तान को नही चाहता हूँ मैं प्रजा को चाहता हूँ प्रजा उसे कहते हैं जो मानो देखो, व्यापक रूप में देखो, वह सन्तान रूप में भी मानो देखो, वह सन्तान के रूप में तो निर्मित है, परन्तु देखो, प्रजा के रूप में व्यापकवाद है।

निर्माण करने वाला प्रभु है

तो आज विचार-विनिमय क्या मेरे प्यारे! देखो, यह हमारे यहाँ यह सब ब्रह्माण्ड की ऊर्ध्वा में कल्पना मानी गई है जैसे परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के सृजन करने वाले ने परमपिता परमात्मा ने बेटा! सृष्टि का सृजन किया और सृजन करते हुए शरीर रूपी अमृत का मानो सृजन किया। यह माता ने भी किया है पिता ने नही किया है वह तो केवल एक निमित एक स्थान माने जाते हैं मानव द्रव्य को वनस्पतियों से वह द्रव्य आता है और वनस्पतियों का द्रव्य रेतस के रूप में माता के गर्भस्थल में प्रवेश होता है, परन्तु दख्ेो उसी को ले

करके रेतस के द्वारा परमपिता परमात्मा जो कलाकार है अथवा निर्माण करने वाला वह निर्माण करता है, बुद्धि भी बुद्धि है मेधा है, ऋतम्भरा है, और प्रज्ञावी कहलाती है मेरे प्यारे! देखो, मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार यह चतुष मानो देखो, सबसे प्रथम अन्तःकरण का निर्माण किया जाता है। परन्तु देखो, वह अन्तःकरण को जानने वाली निर्माता है और न मुनिवरों देखे वह पुत्र है माता नही जानती, माता जानती तो अपने पुत्र के आन्तरिक जगत के उस बुद्धि को भी जानती, मन को भी जानती, चित्त और अहंकार को भी जानती यह किस प्रकार का अहंकार इसमें हैं। परन्तु माता नही जानती। इसीलिए निर्माण करने वाला प्रभु है वह चेतन्य देव है, वह निर्माण करने वाला है तो मैं इसीलिए यह कहा करता हूँ हे ब्रह्मवर्चोसी ब्रह्मा वह जो ब्रह्म है वह वर्चस कहलाया जाता है आज हम देखो, उसी की संरक्षणता में रह करके अपने को तेजोमयी बना सकते हैं और वर्चस बना सकते हैं तो इसी प्रकार बेटा! न पिता को यह प्रतीत है जो यह कहता हे कि मैं पिता हूँ और न पिता को यह प्रतीत है कि नेत्रों का निर्माण कैसे होता है, नेत्र से तो मानो ज्योति आती है और वह एक मानो यन्त्र बना हुआ है, यन्त्र मात्र कहलाता हे तो मानो देखो, ज्योति तो कहीं और से आती है ज्योति के निचले विभाग मानो नेत्र गोलकना है, यन्त्र है यन्त्र के पिछले भाग में एक और यन्त्र है, उस यन्त्र के पिछले विभाग में एक ज्योति वर्णकेतु विद्यमान है, वह ज्योतिवान है। आत्मा नही होगी, तो शरीर का गोलकना भी है, पीला पटल भी है, उससे पिछले भाग में यन्त्र भी विद्यमान है, परन्तु देखो, वह ज्योतिवान नही हो रहा है तो इससे हमें सिद्ध हुआ क्या आत्मा ही ज्योतिवान है, आत्मा ज्योतियों का भी ज्योति है जो मेरेपुत्रों! देखो, नेत्रों को ज्योतिवान बनाता है, श्रोत्रों को श्रोत्रवान बनाता है, श्रवण करने की सता प्रदान करता है तो इसी प्रकार मुनिवरों देखो, यह आत्मा इस गृह स्वामी का वह गृह स्वामी बना हुआ है, जैसे मुनिवरों देखो, इस समाज ने अपने में देखो, जैसे गृह अनम ब्रहे गृह स्वामी ने गृह स्वामिनी ने अपना संकल्प बनाया है तो वह संकल्प कहाँ रहता है बेटा! वह संकल्प मानो वाणी में नही रहता वाणी तो माना यन्त्र है उच्चारण करने के लिए वाणी के पिछले विभाग में एक यन्त्र है, जहाँ मानो कहीं से सूचना आती है वह सूचना केन्द्र है और केन्द्र मानो देखो, सूचना भी वह प्रेरणा नही है, वह संकल्प शक्ति नही हैं उससे पिछले में मानो देखो, प्राणत्व और मनस्तव है, मानो देखो, वह भी एक वायु का और देखो, एक प्रकृति का रू है, परन्तु जो आत्मा देखो, जिसको प्रकाश्ज्ञ से संकल्प करता है, उसका नाम आत्मा माना गया है। तो बेटा! हम आत्मा के ऊपर चले जाए तो विचार आता है कि संकल्प का स्वामिनी गृह स्वामी गृह स्वामी जब गृह का निर्माण का संकल्प करते हैं तो संकल्प भी आत्मा से होता है अथवा आत्मा और गृह मानो देखो, का समूह होता है, गृह जो है अमृतम ब्रह्मा, वह जो हृदय है, हृदय ही मानो दखे आत्मा दूतक है आत्मा के प्रकाश और कृतियों को लेकर परमात्मा के हृदय से हृदय का जब समन्वय होता है बेटा! देखो, वह संकल्प पूर्णता को प्राप्त होता है संकल्प प्रमाणाव्रतम देवत्वाम् जैसे माता पिता का संकल्प माता पिता का पुत्र है पुत्रिया हैं ऐसे गृह है मानो देखो, वह पिण्डम् ब्रह्मा देखो, पिण्डोसे पिण्ड का निर्माण हो रहा है। वाह रे प्रभु तू कितना विज्ञानवेत्ता है जब तू विज्ञानवेत्ता बन करके इसका निर्माण करता है, तो पिण्डों का निर्माण करता है, मानो रेतस से रेतस का निर्माण करता है। उग्र से उग्र का निर्माण करता है।

मेरे प्यारे! देखो, आज मैं प्रभु की महिमा का कहाँ तब वर्णन करूं विचार-विनिमय क्या मुनिवरों देखो, इसी प्रकार हमारा जो गृह है और गृह स्वामिनी है उसमें प्रवेश करने का यह कहा कि हे गृह स्वामी तू इसमें प्रेवश कर मानो देखो, जैसे आत्मा का जब देखो, माता के शरीर, माता के गर्भ में प्रवेशिकण भूतम् ब्रह्मा आत्मा प्रवेश करता है, इसी प्रकार जब यह भौतिक गृहों के निर्माण होते हैं, यहाँ आत्मा के सहित पंच महाभौतिक

पिराडों वाला गृह स्वामी बन करके उसमें वास करते हैं जैसे परमपिता परमात्मा स्वयं मानो देखो, गृह का निर्माण होता है, संसार रूपी जब ब्रह्मारड का, गृह का निर्माण हुआ तो वह इसको संचालन करता है, इसको मानो देखो, गतिवान बनाता है और वह पंच महाभूतों के द्वारा गतिवान है, परन्तु देखो, वह जो नियमन करने वाला है वह चेतन्य देव कहलाता है अरे नेत्र तो मानो देखो, दृष्टिपात करते हैं और वह जो नियमन करने वाला है वह चेतन्य देव कहलाता है जैसे मानो सूर्य अपनी आभा में गमन कर रहा है तो गमन तो कर रहा है परन्तु निमय में धारण करने वाला अपने अमुख समय में सूर्य का उदय होगा, अमुक समय पर रात्रि का आवरण आ करके रात्रि आ जाएगी चन्द्रमा में उसकी प्रतिभा उसमें निहित हो जाएगी, चन्द्रमा अमृत बिखरेगा, सूर्य उस समय देखो, रात्रि उसके आवरण में प्रवेश हो जाएगा। तो मानो वह कौन नियमन कर रहा है बेटा! वही तो नियमन करने वालो चेतन्य देव कहा जात है।

प्रजा की उपासना

तो आओ मेरे प्यारे आज मैं तुम्हें इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा नही प्रगट करने आया हूँ। विचार-विनिमय केवल यह क्या हम मुनिवरों देखो, गृह स्वामी और गृह स्वामिनी अपने गृह में मानो देखो, प्रजा की उपासना करे और कहे प्रजा में ही ब्रह्मणा प्रजा में ही देवत्वाय प्रजाम भूतम् ब्रह्मा मानो देखो, हे प्रजाओ! आओ तुम मेरे गृह में वास करो और प्रजा उसे कहते हैं जो सु क्रियाकलाप करने वाला बाल्य, बालिका के रूप में होते हैं वह एक समय प्रजा बन करके रहते हैं और वही मानो देखो, समाज का कल्याण, निर्माण और समाज में मानो देखो, अपनी प्रतिष्ठा को प्राप्त करते रहते है। तो आओ मेरे प्यारे! मैं इस सम्बन्ध में विशेष चर्चा प्रगट करने नही आया हूँ केवल यह कि आज हम बेटा! देखो, अपने इस परमपित ापरमात्मा ने अनूठे ज्ञान को तारतम्य रूप से विचार-विनिमय करते रहे। इसका मानो स्वामी देखो, स्वामिनी दोनों देखो, एक-दूसरे के पूरक कहलाते है।

मानो न किसी कोई आत्माका पुत्र होता है न पुत्री होता है परन्तु देखो, समाजिक जैसे भौतिक पिराड यह संसारम् ब्रह्मे यह गृह का निर्माण पिराड के द्वारा होता है। इसी प्रकार पिराडों के नामो से उदगीत गाये जाते हैं मेरे प्यारे! आज का विचार-विनिमय क्या हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए और देव की महिमा का गुणगान गाते हुए इस संसार सागर से पार होने का प्रयास करें जिससे बेटा! हमारा जीवन एक महानता में प्रवेश करता रहे। एक जीवन सता को प्राप्त करता रहे और अपने में हम स्वामी अपने शरीर के स्वामी बन करके आत्म भूतम ब्रह्मा देखो, आत्मा को जानते रहे और आत्मा के द्वारा परमात्मा को जानते रहे। यह है बेटा! आज का वाक् आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्रायः हमारा यह क्या वेदमन्त्र काबेटा! अनूठे-अनूठे उपदेश देता है उसे हमें धारण करना है और संसार सागर से पार होने का प्रयास करना चाहिए। यह है बेटा! आज का वाक् अब मुझे समय मिलेगा मैं शेष चर्चाएं कल प्रगट करूंगा। ओ३म् देवा आभ्याम् मनुगायन्त्वा रथम्माहम् ग्रहे वरुणा देवाः वाचनम्ः ओ३म् यज्ञश्चारविन्ना रथम आपाः।

६ ब्रह्माण्ड के ऊपर चिन्तनीय बनना है 22 01 1992

जीते रहो! देखो, मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया, हमारे यहाँ परम्परगतों से ही उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा महिमावादी है, और जितना भी यह जड़ जगत अथवा चैतन्य जगत हमें दृष्टिपात आते रहते हैं। इसीलिए उस परमपिता परमात्मा का ज्ञान और विज्ञान अनन्तमयी माना गया है। प्रत्येक मानव परम्परागतों से ही, उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान में लगा हुआ है। परन्तु उसका ज्ञान और विज्ञान अनन्तमयी माना गया है। क्या अन्तिम चरण में मानव मौन हो जाता है। और सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर के वर्तमान के काल नाना विज्ञानवेत्ता हुए हैं। परन्तु कोई विज्ञानवेत्ता ऐसा नही हुआ, जो उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान को सीमाबद्ध कर सके, क्योंकि वह सीमा से रहित है, और उसका ज्ञान और विज्ञान सीमा में आने वाला नही हैं। इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महिमा और उसका प्रायः अपने में वर्णन करते रहते हैं, और गम्भीर मुद्रा मं मुद्रित हो करके उस परमात्मा का ज्ञान और विज्ञान वेद रूपी प्रकाश के माध्यम के उसको जानने का प्रयास कर रहे हैं।

परमपिता परमात्मा से समन्वय

तो आज का हमारा वेदमन्त्र अपने में मानो उद्गीत गा रहा है। और उस परमदेव आनन्द की महिमा का सदैव अपने में बखान कर रहा है। वेदमन्त्र कहता है प्राणम्मे पाहि, उदानम्मे पाहि, चक्षुर्म्मे पाहि, वर्ण ब्रह्वा प्रत्येक मानव अपने में विचारता रहा है कि मैं परमात्मा का चक्षु के द्वार जानना चाहता हूँ। परन्तु देखो, उसको पाने की इच्छा कर रहा है, नेत्रों को शान्त कर लेता है चक्षु, अग्नि के रूप में जब दृष्टिपात करता है। तो वह स्वतः अग्नि जो जाती है। परन्तु जब वह यह कहता रहता है। तो स्वतः अग्नि हो जाती है। परन्तु जब वह यह कहता है कि श्रोत्रम्मेपाहि वह श्रोत्रों के ऊपर चिन्तन करता हुआ परमात्मा को पाना चाहता है। तो वह भी अन्तरिक्ष और दिशाओं का रूप बन जाता है। परन्तु वह कहता है कि घ्राणम्मे पाहि, जब वह घ्राण के द्वारा पाना चाहता है। तो घ्राण स्वतः अपने में वायु का स्वरूप धारण कर लेता है। तो मेरे प्यारे! वह कहता है, चक्षु अमृतम ब्रह्मारसनं ब्रह्वे अवृतम् देवाः यह कहता है कि मैं त्वचा से पाना चाहता हूँ। तो बेटा! वह त्वचा अपने में स्पर्श का अवृत रूप धारण कर लेता है और घ्राण पृथ्वी के रूपों में रत्त हो करके अपने में शान्त हो जाता है। तो विचार आता रहता है कि हम परमपिता परमात्मा को कैसे प्राप्त करें? क्योंकि इन्द्रियों के द्वारा तो उसे पाया नही जाता। चक्षु में जाते हैं। तो अग्नि बन जाती है, और श्रोत्रों में जाते हैं, तो वह दिशा बन जाती है, और रसना में जाते हैं। तो वह रस जल बन जाता है, आपोमयी प्रवेश हो जाता है, और यदि उसको त्वचा के द्वारा पाना चाहते हैं, तो वायु स्वरूप बन जाता है, और घ्राण के द्वारा पाना चाहते हैं, तो वह गुरूतव, पृथ्वीतव में प्रवेश हो जाता है।

मेरे प्यारे! देखो, वेदमन्त्र कहता है कि कैसे प्राप्त करें? तो मेरे पुत्रों! देखो, मुझे वह काल स्मरण आ रहा है, जब मैं याज्ञवल्क्य मुनि महाराज के उस विचार-विनिमय क्षेत्र में विचारकों के द्वारा प्रवेश करते हैं। जहाँ के ब्रह्मचारियों के मध्य में विद्यमान हो करके और ब्रह्मचारी आचार्य जन मानो देखो, एक पंक्ति में विद्यमान हो करके विचार-विनिमय करते रहे हैं। तो याज्ञवल्क्य मुनि महाराज का वह विद्यालय मुझे स्मरण आ रहा है। जहाँ मुनिवरों! नाना ब्रह्मचारी एक पंक्ति में विद्यमान हैं। प्रातःकालीन आचार्य नैतिक शिक्षा में और परमपिता परमात्मा के पाने के लिए सदैव उनका कुछ न कुछ उपदेश होता रहता है। तो मेरे प्यारे! देखो, जब वह आचार्य

प्रातःकालीन एक समय जब वे बेटा! याग के पश्चात उन्होंने ब्रह्मचारियों को उद्गीत गाना प्रारम्भ किया और वेदमन्त्रों में आया सम्भवा प्रवेः व्रातम् तपो वर्णास्सुति देवत्वाम् लोकाः तो उन्होंने यह उद्गीत गाया कि अमृतम् मानो देखो, हम परमपिता परमात्मा की अमूल्य विद्या को अपने में धारण करना चाहते हैं। तो यज्ञदत ब्रह्मचारी ने कहा हे प्रभु! वेद में मन्त्र आया है कि हम नेत्रों से तो विद्या को और देखो, अग्नि को जाना जाता है। उन्होंने कहा हे प्रभु! हम श्रोत्रों के द्वारा जानना चाहते हैं। उन्होंने कहा यह जो श्रोत्र है, ये दिशा रूप बन जाते हैं। यह दिशाओं का और अप्रतम् देवत्वाम् यह जो हमारे यहाँ जो दिशाएं हैं। जैसे हमारे यहाँ देखो, पूर्व दिशा है, दक्षिण है, और देखो, अमृतम् पश्चिम, प्राचीदिग है, और उदीचिदिग् यह हमारे यहाँ देखो, ध्रुवा और ऊर्ध्वा में मानो देखो, यह दिशा रूप बन जाती है। जब शब्द का उद्बोधन होता है कि जब शब्द उच्चारण किया जाता है। तो यह देखो, पूर्व से दक्षिण में गमन करता है, और गमन करता हुआ मानो देखो, यह दिशाओं को भ्रमण करता हुआ मानो श्रोत्रों में प्रवेश करता रहता है। इसी प्रकार वह शब्द रूप देखो, दिशाओं के अपने स्वरूप को यह धारण कर लेता है। वह स्वतः दिशा बन जाते हैं। वह अपने में मानो देखो, उसको देखो, हम प्राप्त नही कर सकेंगें। तो मेरे प्यारे! उन्होंने कहा सम्भव ब्रहे घ्राणम्में पाहि। हे प्रभु! हम घ्राण के द्वारा कैसे जानें? उन्होने कहा घ्राण तो देखो, यह पृथ्वी का गुण है, और पृथ्वी से मानो इन घ्राण इन्द्रियों का समन्वय रहता है। इसी की मन्द सुगन्ध को वह अपने में ग्रहण करता रहता है। इसी प्रकार देखो, त्वचा वायु से यह प्राणम्मे पाहि रूपों वर्सुतम देवाः मानो प्राणम्मे पाहि हम प्राण के द्वारा हम वायु को जानना चाहते हैं। वायु प्राण रूप बन गया है, प्राण से अपान बन गया, अपान से व्यान बन गया और व्यान से समान बन करके उदान बन गया। मेरे प्यारे! देखो, प्राणों का अप्रतम् देखो, करोड़ों प्रकार के परमाणु लाकर के यह बाह्य जगत से आन्तरिक दोनों प्रकार का यह क्रियाकलाप करता है। अपान जितनी भी ऊर्ध्वा गति है, फैंकने वाली गति है। यह सब अपान के द्वारा उत्पन्न होती रहती है और इसी प्रकार अमृतम देखो, व्यान निरक्षणां ब्रह्वा कृतं वह सर्वत्र निरक्षवादी है और समान मेरे प्यारे! देखो, सब में दृष्टिपात करने वाला समान है और उदान मेरे प्यारे! देखो, उदाने अमृतम् चित्रम् ब्रह्वा कृतो देवाः यह चित्त के मण्डल में प्रवेश हो जाते हैं। नाना प्रकार का जो हमारा आन्तरिक जगत है। इसको मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार के रूप में परिणत किया जाता है। तो इसके द्वारा हम इसको जानने के लिए तत्पर होते हैं।

तप से उपलब्धियां

तो आज बेटा! मैं तुम्हें दर्शनों में विशेष चर्चा का विषय नही बनाना चाहता हूँ, विचार-विनिमय क्या जब यज्ञदत ब्रह्मचारी ने कहा प्रभु! आप कहीं कहते हैं कि इस मानव वृत्तियों को याग के द्वारा जानो। आप आज यह उच्चारण करने लगे हैं। क्या यह मानो इन्द्रियों के द्वारा भी प्राप्त नही कर सकते तो प्रभु! तो यह कैसे तो ऋषि कहता है। एक वेदमन्त्र उच्चारण करता हुआ तपम् ब्रह्मे तपम् दिव्यां तपो वर्सुत प्रहा लोकाः हे ब्रह्मचारियों! मेरा वेदमन्त्र यह कहता है कि तपो वर्णनम् क्या मानव को तपना चाहिए। क्योंकि तप के पश्चात ही मानव को नाना प्रकार के ज्ञान और विज्ञान की उपलब्धियां होती हैं, और वह सम हो जाता है, और शान्त हो करके अपने अन्तर्हृदय में अपनी आत्मा का दर्शन करता है। आत्मा में मानो चेतना को अपने में भाषता रहता है। मेरे प्यारे! जब उन्होंने यह कहा अमृतम् तो प्रभु! तपम् ब्रह्वे इसी प्रकार वेदमन्त्र के नाना उद्गीत गाए और उन्होंने कहा तपो ब्रह्मणे तपम् देवत्वाम् राजनं ब्रह्वे कृतो देवाः अपानाम् ब्रह्मे देवत्वाम् तपाः मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि कहता है कि राजा भी जब ही ऊँचा होता है। जबकि उसका राष्ट्र, और राष्ट्र में उसका राजा तपा हुआ होता है। और राजा

का जीवन तपों में क्रियात्मक हो मानो देखो, प्रत्येक इन्द्रिय उसकी ज्ञान में तपी होनी चाहिए। तो इसीलिए वह राजा अपने राष्ट्र को ऊँचा बना सकता है। तपम् आचार्य ब्रह्मणे देवा आचार्य का भी जब आचार पवित्र होता है। आचार में सतत्व हो जाता है। तो मानो वह ब्रह्मचारियों को अपने में मानो आचार-संहिता का प्रदान करता रहता है। वह आचार्य कहलाता है। तो मानो देखो, इन्द्रियां पर जय करने वाला विजय को प्राप्त होता हुआ, मुनिवरों! देखो, तप को प्राप्त होता है। मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि ने कहा अमृतम् तपो ब्रह्मणे तपाः क्या मेरे विचार में यह आता है कि ब्रह्मचारियों तुम तपस्वी बन जाओ। और तप करो। मानो गार्हपथ्य नाम की अग्नि में तपायमान हो जाओ और गार्हपथ्य नाम की अग्नि में जो तपता है। वह ब्रह्मचारी मानो देखो, ब्रह्म में ब्रह्मणां ब्रह्मे ऋकृताः मानो देखो, ब्रह्म में प्रवेश हो जाता है। और वह ब्रह्मचारी को उपदेश दिया तो वे बोले यज्ञम् ब्रह्मा देवत्वाम् तुम याग के पश्चात मानो देखो, तप में प्रवेश कर जाओ। मेरे प्यारे! देखो, जब उन्होंने ऐसा कहा तो ब्रह्मचारी तो मौन हो गएं। परन्तु उन्होंने न्यौदा में से वेदमन्त्रों का और उद्गीत गाया और नैतिकवाद दे करके ब्रह्मचारियों से बोले कि हे ब्रह्मचारियों! मेरी इच्छा यह है कि मैं तप करने जा रहा हूँ। मेरी तप करने की इच्छा बन गई है। ब्रह्मचारी बोले कि प्रभु! जैसे आप की इच्छा हो यदि आपका तप का विचार है। तो तप कीजिए।

आचार्य से विद्यालय

उन्होंने कहा तुम्हारा विद्यालय सुरक्षित रहेगा। ब्रह्मचारी बोले हे प्रभु! तो विद्यालय और भी सुरक्षित हो जाएंगें, क्योंकि विद्यालय मानो देखो, गृह को विद्यालय नही कहते हैं। विद्यालय कहते हैं, तपे हुए आचार्यों का जहाँ अनुमोदन होता है। जहाँ उनके विचार, उनकी धाराएं, मानो देखो, धारा प्रवाह हमारे अन्तःकरण को स्पर्श करती रहती हैं। तो विद्यालय मानो उन्हीं से बनता है। मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि बड़े प्रसन्न हुए। ब्रह्मचारियों के इस प्रकार उच्चारण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि मैं तप करने जा रहा हूँ। मेरे पुत्रों! मुझे कुछ ऐसा स्मरण आ रहा है कि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने देखो, विद्यालय को त्याग दिया और त्यागने के पश्चात भयंकर वन में पंहुचे।

मन का मन से समन्वय

वन में जाने के पश्चात उन्हें कुछ वेदमन्त्रों न्यौदा में से उच्चारण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तो उसमें एक वेदमन्त्र आया मनावचश्प्रहे मनावात प्रहाः मना देवत्वाम् ब्रह्मा ऋतो देव सुताः तो वह ऋषि ने एक वेदमन्त्र अपने में भयंकर वनों में स्थिर हो करके उच्चारण किया और यह कहा वेदमन्त्र कहता है कि मन का जिससे समन्वय होता है, और मन का मन से समन्वय होता है, और यदि हम उसको सन्तुष्ट किए बिना यदि हम गृह को त्याग देते हैं। तो उसके मन की जो तरंगें हैं, वह चाहे दुखद में जो चाहे वह सुखद में हो, परन्तु वही तरंगें वायुमण्डल में मिश्रित हो करके उस मानव के अन्तःकरण में प्रवेश करेगी। और उसका तप मानो खण्डित हो सकता है। उसके तप में मानो अन्धकार आ जाएगा। मेरे पुत्रों! देखो, ऋषि ने और चिन्तन किया और मनन करने के पश्चात उन्होंने विचारा मेरी तो दो पत्नियां हैं, और मैंने उन्हें सन्तुष्ट नही किया है। मैत्रयी और देखो, याग ब्रहा कात्यायनी, दो मेरी पत्नियां हैं। उन्हें मुझे सन्तुष्ट करना है। बेटा! वहाँ से उन्होंने गमन किया और गमन करने के अप्रहा अपने गृह में उन्होंने प्रवेश किया जब गृह में पंहुचे तो सबसे प्रथम कात्यायनी के गृह में पंहुचे और कात्यायनी ने अपने स्वामी को दृष्टिपात करके वह आश्चर्यचकित हो अप्रहा अव्रतम देवत्वाम् उन्होंने वेदमन्त्रों का उद्गीत गाया और उद्गीत गा करके देवी ने कहा प्रभु! वेदमन्त्र यह कहता है कि आचारम् ब्रह्मा सूक्त प्रह्वा वेषाम् भूतम् ब्रह्मे अन्तर्गदाः मेरे पुत्रों! देखो, कात्यायनी ने कहा प्रभु! आप के हृदय में विद्यालय से यह

कैसी प्रेरणा जागी है। क्या आज मैं गृह में प्रवेश करूंगा। क्योंकि यह तो बड़ा हमारा कोई सुशोभनीय विचार नही हैं। आपका इसमें क्या रहस्य है? तो याज्ञवल्क्य मुनि बोले हे देवी! ऐसा नही वेदमन्त्र यह कहता है कि मना वाचम् ब्रहे मना ऋतम् देवाः तपम् ब्रह्मे वाचस्सुताः क्या हे देवी! वेदमन्त्र यह कहता है कि क्या जो मन से सम्बन्धी हैं, मानो उसे सन्तुष्ट करना है। मैं तप करने जा रहा हूँ, तो कात्यायनी बड़ी प्रसन्न हुई, और कात्यायनी ने कहा प्रभु! आपको धन्य है। मानो मेरे विचारों में कुछ और ही कृतिकता आ गई। तो भगवन्! आप धन्य हैं, आप तप करने जाईएं। उन्होंने कहा-देवी! मैं तप करने जा रहा हूँ। तुम सन्तुष्ट हो। उन्होंने कहा प्रभु! यह तो हमारा सौभाग्य है। क्योंकि संसार में जिस मानो देवी का पति तपस्वी हो और ब्रह्मज्ञानी हो मानो देखो, उसका सौभाग्य है। हे प्रभु! आप तप करने के लिए जाईएं। क्योंकि इन्द्रियों का तप करना, इन्द्रियों को तपाने का नाम तप है। और इन्द्रियां जिसकी संसार में उदासीन हो जाती हैं। हे प्रभु! यह तो हमारा सौभाग्य है। मेरे पुत्रों! मुझे स्मरण है, महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बड़े प्रसन्न हुए और प्रसन्न चित्त हो करके बोले धन्य है देवी!

मेरे पुत्रों! वहाँ से उस आसन को त्याग करके वह मैत्रयी के समीप पंहुचे और मैत्रयी ने भी उसी प्रकार उनको आसन दिया और आसन दे करके कहा कहो भगवन्! आप कुशल हैं? उन्होंने कहा-देवी! मैं अपने में मंगलमय हूँ। उन्होंने कहा तो प्रभु! अमृतम् ब्रह्मे वाचसुताः आपने कहाँ को गमन किया, अपने विद्यालय से उन्होंने कहा-देवी! मैं आज प्रातःकालीन न्यौदा में वेदमन्त्रों का अध्ययन कर रहा था और अध्ययन में यह आया कि तपम् ब्रह्मे मनावाचां तपम् देव प्रवाः इन्द्रो समभ्ब्रहे ऋतो देवसुतम् हे देवी! देखो, वेदमन्त्र आता है क्या मानव को तप करना चाहिए। तो हे देवी! मैं तप करने जा रहा हूँ, क्योंकि तपस्वी बनना बहुत अनिवार्य है। क्योंकि जब ही यह मानव पवित्र होता है और शरीर सार्थक बनता है। उन्होंने कहा तो प्रभु! आप तप करने जा रहे हैं। तो देव मेरा क्या बनेगा? मैं आपकी देवत्वा हूँ। उन्होंने कहा हे देवी! तुम ये क्या उच्चारण कर रही हो? मानो तुम्हें यह प्रतीत है, जब मेरा तुम्हारा किसी काल में संस्कार हुआ था आत्मा के ऊपर तो तुमने यह संसार को मिथ्या और आवरण कह करके मानो देखो, बहुत से ऋषि-मुनियों को आने देखो, वाक् से सम्भे वाक्, से शान्त कर दिए थे, तो देवी! यह अज्ञान तुम्हें कहाँ से आया? तुम्हें यह प्रतीत है, क्या संसार में पति जो होता है वह पत्नी तक सीमित होता है। परन्तु जब वह अपने लिए मानो देखो, अपने लिए अपने में स्वतः वह पति बन जाता है। तो उसका कल्याण हो जाता है। हे देव इसी प्रकार पत्नी जो है, वह पति तक सीमित रहती है। परन्तु यदि वह अपने लिए यह विचार ले कि मैं अपने में स्वतः पत्नी हूँ। मैं अपनी इन्द्रियों का स्वामी हूँ। और इन्द्रियों की मानो देखो, मुझे अधिपथ्य करना है। तो देवी! तुम्हारा कल्याण हो जाएगा। जैसे एक मानव देखो, यह माता का पुत्र, माता अपने पुत्र तक सीमित रहती है। यदि वह यह विचार ले कि मैं देखो, अपने में पुत्रोहुवा प्रमणां ब्रहे, मैं परमात्मा का पुत्र हूँ और मेरा देव ही वह है, तो मानो देखो, उसका कल्याण हो जाए। हे देवी! पिता अपनी पुत्री तक सीमित रहता है, यदि वह पुत्री अमृतं पुत्री जान ले कि मैं प्रभु की पुत्री हूँ, और मेरा यह संसार एक प्रपंच है, तो मानो देखो, उसका कल्याण हो जाए। क्या वित जो होता है, यह आत्मा मानो देखो, मनस्तम् ब्रह्मे यह मन तक सीमित रहता है। हे देवी! देखो, वित, वित के लिए नही होता है, यह वित मानो देखो, तृप्ति के लिए होता है। इससे वह संसार में नाना प्रकार के क्रियाकलापों में मानो सदैव तत्पर रहे यह उसी की क्रीड़ा कृति जैसे एक मानव देखो, लोकप्रिय बनना चाहता है। तो वह लोकप्रिय अपने ही लोकप्रिय बनता है और जब वह अपने में लोकप्रिय बनता है, और जब वह अपने में लोकप्रिय बन जाता है। तो उसका व्यापक जीवन बन जाता है, वह ऊर्ध्वा में गमन करने लगता है।

परन्तु देखो, जैसे एक राजा है, वह राजा देखो, अपने लिए ही राजा नही वह अपनी प्रजा के लिए है। वह अपने मनस्तव के लिए राजा है, और यह विचारता रहता है कि राजन्नम्मब्रह्मा कृतो देवाः मानो देखो, यह जो राष्ट्र है। यह मेरी आत्मा की तृप्ति के लिए है, मैं अपने लिए ही तो रजा बना हूँ। मानो देखो, प्रजा के लिए नहीं और जब वह अपने लिए राजा बन जाता है कि मैं प्रभु का सेवक हूँ, तो प्रभु! के राष्ट्र में हूँ। मानो देखो, उसका कल्याण हो जाता है। तो हे देवी! यह तुम क्या उच्चारण करने लगी हो, क्या मानम् ब्रह्मे तुम आत्मा को जानो और आत्मा तुम्हारे अन्तःकरण मानो तुम्हारे मनस्तव का स्वामीतव कहलाता है। यह मन मानो देखो, यह आत्मा, आत्मा के कारण ही तुम्हारा मन गति करता रहता है, प्राण गतिवान होते रहते हैं। और यह शरीरम् भूतम् यह आत्मा देखो, वेदज्ञ बन करके ब्रह्मत्व को प्राप्त करता रहता है। यह मानो देखो, योगेश्वर बन करके यह विष्णुतव को प्राप्त करने लगता है। तो हे देवी! तुम मानो देखो, अपने में तृप्त न हो, तुम व्यापक रूपों से तृप्ति को प्राप्त हो जाओ। मेरे प्यारे! देखो, महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज के इन शब्दों को पान करने के पश्चात देवी अपने में शान्त हो गई। मैत्रेये ने कहा प्रभु! आपको धन्य है, आपने यह मधु विद्या मुझे प्रदान की है। इससे मानो देखो, मेरा अन्तःकरण प्रकाश में आ गया है। मेरा अन्धाकर समाप्त हो गया है। हे देव! आपको धन्य है। मानो देखो, आप तपम् ब्रह्मे आप तपस्या करने जाईएं।

मेरे प्यारे! याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा हे देवी! जो भी मानव कर्म करता है, वह अपने लिए ही कर रहा है। मानो कोई पुत्र की तृष्णा में लगा हुआ है, कोई पुत्री की तृष्णा में लगा हुआ है, नाना कोई वित की देखो, वित में लगा हुआ है। यह चाहता है कि मैं यह वितैष्णा मेरे समीप आ जाए, मुझे वित की प्राप्ति हो जाए। तो यह क्योंकि वह अपने हृदय को तृप्त करना चाहता है। इस संसार में देखो, यह ब्राह्मण्ड की रचना करने वाले जब शरीर की रचना की तो मानो देखो, यह सूक्ष्म रूपों से ब्रह्माण्ड की रचना की है, और इसमें जो जो है। प्रकृति के आवेश तुम अपने में ब्रह्मज्ञान का चिन्तन करो ब्रह्मज्ञान में प्रवेश हो जाओ जो यह आत्मा तुम्हारे शरीर में विद्यमान चेतना है। इस चेतना में चेतना का भान करते रहो, जिस चेतना में चेतना को अपने में प्रवेश कर जाओगे। तो मेरे प्यारे! देखो, जब ऋषि अमृतम् जब देवी ने यह श्रवण किया तो वह चरणों में वन्दनित हो गई और चरणों की वन्दना करते हुए बोली हे प्रभु! आपको धन्य है, आप प्रकाशक है, आप ज्ञान के मानो देखो, पुंज कहलाते हैं, आप ज्ञानम ब्रह्मे आप ज्ञानी हैं। प्रभु! आप मुझे क्षमा कीजिए। मेरे प्यारे! देवी ने कहा आप तप करने जाइये भगवन! तो याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने अपने उपदेश में वह सफलता को प्राप्त हो करके बड़े हर्ष ध्वनि करने लगे और उन्होंने कहा तो देवी मैं तुम्हारा दोनों का बंटवारा किए देता हूँ। मेरे पुत्रों! मैत्रयी ने कहा प्रभु! यह बंटवारे की आपको आवश्यकता नही हैं। यह हम स्वतः अपना बंटवारा कर सकेंगें। आप तप करने जाईएं, तप ही हमारा बंटवारा है। तो मेरे प्यारे! देखो, याज्ञवल्क्य मुनि महाराज बड़े प्रसन्न हुए, और प्रसन्न चित्त हो करके वहाँ से वह गमन करते हैं, और भ्रमण करते हुए मुनिवरों! देखो, वह भयंकर वन में पंहुचे।

पवित्र अन्न

वन मे जा करके देखो, एकान्त स्थली पर वेदमन्त्रों का उद्गीत गाने लगे और वेदमन्त्रों में जो उद्गीत गाते देखो, वह वेदमन्त्र आ रहे थे, यम्ब्रह्मा प्राणम्ब्रहे कृतम् देवाः असुतम्ब्रह्मा मन्नव्रती देवत्वाम् तपाः वश्रुतम् ब्रह्मणा प्रति देवत्वाम् तपोः। वेद का ऋषि यह विचारने लगा, वेदमन्त्र यह प्रश्न कर रहा है कि तप किसे कहते हैं? तो वह वेदमन्त्र यह प्रश्न कर रहा है कि तप किसे कहते हैं? तो वह वेदमन्त्र उसका उत्तर देता है, तपं ब्रह्मे मना

अस्वत् क्या मन को पवित्र बनाने का नाम तप है। मन को पवित्र कैसे बनाया जाएं? तो बेटा! उसके ऊपर विचार करने लगा ऋषि। ऊपर विचार करते-करते वेदमन्त्रों में चले गये, गम्भीर मुद्रा में मुद्रित हो गये। उन्होंने बेटा! देखो, अन्न को चुना। उन्होंने कहा कि अन्न से मन का निर्माण होता है। तो उन्होंने मुनिवरों! देखो, उस अन्न को एकत्रित करना प्रारम्भ किया, जिस अन्न पर किसी का अधिकार नही था। उसे शिलस्थ अन्न कहा जाता है। उस अन्न को एकत्रित किया और उसको वह मानो जल में तपा अग्नि में जल के द्वारा तपायामान करके उसको खरल बना करके उसको पान करते थे। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने छह माह तक, जब पान किया तो मन पवित्र बन गया मन में पवित्रता आ गई।

शतपथ ब्राह्मण की रचना

उन्होंने बेटा! एक लेखनियां बद्ध करने लगे, एक पोथी का निर्माण करने लगे, जिस पोथी का नाम शतपथ ब्राह्मण कहा जाता है। तो शतपथ ब्राह्मण नाम की पोथी का उन्होंने निर्माण किया उस पोथी में प्रवेश हो गये। ब्रह्मणा व्रतम् मेरे प्यारे! देखो, तप करते हुए इसी प्रकार बारह वर्ष के तप करने के पश्चात मुनिवरों! उन्होंने एक पोथी का निर्माण किया जिस पोथी का नाम शतपथ ब्राह्मण कहा जाता है। जब शतपथ ब्राह्मण नाम की पोथी का उन्होंने निर्माण किया तो उन्होंने तीन शब्दों को ले करके पोथी का प्रारम्भ करते हैं। वह कहते हैं कि वेदमन्त्रों में देखो, एक आख्यिका ले करके उन्होंने कहा ब्रह्मणं ब्रहे चरिष्यामि गन्धनम् देवा असुतम् तपो व्राणस्सुति देवन्तमाः तो बेटा! उन्होंने कहा तीन शब्दों को ले करके वेद के, देखो, प्रारम्भ करते हैं, और वह कहते हैं, याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने पोथी का निर्माण किया। उन्होनें प्रश्न किया कि ब्रह्मणा कौन है? तो मानो एक प्रश्न ये दूसरा यह क्या ब्रह्मचारी कौन है? तीसरा प्रश्न किया कि ब्रह्म की चरी को कौन चरता है? तो बेटा! यह तीन प्रश्नों को ले करके ऋषि ने पोथी का प्रारम्भ किया औषर वह पोथी का प्रारम्भ करने के पश्चात उन्होंने देखो, उसकी व्याख्या की है और व्याख्याकार कहता है कि ब्रह्म देखो, ब्राह्मण कौन है, सबसे प्रथम यह प्रश्न आया तो वह कहता है कि ब्रह्मणा देवत्वाम् ब्रह्मे मानो देखो, ब्राह्मण वह है तो ब्रह्म को जानता है, ब्रह्म को अपने में ओर अपने में ब्रह्म को जो स्वीकार करता हे उसका नाम ब्राह्मण है पुनः प्रश्न करता है कि ब्राह्मण कौन है? वह देखो, पुनः उत्तर देता है कि ब्राह्मण वह जो प्राणी मात्र में मानो देखो, मानो देखो, ब्रह्म का दर्शन करता है, तो मेरे प्यारे! अपना और अपने देव को जो दृष्टिपात करने वाला है। वह ब्राह्मण है। मुनिवरों! देखो, जब पुनः यह तृतीय प्रश्न किया कि ब्राह्मण कौन है? वह कहता है कि ब्रह्मज्ञान वेद में प्राप्त होता है, और वेद के जो मर्म को जानता है। वेदरूपी प्रकाश को जो अन्तःकरण का प्रकाश बनाता है। उसका नाम ब्राह्मण कहा जाता है। तो बेटा! यह तीन प्रकार के वाक् उन्होंने उच्चारण करने के पश्चात पोथी का निर्माण प्रारम्भ करने लगे, जब लेखनियां बद्ध करने लगे। जब दूसरा प्रसंग आया क्या ब्रह्मचारी कौन है? वेद का मन्त्र कहता है, ब्रह्मचारी कौन है? तो वह कहता है कि जो ब्रह्म का जानने वाला है। मेरे प्यारे! देखो, वह सूतो ब्रह्मणा सूत्र को ब्रह्म कहते हैं। मेरे प्यारे! ब्रह्मचारी वह है। जो ब्रह्म और चरी को जानने वाला है। ब्रह्म कहते हैं परमात्मा को, चरी कहते हैं, प्रकृति को जब दोनों को जानने वाला ही तो ब्रह्मचारी है। मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्म और चरी को जानना वह ब्रह्म नाम परमपिता परमात्मा, चरी नाम प्रकृति का है। जो मेरे प्यारे ब्रह्म सूत्र में पिरोऐ होने से देखो, सृष्टि की रचना बाह्य दृष्टिपात आती है। वह दोनों चरी बन करके ही ब्रह्म और चरी बन करके ही यह संसार दृष्टिपात आता है। मेरे पुत्रों! पुनः कहता है कि ब्रह्मचारी कौन है? जब द्वितीय प्रश्न करता है कि ब्रह्मचारी कौन है? वह कहता है, जो वेदां भूतम् ब्रहेः वर्णसुते देवाः जो ब्रह्म देखो, वेद का जानने वाला है और वेदज्ञ बन जाता है। वह

ब्रह्मचारी कहलाता है। मानो देखो, ब्रह्मम्भहे देवाः वह देखो, भ्रम जिसका विनाश को प्राप्त हो गया है। जिसको किसी प्रकार का परमात्मा के राष्ट्र में भ्रम नही रहा है। प्रत्येक इन्द्रिय के स्वरूप को जो जान गया है। उसका नाम ब्रह्मचारी है। जब तृतीय प्रश्न करता है कि ब्रह्मचारी कौन है? मेरे प्यारे! देखो, उसका उत्तर देता हुआ लेखनीबद्ध करता हुआ ऋषि कहता है। क्या जो प्रत्येक श्वास के साथ में मानो प्रत्येक श्वास का मनका बना करके और देखो, ब्रह्म में ब्रह्म को सूत्र बना करके पिरो देता है। बेटा! वह ब्रह्मचारी कहलाता है। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने तीन उत्तर एक ब्रह्मचारी के सम्बन्ध में मानो उन्होंने विवेचना की और यह कहा कि प्रत्येक श्वास जब आता है, उसको ब्रह्म में सूत्रित कर दों मानो उसको सूत्र बना करके देखो, जैसे माला है और माला में धागा है और धागा और माला देखो, मनकों का दोनों का समन्वय हो करके माला कहलाती है। जैसे यह सृष्टि है मानो देखो, ब्रह्म और प्रकृति का दोनों का सम्मिलन हो करके संसार की रचना हो जाती है। वह परमाणु अपने-अपने स्वरूप में मानो गतिवान हो जाते हैं। चरेवेति ब्रह्मणा चरा सुताः मानो प्रत्येक परमाणु अपने में चरने लगते हैं। तो उसे चरेवेति कहा जाता है। तो विचार आता रहता है। मेरे पुत्रों! वेद का ऋषि कहता है क्या वह ब्रह्मणाम्ब्रहे इसी प्रकार सूत्रों और देखो, सूत्रों मनको को, दोनों को अपने में एक ही एकता में दृष्टिपात करेंगें। तो हमारा जीव व्यापकवाद में परिणत हो जाएगा। मेरे प्यारे! देखो, उन्होंने कहा कि ब्रह्म की चरी को कौन चरता है? वह कहता है ब्रह्म की चरी को जो ब्राह्मण है, और ब्रह्मचारी है। मानो वही ब्रह्म की चरी को चरने वाला है। ब्रह्म की चरी क्या है? मेरे प्यारे! देखो, ब्रह्म और ब्रह्म में जो पिरोई हुई जो चरी है, प्रकृति है। उसको मानो उसके ज्ञान और विज्ञान में जो रत्त हो जाता है। मेरे प्यारे देखो, एक-एक परमाणु को जानने वाला और परमाणु से कैसे मिलान होता है। उन परमाणुओं का किसने मिलान हो करके क्या बनता है? तो बेटा! देखो, इस प्रकार के विज्ञान में जब वह रत्त हो जाता है। तो ब्रह्म की चरी को चरने लगता है और चर करके ही मुनिवरों! देखो, मन और प्राण को दोनों की एकाग्र करता हुआ मुनिवरों! देखो, वह अपने मोक्ष के मार्ग को प्राप्त करने लगता है।

तो आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट नही करूंगा, मैं कोई व्याख्याता नही हूँ। केवल तुम्हें परिचय देने के लिए आया हूँ। और परिचय यह है कि उन्होंने बेटा! देखो, इस प्रकार देखो, अपने में विचार-विनिमय करके एक पोथी का निर्माण किया उस पोथी का नाम शतपथ ब्राह्मण कहा जाता है। तो सत का पथिक है। वही ब्राह्मण है। मानो देखो, उसी के ऊपर उन्होंने लेखनियां बद्ध की और तीन शब्दों को ले करके उन्होंने बेटा! देखो, उसकी विवेचना की है, वेदमन्त्र को ले करके, एक-एक वेदमन्त्र में सर्वत्र ब्राह्मण्ड का ज्ञान और विज्ञान मानो देखो, विद्यमान रहता है। उसको जानने वाला इस संसार सागर से पार हो जाता है। और वह अपने को मानो ब्रह्मवेत्ता बन करके आत्मवेत्ता बन करके बेटा! देखो, ब्रह्म को प्राप्त होता हुआ मेरे प्यारे! देखो, उसमें वो समाहित हो जाता है।

आत्मा परमात्मा

आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें विशेष चर्चा प्रगट करने नही आया हूँ, आज मैं केवल तुम्हें एक ऋषि की वार्त्ता और उनका जो विचार है, यह कितना महान है। वह कहते हैं कि देखो, प्राणम्मे पाहि, श्रोत्रम्मे पाहि मानो देखो, इनके द्वारा वह पाना चाहते हैं ब्रह्म को। मेरे प्यारे! देखो, नेत्रों से या इन्द्रियों से इस प्रभु को नही जाना जाता है। उस प्रभु का जब जाना जाता है। जब इन्द्रियों के ज्ञान विज्ञान से ऊर्ध्वा में गमन करोगे, तो मानो देखो, ब्रह्म में ब्रह्म का समन्वय हो जाएगा। इस आत्मा को ब्रह्म कहते हैं। परमात्मा को परब्रह्म है। और परब्रह्म

और आत्मा को का जब दोनों का समन्वय होता है। तो बेटा! एकोकी गति हो जाती है। एकोकी चरण बन जाता है। एकोकी में रमण करता हुआ मुनिवरों! देखो, प्रकाश ही प्रकाश दृष्टिपात आता है। मेरे प्यारे! वेद का ऋषि कहता है कि परमात्मा के राष्ट्र में मुनिवरों! देखो, परमात्मा का राष्ट्र बड़ा पवित्र है। परमात्मा के राष्ट्र में मुनिवरों! देखो, रात्रि नही होती, जब रात्रि नही होती तो आलस्य और प्रमाद भी नही होता और जब आलस्य प्रमाद नही होता तो मेरे प्यारे! देखो, वहाँ अज्ञान नही होता, जहाँ अज्ञान नही होता वहाँ मृत्यु भी नही हुआ करती। वह मृत्युंजय बन जाता है। तो मृत्युंजय बनना हैं। हमें वेद का वाक् कहता है बेटा! परमात्मा के राष्ट्र में सदैव प्रकाश ही प्रकाश रहता है। वहाँ अन्धकार नही रहता, आलस्य प्रमाद नही होता और जहाँ आलस्य प्रमाद नही होता बेटा! वहाँ अन्धकार नही होता, अन्धकार से उपराम होने के लिए प्रत्येक मानव परम्परागतों से अन्वेषण करता रहा है। चिन्तन में अपने को लाता रहा है।

यह है बेटा! आज का वाक् आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्रायः यह कि परमपिता परमात्मा का यह ब्रह्माण्ड अनन्तमयी माना गया है। इसके ऊपर प्रत्येक मानव को अपने में चिन्तनीय बनना चाहिए। और चिन्तन मानो देखो, चिन्तन में अपने को ले जाएं। प्रभु की महिमा उसका जो साम्राज्य है, उसका जो मानो कृत है। उसको अपने में विचार-विनिमय करते हुए इस संसार से पार होने का प्रयास करे। यह है बेटा! आज का वाक् क्या अनन्तमयी है, देवतवमृ मानो देखो, वह महिमावादी है। उसकी महिमा का गान गाना बखान करना अथवा उसके वेदज्ञ ज्ञान को चिन्तन में लाना ही यह आज का हमारा वाक् है। कल समय मिलेगा तो शेष चर्चाएं कल हम प्रगट करेंगें। आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन-पाठन दिनांक-२२-०१-१९९२ ग्राम भदौली मुज्ञफर नगर

७ संसार एक प्रकार की यज्ञशाला २३-०१-१९९२

जीते रहो! देखो, मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हे प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रां का पठन-पाठन किया हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। जो अनन्तमयी है और यज्ञोमयी स्वरूप है। माने याग उस परमपिता परमात्मा का आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है और वह प्रायः उसी में वास करता रहता है। जितने भी मानवीय, आत्मीय कर्म है वह सर्वत्र मानो एक प्रकार के यज्ञोमयी माने गएं हैं।

याग वसु है।

मानव के अन्तर्हृदय में नाना प्रकार की प्रेरणाओं का उद्बोधन होता रहा है और होता रहेगा। तो इसीलिए उस वाक्यं ब्रहे वर्णाः हम उसको अपने में स्वीकार करते चले जाएं और उनमें जो अच्छाईयां है। पवित्रताएं हैं। उन सर्वत्र का नाम याग है। इसीलिए याग को हमारे यहाँ वसु कहा जाता है। क्योंकि वसु इसीलिए कहा जाता है। वह बसाने वाला है। जितने भी मानव में सुक्रियाकलाप होते रहते हैं, उनका नाम याग है। उन्हीं के कारण मानव बसता है। यह वसा वर्णा मानो इसीलिए उसका नाम वसु है। तो इसीलिए मानव को यागाम् देखो, याग को वसु जान करके उसे प्रायः अपने में धारण कर लेना चाहिए। तो याग का नाम वसु कहा जाता है। वह बसाने वाला है। तो मुनिवरों! देखो, यागाम् भवितम् परमात्मा का यह जो संसार है। यह एक प्रकार की यज्ञशाला है। मानव उसी में वह वास करता है, और उसी में रत्त रहता है। जितना भी यह जगत है। चाहे वह किसी प्रकार का वह जगत हो, चाहे जड़वत हो चाहे वह चैतन्यवत् हो परन्तु यह सर्वत्र एक परमपिता परमात्मा का वह वस्तु यह वाक् माना गया है। अथवा उसी में यह निहित रहता है। तो मुनिवरों! देखो, यागाम् भवितम् वह उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है, और वह उसी में मानो रत्त रहने वाला है, तो हम परमपिता परमात्मा की महिमा अथवा उसके गुणों का गुणगवादन करते रहे और गुणाध्यानम बने जिससे गुणों को अपने में धारयामि बनाते हुए, धारण करते हुए सागर से पार होने का प्रयास करें।

परमपिता परमात्मा का याग

है एक साहित्यिक चर्चाएं होती है। बेटा! देखो साहित्यिक वह चर्चा होती है जैसे राजा हुआ परन्तु राजा का, राजा के जो क्रियाकलाप हैं राजा की जो मानो मन्त्री गणों के जो क्रियाकलाप है वह सर्वत्र मानो साहित्यिक इतिहास के रूप में परिणीत हो जाता है और एक अलंकार होता है। अलंकार उसे कहते है जिस अलंकार में मानो प्रकृति की पुट लगी रहती है और प्रकृति की पुट लगने से मानो देखो एक अलंकार बन गया है और अलंकार को जब हम साहित्य में, इतिहास में परिणीत कर देते है तो न तो, साहित्य भी दूषित है और देखो वह अलंकार भी दूषित हो जाता है। दोनों के दूषित होने पर मानो देखो साहित्य की प्रतिभा समाप्त और अलंकार की मानो देखो अपने में उसकी प्रतिभा भी नष्ट हो जाती है। जैसे मुनिवरो! देखो हमारे यहां साहित्य में न ले करके उसी वाक् को हम अपने में मानो अलंकार में लेते है। जैसे मुझे एक समय मेरे प्यारे! महानन्द जी ने मुझे एक वाक वर्णन कराया था कि अगस्त-मुनि की चर्चा मुझे स्मरण कराई कि देखो जैसे हमारे यहां कहा जाता है कि उसी समय जब वह खारी बना करके और वह क्यों बनाया? क्या टटीरी के दोनों पुत्र समुद्र ने अपनी तरंगों में तरंगित कर लिए थे तो उस समय मानो देखो वह बड़ी व्याकुल हो रही थी और व्याकुल होने से देखो उन्होंने समुद्र का पान कर लिया और उनके दोनों पुत्रो की रक्षा हो गई। तो यह मानो एक अलंकार है यह इतिहास, ये साहित्य नहीं हो सकता। तो विचार आता है बेटा! देखो अमृतम ब्रह्मां सर्वश समुद्र को पान करना, चाहे वह मानो जगत-रूपी-समुद्र हो, चाहे वह मानो जलाशय का समुद्र हो दोनों का पान करना मानो देखो अलंकार में सिद्ध होगा यह इतिहास में सिद्ध नहीं हो सकेगा। तो इसीलिए देखो साहित्य और इतिहास मानो देखो अपने में अलंकारों में मानो देखो दोनो एक दूसरे के सत्यत्व को धारण करते रहे है परन्तु जब दोनों का समन्वय कर लिया जायेगा तो दोनों को समन्वय करते हुए दोनों की प्रतिभा भी नष्ट हो जाएगी। क्योंकि अलंकार को यदि हम इतिहास में परिणीत कर देते है तो इतिहास भी नष्ट हो जाता है इतिहास में एक अपवाद बन जाता है और यदि इतिहास को हम अलंकार में परिणीत करते है तो अलंकार भी एक अपवाद में परिणीत हो जाता है। हमारे यहां वैदिक-साहित्य में यह आता रहा है, विचारको के मध्य में यह आता रहा है, जब अलंकार को उन्होंने वेद-मन्त्रों से गठित किया और वेद-मन्त्र में एक मन्त्र आता है अमृतम अगस्ताम भूतम क्रति देवा अन्वेब्रह्माहा रक्षाम भूतम ब्रह्मह्ये अमृति देवत्वाम मनाः वाचम मनोगातम मनि वृणा सुति देवा बेटा! यह जब वेद-मन्त्र स्मरण आता है और वेदमन्त्र यह कहता है क्या अगस्ताम भूते मानो देखो मानो उस समय आत्मा का नाम टटीरी बन जाएगा आर जब टटीरी वाहा अन्य तत्वन्य ब्रह्महे मानो देखो इसमें धातु और अपने स्वरूप को जानना होगा। तो मुनिवरो! देखो उस समय आत्मा के दो पुत्र है और वह कुछ जिससे मानो देखो आत्मा का जगत बनता है वह दोनों पुत्र है इसको मन और बुद्धि कहते हैं। मन, बुद्धि जब इस संसार रूपी जगत में मानो जब वह भ्रमित हो जाते है मेरे प्यारे! देखो मन भी भ्रमित है और बुद्धि भी भ्रमित हो रही है तो मानो देखो उसको संसार रूपी समुद्र में दोनों भ्रमित हो गये। दोनों की मानो रक्षा कैसे हो, तो मुनिवरो! देखो रक्षा का प्रसंग आता है तो उस समय कौन रक्षा करें, तो मुनिवरो! उस समय विवेक जागरूक होता है। जब मुनिवरो! देखो विवेक जागरूक हो जाता है। तो उस समय टटीरी मानो देखो विवेक रूपी अमृताम मानो देखो समुद्र को शान्त करना चाहता है। उस समय आत्माम भूतम ब्रह्में मेरे प्यारे! देखो विवेक रूपी जो अगस्तम ब्रह्महे अगस्त उत्पन्न होता है और अगस्त मुनिवरो! देखो विवेक से ही इस संसार को खारी बना दिया जाता है। मेरे प्यारे! उपस्थ-इन्द्री के द्वारा त्यागने का जो विचार आता है बेटा! देखो वह विवेक से आता है। वह जितने काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह इत्यादि जो यह इन तरंगों का जो समुद्रों से तरंगे उत्पन्न हो रही है, प्रकृति से इनको जब वह

अपने में धारण कर लेता है तो धारण करने से मुनिवरो! देखो विवेक उत्पन्न करके अमृतम देखो यह संसार न होने के तुल्य बन गया। कैसे बन जाता है जैसे हमारी इन्द्रियां मानो देखो इन्द्रियों के ऊपर जब संयम पाना चाहते है तो वही रूप बन गई जिससे वह इन्द्रियों का जन्म हुआ था जैसे नेत्रों का जन्म अग्नि से हुआ है, श्रोत्रों का जन्म दिशाओं कोई गोलक नही रहा है, केवल गोलक में ही बन रह गये है। परन्तु इनका जो स्वरूप है कोई स्वतः अग्नि बन गया, कोई दिशा बन गया, कोई आपो बन गया कोई अन्तरिक्ष बन गया अमृतम मेरे प्यारे! अपने रूप में प्रवेश कर गया। तो जब यह अपने इनको जान करके इसी प्रकार काम को जानने का प्रयास किया गया तो काम मुनिवरो! देखो जगत में परिणीत हो गया उसका रूप मानो देखो कामाबृही कमकक्षीया बन गया। तो मेरे प्यारे! यदि हम मोह को जानना चाहे तो मोह मुनिवरो! देखो आत्मा से जब विवेक से मोह हो जाता है तो मोह भी एक विवेक बन गया। इसी प्रकार मेरे प्यारे! देखो लोभ का हम अनुष्ठान करते है तो वह अहंकार के रूप में परिणीत हो गया है और वही अहंकार से मुनिवरो! देखो संसार के पिण्ड बनते है और पिण्ड को विकृत करने के पश्चात् बेटा! देखो वहीं अणु और परमाणु के रूप में परिणीत हो गया। मेरे प्यारे! देखो यदि हम रसना के जब आपो में प्रवेश करते है वही आपो मुनिवरो! देखो प्राण रक्षक बन गया है और सीमा में वही प्राणों का रक्षक है और वहीं मुनिवरो! देखो वही वासना बन करके हमारे जीवन का विनाश होने लगता है। तो बेटा! देखो अपने-अपने स्वरूप में जब प्रत्येक स्वरूप अपने स्वरूप में प्रवेश हो गया है। तो मेरे प्यारे! देखो अपना कहां ब्रह्मंगे ब्रह्माहा ऋतम तो बेटा! देखो यह विवेक से मुनिवरो! देखो अगस्त बन करके और विवेक रूपी उत्पन्न हो करके अगस्त मेरे प्यारे! संसार को निगलता चला गया और संसार में जो आत्मा और मन भ्रमित आत्मा और देखो बुद्धि दोनों पुत्र भ्रमित हो गये थे उनका भ्रम शान्त हो गया। तो मेरे प्यारे! देखो अपने स्वरूप में प्रवेश हो करके मेरे पुत्रो! देखो केवल बेटा! तो जगत से तुम पार हो जाओगे। इस जगत में अपने स्वरूप को जानने से अपनी इन्द्रियों के स्वरूप को जान करके मानव सागर से पार होने का प्रयास करता है। मेरे प्यारे! देखो मृत्युंजय बन जाता है। जब मृत्यु को जान लिया जाता है क्या यह मृत्यु क्या है तो बेटा! देखो वह मृत्युंजय बन जाता है। मृत्यु को जब तक जानते नहीं है तब तक मानो हम उसी में भ्रमित रहते है। मुनिवरो! देखो मृत्यु क्या है? विचारने से प्रतीत होता है क्या मृत्यु अपने में कोई भी वस्तु नहीं है। मृत्यु केवल अज्ञान और न जानने का नाम मृत्यु है, और जब जान लिया जाता है तो बेटा! देखो मृत्यु का, मृत्यु का स्वरूप ही मानो बना रहता है, न जान करके बना रहता है और जानने से मानो देखो वही मृत्यु यमराज बन गया और वही यमराज मेरे प्यारे! प्राण के रूप में प्रवेश कर गया और वहीं प्राण मुनिवरो! देखो आयु के देने वाला है। बेटा! जब मैं इन वाक्यों के ऊपर विचार-विनिमय करता हूं तो प्रायः देखो यह संसार एक अलंकार के रूप में दृष्टिपात आने लगता है। मैं यह कहा करता हूं कि संसार में अलंकार को भिन्नता दी जाये और देखो इतिहास और साहित्य को भिन्नता दी जाये। यदि दोनों भिन्न-भिन्न रहेंगे तो मूमर्वा स्वरूप को जान सकेंगे और यदि दोनों को नहीं दे सकेंगे हम तो मुनिवरो! देखो अप्रतम वह दोनों भ्रमित हो जायेंगे। जैसे मेरे प्यारे! देखो मुझे महानन्द जी ने एक समय मुझे वर्णन कराया कि अहिल्या के सम्बन्ध में एक चर्चा आई और अहिल्या का जो शब्द है वह अलंकारिक माना गया है। हमारे यहां वैदिक-साहित्य में जब अहिल्या के ऊपर विचार-विनिमय होता है तो अहिल्या नाम हम देवत्व में जाना चाहत है। तो यहा इन्द्र भी माना एक अलंकारिक भाषा में इन्द्राम तम ब्रह्महे देखो इन्द्र भी भगो वाला कहा जाता है। तो विचार आता है मेरे प्यारे! देखो गौ अमृतवही असुताम जब अहिल्या को मुनिवरो! देखो इन्द्र ने छला, इन्द्र ने अहिल्या को छल लिया और चन्द्रमा मानो द्वारपाल बन

गया। मेरे प्यारे! गौतम उसका स्वामी है, गौतम रात्रि का स्वामी है क्योंकि हमारे यहां जो भी अंधकार का स्वामी है उसका नाम या तो ज्ञान हो सकता है या भौतिक रूप में मानो देखो चन्द्रमा हो सकता है। तो दोनों क्योंकि रात्रि को रात्रि के अंधकार को, शृंगार को कौन भोगता है भोगतव्य करने वाला बेटा चन्द्रमा है और वह चन्द्रमा हमारे यहां चन्द्रमा को गौतम के रूप में वर्णित किया गया है जो गौ का स्वामी है। गौ नाम रात्रि का है और जो रात्रि को मुनिवरो! अपने में धारण करने वाला है वही मानो देखो चन्द्रमा के रूप में परिणीत किया गया है। विचार आता है बेटा! इन्द्र ने जब अहिल्या को छला अब किस समय तक मानो देखो गौतम उस भोगतव्य को प्राप्त करता रहता उसी समय मानो देखो जब रात्रि का अन्तिम चरण आया तो देखो चन्द्रमा अमृतम बन गया और मुनिवरो! देखो वह इन्द्र बन करके वह रात्रि को उन्होंने ने अपने में धारण कर लिया। जब रात्रि को धारण, रात्रि का भोग कर लिया उसको छल लिया मेरे पुत्रो! देखो वह सहस्रो भगो वाला इन्द्र बन गया बेटा! सहस्र भग नाम हमारे यहां भगो के कई प्रकार के पर्यायवाची माने गये है। भग मानो देखो चन्द्रमा की क्रान्तियों को भी भग कहा जाता है जो गति करती है जो मानो देखो गतिवानम ब्रह्मां जो शक्ति के अनुसार जा करके सीमित हो जाती है। इसी प्रकार सूर्य को हमारे यहां इन्द्र कहा गया है इसकी कान्तियों को और देखो ज्यातियों का नाम भग कहा जाता है। इसीलिए मुनिवरो! देखो वह शक्तिशाली है तो इन्द्र को, इन्द्र सहस्र भगो वाला बन करके मेरे पुत्र! देखो यह प्रकाशमान बना दिया रात्रि को अपने गर्भ में धारण कर लिया उन भगो में परिणीत करते हुए मानो उसे अपनाने का प्रयास किया। तो मेरे प्यारे! देखो अहिल्या नाम हमारे यहां देखो रात्रि का आता है। जहां प्रकरण आता है यहां अहिल्या नाम मेरे प्यारे देखो! वह पृथ्वी को भी कहा गया है। हमारे यहां देखो जब पृथ्वी को अहिल्या कहा जाता है तो वज्र के तुल्य जो अहिल्या का वास होता हो उसी अहिल्या में मंगलम ब्रह्मे वर्णासुताम। तो मेरे प्यारे! देखो वह अहिल्या जब वज्र की थी तो वज्र की होने से मुनिवरो! देखो वह पत्थरम ब्रह्महा ऋतम देवाम भुखाम भूतम ब्रह्में मेरे प्यारे! देखो अहिल्या अमृतम पत्थर के तुल्य पड़ी हुई है मानो अहिल्या का उद्धार करने वाला मेरे प्यारे! कौन है? कृषक है। उस भूमि को अपने में मानो देखो उसमें अपना पुरुषार्थ करता हुआ गऊ के बछड़ों की बलि देता हुआ मुनिवरो! देखो पृथ्वी को सुयोग्य बनाता है और सुयोग्य बनाकर उसमें अन्न की स्थापना करता है, नाना प्रकार के खाद्यानों का उत्पन्न करने वाला है, तो उस समय बेटा! देखो इन्द्र नाम कृषक का है अहिल्या नाम पृथ्वी का है और चन्द्रमा मुनिवरो! देखो उसमें अमृत देता है और आपो मुनिवरो! देखो वह सूर्य की किरण जब टेढ़ी होती है तो मेघ-मण्डलों का जन्म होता है उससे वृष्टि होती है। वह इन्द्र बेटा! देखो नाना प्रकार की अपनी तीखी किरणों के द्वारा वृष्टि कर देता है और वृष्टि करता हुआ मुनिवरो! देखो वह कृषक अपने में प्रसन्न हो जाता है। तो विचार-विनिमय क्या बेटा! मैं बहुत नाना प्रकार की कन्तिया उत्पन्न हा जाती है। मेरे पुत्रो! देखो मुझे एक समय मेरे प्यारे! महानन्द जी ने वर्णन कराया क्या राम जब वन को जा रहे थे विश्वामित्र के साथ मानो देखो उन्होंने अहिल्या के पद दिया और वह वज्र मानो देखो स्वतः अहिल्या बन गया, ऐसा मुझे वर्णन कराया। परन्तु देखो ऐसा प्रायः नहीं है। वह ऐसा है कि देखो निषाद के राज में यह अहिल्या जैसी मानो देखो पृथ्वी पड़ी हुई थी वज्र के तुल्य। उन्होंने निषाद-राज से कहा हे निषाद! तुम्हारे राष्ट्र में यह अहिल्या इसी प्रकार है, परन्तु इसका उद्धार करो। तो उन्होंने देखो कृषकों के द्वारा उस भूमि को शुद्ध बनाया और शुद्ध बना करके मुनिवरो! देखो वह स्वत मानो देखो उसमें अन्न उत्पन्न होने लगा। वह सुयोग्यता में उसका सदुपयोग होने लगा।

तो मुनिवरो! देखो उस पृथ्वी का नाम अहिल्या बन गया। राम ने केवल इतना क्योंकि राम इस पृथ्वी के

विज्ञान को जानते थे क्या इसमें कितनी दूरी पर कौन सा खनिज है, कौन सा खाद्यान्न है इस प्रकार के परमाणुओं को बेटा! वह सूंघने के द्वारा, रज की सुगन्धि के द्वारा ही मानो उसकी जानकारी कराते रहते थे। तो मुझे स्मरण आता रहता है उनका जीवन मानो देखो इस प्रकार का जीवन था जिस जीवन की हम तुलना करने लगते है विज्ञान में जीवन रहता था और विज्ञान में मानो देखो परिणीत होते हुए उन्होंने बेटा! देखो विज्ञान के माध्यम से एक यन्त्र का निर्माण किया था जिस यन्त्र का नाम ''अहिल्या कृतिभा यन्त्र'' कहलाता था। जो बेटा! देखो पृथ्वी के दस-दस योजन के मुनिवरो! देखो खाद्य-पदार्थो और खनिज को जान लिया जाता था वह प्रायः उन्हें दृष्टिपात आती थी। तो मुनिवरो! देखो इस प्रकार देखो उनका विज्ञान अपने में बड़ा मार्मिक रहता। तो विचार आता रहता है बेटा! देखो, यदि हम अहिल्या को इस प्रकार का अलंकार न जान करके यदि उसको साहित्य में लिया जाता है तो साहित्य बेटा! उससे दूषित हो जाता है और इतिहास में त्रुटियां आ जाती हैं तो इसीलिए साहित्य और इतिहास मानो दोनों भिन्न रहने चाहिए।

परमाणुओं का संघर्ष

तो विचार-विनिमय क्या मेरे प्यारे! देखो मुझे बहुत सा विचार स्मरण आता रहता है। हमारे ऋषि-मुनियों की जो विचार धारा एक महानता में रही है वह बड़ी महावृत्तियों में रत्त होती रही है। तो विचार-विनिमय क्या बेटा! देखो परमात्मा का जो ज्ञान है अथवा विज्ञान है वह बड़ा अनन्तमयी माना गया है उसकी अनन्तता मानो देखो प्रत्येक वेद-मन्त्र हमें दर्शाता रहता है और विचार अपने में दर्शायमान करता रहता है। मेरे पुत्रो! देखो जब एक-एक शब्द पर हम विचार-विनिमय करते है तो बेटा! यदि हम इन्द्रियों के शब्दों को ग्रहण करने लगते है। केवल श्रोत्र इन्द्रियों में जाते है तो श्रोत्र इन्द्रिया बेटा! देखो एक मानव की शब्द शब्दावलियों को वह अपने में ध्वनिवान होता रहता है। यदि वही ध्वनि और सूक्ष्मता में जाते है तो रात्रि छाई हुई है अहिल्या में अंधकार है परन्तु देखो जब वह उन ध्वनि को देखो श्रवण करता रहता है जो ध्वनि हो रही है वहां परमाणु अपने में संघर्ष कर रहे है। बेटा! जो शब्द है, जो प्रत्येक मानव के शब्द अन्तरिक्ष में रमण करते है, वायु मण्डल में प्रवेश करते है, बेटा! उनका संघर्ष होता है उन ध्वनियों को श्रवण करते रहते है।

अन्नाद

परन्तु और गम्भीरता में जाओगे तो मेरे प्यारे! देखो वह अब्रह्मताम जो मुनिवरो! देखो परमाणुओं का संघर्ष हो रहा है जिससे संसार अनुभव करता ह ता बटा! मस्तिष्क में एक स्वर ध्वनि हाती रहती है उसका स्वर संगम होता रहता है मानो देखो बाह्य-जगत के परमाणुओं का संघर्ष-आन्तरिक-जगत में जब प्रवेश होता है तो योगी-जन उसको अन्हाद कहते है। बेटा! वह अन्हाद जो स्वर संगम है वह अपने में बड़ा पवित्रत्व में रमण करता रहा है। तो विचार-विनिमय क्या मुनिवरो! देखो साधक अपनी साधना में परिणीत होता हुआ और उसको अन्हाद के रूप में बेटा! प्रायः वह दृष्टिपात करता रहता है। मेरे पुत्रो! देखो साधनावादी जो प्राणी होते है वह भी मानो देखो अपने शब्दों को अन्तरिक्ष में ले जाते है, कहीं द्यौ में ले जाते है कहीं मानो देखो संघर्षवर्तो में ले जाते है। तो विचार-विनिमय क्या बेटा! देखो आत्मा को पाना चाहते है परन्तु जब वह अन्हाद देखो ध्वनिया समाप्त हो जाती है तो बेटा! देखो! कही-कही आत्मा और परमात्मा की वार्ता प्रगट होती है, तो बेटा! देखो वह उन वार्ताओं को अपने में ही नहीं मानो देखो अनुभव का विषय बन जाता है। वह न तो ध्वनि बन करके रहता है न संघर्ष बन करके रहता है और न मेरे-पुत्रों देखो यह पंच-महाभूतों का नृत बन करके रहता है। तो विचार-विनिमय क्या बेटा! आज मैं तुम्हें गम्भीरता में नहीं ले जा रहा हूं केवल यह कि देखो जो अन्हाद है उसको

साधक-जन अपने में ग्रहण करते है और वह नद-नदियों के तट पर मानो देखो उससे भी उपराम हो जाते है। तो विचार-वेत्ता कहते है क्या मुनिवरो! देखो हम अपनी साधना में परिणीत हो जाये। मुझे वह काल स्मरण आता रहता है जब बेटा कागभुषण्ड जी अपने में अनुष्ठान करते थे और कागभुषण्ड-जी बेटा! देखो यागाम भूतम ब्रह्में महर्षि-लोमश के कथानानसार उनकी आज्ञा पा करके उन्होंने बारह वर्ष का अनुष्ठान पवित्र बना, सघर्ष परमाणुओ का शुद्ध देवत्व बन गया और देवत्व बन करके बेटा! जब साधना करता है तो देवता बन जाता है। तो मेरे प्यारे! विचार आता रहता है हमारे ऋषि-मुनियों ने प्रत्येक वस्तु को बड़ी गम्भीरता से चिन्तन में लाये है और उसको बाह्य और आन्तरिक दोनों जगत को उन्होंने विचारने का उन्होंने प्रयास किया है अथवा दोनों को विचारने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह जगत जितना यह साधना का क्षेत्र कहलाता है। मेरे प्यारे! देखो मानव का जीवन भी एक जीवनम ब्रह्मह्मा वर्णसुतम यह देवत्व कहा जाता है इसमें देवता वास करते है। जैसे जालवी-ऋषि से एक समय महर्षि-प्रव्हाण ने कहा था कि प्रभु! आत्मा का लोक क्या है तो आत्माम भूतम प्रहवा पंचम-भूत तप प्रहे ऋषि कहता है, जालवी ने कहा कि पंच-महाभूत यहां आत्मा का लोक है आत्मा देखो इसमें वास करता है। यह पंच-महाभूतों का लोक है उसी से पांच-ज्ञानेन्द्रियां है, उसी से पांच-कर्मेन्द्रिया है, उसी से दस-प्राण है, उसी से मन-बुद्धि का अवद्येत होता रहता है। तो मेरे प्यारे! देखो यह सर्व जगत है जिस जगत को जानने से हमारे मानव जीवन में प्रकाश आता है और विचार आता है और ज्ञान की पूंजी मानो देखो एक ज्ञान रूप बन करके हम विवेक में परिणीत हो जाते है तो विचार-विनिमय क्या मुनिवरो! देखो विचारम ब्रह्मां वाचुस्तम देवा तो मेरे प्यारे! देखो हमें अलंकार को अलंकार रूप में विवेक युक्त हो करके दृष्टिपात करने चाहिए और परमात्मा का अनन्तमयी यह जो जगत है इसके ऊपर विचार-विनिमय करना, अन्वेषण करना और अपने में मृत्युंजय बनना मृत्यु से पार होने का, बेटा देखो हम प्रत्येक इन्द्रियों के ज्ञान आत्मा के लिए आत्मा का जो उत्सुकता है वह अनुशासन चाहती है और जीवन में एक महानता की प्रतिभा का जन्म होता है। तो बेटा! हम परमपिता-परमात्मा की अराधना करते हुए देव की महिमा का गुणागान गाते हुए और मुनिवरो! देखो उसकी प्रतिभा को जानकर के इस संसार-सागर से पार होने का प्रयास करना चाहिए। यह है, बेटा! आज का वाक्य अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चाएं कल प्रगट करूगा। आज के वाक्य उच्चारण करने का हमारा अभिप्राय यह कि परमपिता-परमात्मा की आरामाना करते हुए, देव की महिमा का गुणागान गाते हुए इस संसार-सागर से पार हो जाए। यही बेटा! देखो आज का हमारा मन्तव्य है। आज के विचारो का अभिप्रायः क्या अलंकार और इतिहास दोनों को भिन्न-भिन्न रूप से विचारा जाएगा तो मानो वह ज्ञान की पूंजी बन करके मानव को अन्तरात्मा तक पहुंचाएगा। यह है बेटा! आज का वाक्। अब मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें शेष चर्चाएं कल प्रगट कर सकूंगा। ओ३म् देवा आभ्याम् मनु गायन्त्वा रथम् दिव्या वायाऽहाम्। ओ३म् तनुमन्थाः गाया रथम मां रथं ब्रह्मह्मा गाताऽहाम। ओ३म् यशश्चाम् ब्रह्मह्म भविता रेवम् भागा वायु रतम्। अच्छा भगवन्! दिनांक 26-01-1992 स्थानःमाछरा, मेरठ।

१० याग वसु है 29 01 1992

जीते रहो! देखो, मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस महामना परमपिता परमात्मा जो सर्वज्ञ है। उसके गुणों का हम सदैव गान गाते रहते हैं। क्योंकि वह वेदज्ञ है, प्रकाशक है, विष्णु है, पालक है और उसी की पालना से मानो गतिवान यह जगत हो रहा है, वह गतिवान भी है। तो आज का हमारा वेदमन्त्र उस महान देव की महिमा का गुणगान गा रहा है। तो इसीलिए उस परमपिता परमात्मा को हमारे यहाँ पालक कहा जाता है। क्योंकि वह पालना के मूल में विद्यमान रहता है, और वही मानों शासक है शासक कर्त्ता उसे कहा जाता है। प्रत्येक मानव इसीलिए अनुशासन में परिणत होना चाहता है, और यह चाहता है कि मैं भी अनुशासित बनूं। मैं उदघृत हो जाऊं ओर वह नियन्त्रण में अपने जीवन को ले जाना चाहता है।

मनीषी

तो इसीलिए आज का हमारा वेदमन्त्र यह प्रेरणा दे रहा है और प्रेरणा यह है कि हम उस परमपिता परमात्मा की महती अथवा उसका यशोगान गाते रहे। क्योंकि यह संसार के एक-एक कण-कण में विद्यमान है, और यह ज्योतियों का ज्योति है, यागों का याग है। और प्रकाश भी प्रकाशक है। मानो यह नियमन कर रहा है। जैसे मानव का शरीर मानो मानव शरीर है। और मानव है, यदि मानव का शरीर है, और मानव है। तो यह बड़ा एक विचार वाक् है। तो मानव का शरीर और मानव मानव शरीर में जो विद्यमान होने वाला किसी स्थली पर रहता है। तो वह गमन करता है। इसीलिए उसे मानव कहा जाता है। शरीर एक यन्त्र माना गया है जिस यन्त्र में जैसे मानव का गृह है, और गृह स्वामी और गृह स्वामिनी, दोनों उस गृह में मानो देखो, अपने नाना विचार-विनिमय करते रहते हैं। अपने गृह को ऊँचा बनाने के लिए विचारते रहते हैं। जैसे विद्यालय है, और विद्यार्थी है। मानो विद्यालय उसे कहा जाता है। जहाँ विद्यार्थी आचार्य विद्यमान हो करके अपने मानव जीवन के लिए शरीर के संचालन करने के लिए और मानव को लाने के लाने के लिए, शरीर के संचालन करने के लिए और मानवता को लाने के लिए बेटा! देखो नाना प्रकार की विद्याओं का अध्ययन करते हैं। तो गृह और गृह स्वामी मानो दो वस्तुएं इसी प्रकार मानव और मानव का शरीर। तो शरीर मुनिवरों! देखो, वह गृह है और मानो मनन करने वाला एक मनीषी कहलाता है। तो उसको मनीषी कहते हैं, जो आत्मा के संरक्षण में रत्त रहता है। तो हमें देखो, उस मनीषी को विचारना है, और अपने इस मानव शरीर आत्मा का जो यह गृह है। इसी गृह में विद्यमान हो करके शरीर बेटा! विचार-विनिमय किया जाता है, और एकत्रित हो करके जैसे इसी में सबका, समूह का निर्माण होता है। मानो देखो, यह कौन-कौन-सी स्थलियों से इसका निर्माण हुआ है। मेरे प्यारे! देखो, यों तो और प्रकृति के सूक्ष्म और स्थूल द्रव्य माने जाते हैं। परन्तु सूक्ष्मता में उसमें मेरे प्यारे! देखो, दस प्राण हैं, और दस इन्द्रियां हैं। मानो देखो, जिसमें मन चतुष कहलाते हैं मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार तो मानो यह चौबीस अवयवों वाला यह शरीर है। जब इस भवन का निर्माण होता है। तो इसमें परमपिता परमात्मा ने चौबीस खम्बों का ये गृह का निर्माण किया। शरीर रूपी मानो जो मन का गृह है। इसका निर्माण किया। इसमें मन, बुद्धि चित, अहंकार यह आन्तरिक जगत है, इसके अन्दर जगत है और मुनिवरों! देखो, पांच ज्ञानेन्द्रियां, पांच कर्मेन्द्रियां, बाह्य जगत माना गया है। दस प्राण है जो मानो देखो, प्रेरित हो करके, और इनको जानने वाला ही

मनीषी कहलाता है। तो बेटा! देखो, इस गृह का जो स्वामी है। वह मनीषी है और मनीषी उसे कहते हैं, जो मनन करता है। और जो मननशील है उसी का नाम मनीषी कहा जाता है।

तो विचार आता है कि बेटा! देखो, हमें मनीषी बनना है, मानो देखो, गृह और गृह स्वामी दोनों के ऊपर मुनिवरों! देखो, जब हम विचार-विनिमय करते हैं। तो मानो देखो, एक मनन करने वाला मनीषी और एक मानो शरीर जिस गृह में विद्यमान हो करके वह मनीषी बनना चाहता है। तो मेरे प्यारे! देखो, आज मैं तुम्हें विशेष इस सम्बन्ध में चर्चा नही करना चाहता हूँ। वेदमन्त्र इसको मनीषी कहता है। मनय अव्रता देखो, मनश्च प्रवाहा वेद का वाक् कहता है हे मानव! तू मनीषी बन। हे मानव! तू मानो देखो, शरीर रूपी गृह में विद्यमान हो करके तू अपने में मनीषी बन, मनीषी बन करके तू सागर से पार होने का प्रयास कर। मान औन अपमान रूपी सागर से पार होने का प्रयास कर मान और अपमान रूपी सागर में जो तरंगें उत्पन्न हो रही हैं। मानो देखो, कोई अपमानित कर रहा है, कोई मान कर रहा है। मानो देखो, ऐसा कोई मनीषी ऐसी स्थली को मंगलम् ब्रह्मा दोनों एक सामान्य जान करके तू मनीषी बन सकता है।

विष्णु की व्याख्या

तो मेरे प्यारे! देखो, मैं कई समय से तुम्हें विष्णु की याचना कर रहा हूँ। और विष्णु के ऊपर अपना विचार-विनिमय दे रहा था बेटा! देखो, मैंने यौगिक क्षेत्रों में ले जाते हुए, तुम्हें मानो देखो, ब्रह्मरन्ध्र तक मैं ले गया क्या वह विष्णु कहलाता है। तो बेटा! देखो, मनीषी बन करके विष्णु बन करके मेरे प्यारे! देखो, एक पैड़ी, द्वितीय पैड़ी तक वह जाना चाहता है। और वह मुनिवरों! देखो, उसे मूलाधार से ले करके ओर मुनिवरों! देखो, वह ब्रह्मरन्ध्र तक मानो अपनी सबकी पैड़ी बनाता है। एक दूसरी पैड़ी को जानता है। तृतीय को अपना देखो, अबृही गृह असुतम बन जाता है। तो विचार आता है कि बेटा! देखो, एक दूसरे को मानव पैड़ीवान बना करके और हम विष्णु बन जाते हैं।

तो विचार-विनिमय क्या मुनिवरों! देखो, हमारे यहाँ जैसे विष्णु नाम राजा का है। विष्णु नाम आत्मा का है। इसी प्रकार यज्ञोमयी विष्णु वेद का वाक् कहता है यज्ञम् ब्रह्मा विष्णु बृहीकृता यज्ञोमयी विष्णु कहलाता है। वेद का वाक् कहता है कि यज्ञोमयी विष्णु, विष्णु याग को याग का नाम बेटा! वसु भी माना गया है। वसु कहते हैं बसने वाले को जो हमें बसाने वाला है। उसका नाम वसु है। तो याग का नाम वसु भी कहा जाता है। और याग का नाम बेटा! देखो, यज्ञोमयी विष्णु है। हे विष्णु! तू यागिक बन करके हमारा कल्याण करने वाला है, पालन करने वाला है। क्योंकि विष्णु ही तो पालन करता है। वह याग के माध्यम से हमारा पालन करता है। मेरे प्यारे! देखो, याग की विवेचना करते हुए आदि ऋषि-मुनियों ने अपना बड़ा मन्तव्य दिया है। अपने-अपने विचार दिऐ हैं। उनके विचारों में बड़ी गम्भीरता और बड़ी ओजसता रही है। तो विचार आता है बेटा! देखो, वह यज्ञोमयी विष्णु, मुनिवरों! देखो, जब हमारे यहाँ याग का नाम विष्णु माना गया है। विष्णु उसे कहते हैं, जो पालक है, तो यह याग मेरे प्यारे! पालना करने वाला है जब ऋषि-मुनि अपनी साधना में परिणत होते रहे हैं। अपनी साधना में जाने का प्रयास किया तो उन्होंने बेटा! यज्ञोमयी विष्णु की आराधना की और विष्णु की आराधना करके उन्होंने बेटा! याग को अपना साक्षी बनाया और उन्होंने कहा यज्ञोमयी विष्णु हमारी साधना जब पूर्ण होगी देखो, जब हम विष्णु बनेंगें, हमारा विष्णु हमारे समीप रहेगा।

याग का नाम विष्णु

तो बेटा! देखो, याग का नाम विष्णु क्योंकि उससे वायुमण्डल पवित्र होता है। किसी गृह में गृह स्वामिनी

और गृह स्वामी अपने में यह विचार-विनिमय करते हैं कि गृह का वायुमण्डल हमारे रूदन से हमारे मानो अशुद्ध क्रियाकलापों से यह अशुद्ध हो गया है, इसका वायुमण्डल पवित्र नही रहा है। वैज्ञानिक जन भी यही कहते है। कि विज्ञान की तरंगों में जो मानो देखो, दूषित वायु वृत बन गया है, उससे वायुमण्डल, वातावरण दूषित हो गया है, उसको प्रदूषण करते हैं। तो बेटा! देखो, प्रदूषण को नष्ट करने के लिए वैज्ञानिक जनों ने भी पूर्वकाल में यह कहा है कि यज्ञम् ब्रह्मा विष्णु तो मानो देखो, विष्णु से यह वायुमण्डल पवित्र होता है। और वह याग है, मानो जिससे वायुमण्डल पवित्र होता है। एक मानव बेटा! साधक बनता है, और साधना के लिए जब वह वायुमण्डल में अपने विष्णु की आराधना करता है, और वह कहता है हे विष्णु! तू मेरी पालना कर मैं तेरी शरण में आया हूँ।

महर्षि कागभुषुण्ड

तो मुनिवरों! देखो, जैसे मुझे स्मरण आता रहता है एक समय बेटा! देखो, महर्षि कागभुषुण्ड जी और महर्षि लोमश अपनी स्थलियों पर विद्यमान थे तो लोमश मुनि ने कहा कि कैसे अपने में मनन कर रहे हो ऋषिवर! तो कागभुषुण्ड जी बोले प्रभु! मैं चिन्तन में हूँ, और मैं चाहता हूँ कि मैं साधना करूं परन्तु देखो, मेरे शरीर का वायुमण्डल और बाह्य वायुमण्डल दोनो ही प्रदूषित बन गएं हैं। दोनो अशुद्ध हो गएं हैं। प्रभु! अब मैं कैसे इनमें बस सकता हूँ। क्योंकि यज्ञ का अमृते मैं वसु को वसना भी चाहता हूँ। तो मेरे प्यारे! उन्होंने कहा याग का नाम वसु है। महर्षि लोमश जी ने कहा कि याग का नाम वसु है। और तुम मानो देखो, याग में बस जाओं और बस करके देखो, उसमें साधना करो। मेरे प्यारे! उन्होंने कहा प्रभु! मैं कैसे बसु उसमें। उन्होंने कहा कि तुम मानो देखो, वह याग का प्रारम्भ करो और याग का जब प्रारम्भ करोगे तो उसकी विचित्र शुद्ध तरंगें हैं। उन तरंगों से मानो देखो, वायुमण्डल भरण हो जाएगा। वैज्ञानिकजन जब अपनी स्थलियों पर मानो देखो, साधना देखो, वैज्ञानिक अपने वैज्ञानिक अणुओं का प्रयोग करते हैं, तो वह भी मानो देखो, शुद्ध परमाणुओं का, तरंगों का जब वह देखो, उसका निरिक्षण करते हैं। तो वह जल और अग्नि के माध्यम से करते हैं, मानो अग्नि के सूक्ष्म से सूक्ष्म स्वरूप को जान करके बेटा! उमसें छाया का दर्शन करते हैं और दर्शन करके ही मानो देखो, उसे अपने में ही वसु बना करके उसे अपने में धारण करते हैं। तो तुम भी इसी प्रकार अपने में धारयामि बन जाओ। मेरे प्यारे! जब महर्षि लोमश मुनि जी ने यह वाक् कहा तो उन्होंने कहा बहुत प्रियतम। तो उन्होंने मुनिवरों! याग का प्रारम्भ किया। अपनी देवी से कहता है देवी हम दोनों का अनुष्ठान करना है। यज्ञमान अपनी देवी से कहता है। देवी हम दोनों को अनुष्ठान करना है। इसी प्रकार देखो, साधक अपने में अनुष्ठान में लग जाता है, और अनुष्ठानित होता हुआ मानो देखो, वह अपने में संकल्प करता है, और अपने में मानो की मनीषी बन करके वो तरंगों को वह स्वाहा के साथ में वायुमण्डल में प्रसारित कर देता है और वह वायुमण्डल में मानो देखो, अग्नि उनको ले करके मानो तरंगित कर देती है। वहाँ का जो वायुमण्डल है, परमाणुवाद है उसका शोधन कर देती है। अशुद्ध तरंगों को वह अशुद्ध मानो देखो, परमाणुओं को नष्ट करना और उनका शुद्धिकरण करना इसी का नाम मेरे प्यारे! वसु है। जब ही तो हम बसेंगें जब हमारे जीवन में से देखो, विजातीय शब्दों का, विजातीय क्रियाकलापों का हम से क्षय हो जाएगा अथवा वह नष्ट हो जाए। और उनका शुद्धिकरण हो जाएगा। तो हम बस जाएंगें। जैसे एक मानव देखो, व्याकरण में जाता है, और व्याकरण उसी को कहते हैं। जो विजातीय मानो देखो, विजातीय शब्द को समाप्त करके सजातीय को जहाँ सजा देती है। उसी का नाम सजातीय कहलाता है, और वही मानो देखो, व्याकरण शुद्धिकरण में वही उसका शुद्धिकरण कहा जाता है। तो

इसी प्रकार मेरे प्यारे! देखो, मानव जब अपने में देखो, विजातीय पदार्थों को नष्ट कर देता है, विजातीय शब्दों के समीप नहीं रहता तो देखो, उसका स्वतः शुद्धिकरण हो जाता है।

तो मेरे प्यारे! देखो, कागभुषुण्ड जी इस प्रकार अपने में याग में परिणत हो गये। नित्यप्रति बेटा! याग करते और वह जब याग करते तो अपने मन में यह विचारते कि मैं इस याग का अधिपति हूँ, अथवा मैं इस याग का यज्ञमान हूँ। और यज्ञमान उसे कहते हैं। जो मानो देखो, उसका अधिपति होता है, और अधिपति मेरे प्यारे! देखो, उसका आहार, व्यवहार उसकी वाणी मानो देखो, शुद्धिकरण में देखो, एक महानता में परिणत हो जाएं। तो वह कागभुषुण्ड जी उसी प्रकार प्रातःकालीन मेरे प्यारे! वह याग प्रारम्भ करते और गायात्राणी छन्दों में रमण करते और रमण करके मुनिवरों! देखो, उनका आहार भी उसी प्रकार का होता जब वह आहार करते तो मुनिवरों! देखो, अमृतम् मनो को क्योंकि मन को मनीषी बनाना है। तो मन बनाने के लिए देखो, आहार पवित्रता की आवश्यकता रहती है। तो बेटा! देखो, मुझे उनका जीवन जब स्मरण आता है। तो वह गायत्री वेदमन्त्रों का स्वर चल रहा है। गान चल रहा है और वेदमन्त्रों में मन प्राण, मन मस्तिष्क उसमें लगे हुए हैं। और वह अपने आहार को भी उसे मानो देखो, निष्ठा से देखो, उसका शुद्धिकरण करता है, और उस अन्न को बना करके जब उसका पान करता है। तो मन की तरंगें पवित्र होती चली जाती है। तो मेरे प्यारे! देखो, वह यागम् ब्रह्वे तो मुझे उनका जीवन स्मरण आता रहता है। तो उन्हें इसी विचारों में जब उन्हें एक आधा अनुष्ठान हो गया छः-छः वर्ष हो गएं। बारह वर्ष उन्होंने अनुष्ठान किया जब छह वर्ष का देखो, उनका अनुष्ठान हुआ उन्हें वह मानो देखो, सिद्ध हो गया और वह सिद्ध क्या मुनिवरों! देखो, वायुमण्डल में जो अग्नि की धाराओं पर मानो स्वाहा के साथ में देखो, मन मस्तिष्क जो एकाग्र रहता है। उसकी जो तरंगें थी जब वह मुनिवरों! देखो, जाने लगी तो वह उसमें ध्यानावस्थित होने लगा एक स्थलियों में आहार से मन पवित्र है। एक स्थलियों में मानो देखो, वायुमण्डल में अग्नि की धाराएं तरंगों को ले करके जो मन मस्तिष्क से उत्पन्न स्वाहा के साथ में होती है। वह जब गमन करती है। तो मुनिवरों! देखो, मुझे ऐसा स्मरण आता रहता है कि उनका जीवन मुझे स्मरण है बेटा! देखो, वह अपने में श्रुति अव्रतम् देखो, उसका वसु बन गया। वह याग उस काल में वसु कहलाता है। क्योंकि उसमें वह ऋषि में बस गया है, और वह मानो देखो, अशुद्ध का शुद्धिकरण हो गया है। बाह्य और आन्तरिक दोनों प्रकार का शुद्धिकरण हो गया है। तो मेरे प्यारे! विचार-विनिमय क्या अमृतम् ब्रह्मा देखो, देखो, एक समय महर्षि श्वेतकेतु मुनि महाराज वह विद्यालय में अध्ययन कराते थे। अध्ययन कराते हुए मुनिवरों! देखो, उनके यहाँ देखो, किसी कारणवश अशुद्ध तमोगुण देखो, रजोगुण छाया रजोगुण छा करके उन्होंने देखो, ब्रह्मचारियों को दण्डित किया। जब ब्रह्मचारियों को दण्ड देने लगे दण्ड देते हुए मानो देखो, वह रजोगुण छाया रहा और वह तमोगुण की मात्रा भी उसमें बलवती हो गई। मेरे प्यारे! देखो, अब्रहे जब सांयकाल हुआ उन्होंने कहा मेरा देखो, अन्तरात्मा मंगलम् बृही देखो, रजोगुण में छा गया अब मैं क्या करूं बेटा! कहीं उन्हें यह प्रतीत हो गया था क्या भंयकर वनों में देखो, महर्षि कागभुषुण्ड जी अपना अनुष्ठान कर रहे है। वही लोमश जी का दर्शन होगा मैं मानो दर्शनार्थ उनके क्रियाकलापों में मेरा अन्तरात्मा पवित्र होगा। मैं मानो दर्शनार्थ उनके क्रियाकलापों से मरा अन्तरात्मा पवित्र होगा इन विचारों से मेरे प्यारे! देखो, वह वहाँ से गमन करते हैं, और गमन करते हुए जब भयंकर वन में पंहुचे तो प्रातःकालीन का समय हुआ वहाँ कागभुषुण्ड जी अपने याग में परिणत थे और वह याग में लगे हुए थे तो बेटा! देखो, ऋषि भी आज्ञा पा करके आहुति हूत करने लगा तो मनो में तमोगुण छाया हुआ था तमोगुण क्या छाया हुआ था? क्योंकि विभिन्नाम भूति महाराजा अश्वपति के राष्ट्र में वे विद्या अध्ययन कराते

थे। ब्रह्मचारियों को तो मानो देखो, कहीं महाराजा अश्वपति ने देखो, वह राष्ट्र का जो कर था उस का का जो द्रव्य था वह शिक्षा में मानो उन्होंने शिक्षा के कार्यों में अवगत किया और अवगत करने से मेरे प्यारे! देखो, वह जो उन्होंने अन्न का ग्रहण किया उस अन्न से मुनिवरों! देखो, विद्यालय के छात्र भी और वह मानो आचार्य जन भी उनका मन मस्तिष्क देखो, भ्रमित हो गया, चंचलता आ गई चंचलता जब आई तो मुनिवरों! देखो, ब्रह्मणे वातप्रवाः लोकाम् ऐसे मुझे प्रतीत है क्या जब मुनिवरों! देखो, जब उसमें हूत करने लगे और वह तरंगों को दृष्टिपात करने लगे तो कागभुषुण्ड जी तो बेटा! उनकी अशुद्ध तरंगें, उनका तमोगुणी तरंगें मुनिवरों! देखो, वायुमण्डल में और रजोगुण तरंगें भरण करने लगी। मेरे प्यारे! देखो, कागभुषुण्ड जी ने अपने याग को शान्त कर दिया और शान्त करके उन्होंने कहा ऋषिवर! यह तुम क्या कर रहे हो? तुमने मेरे याग को मानो देखो, जो मैंने छह माह तक मैंने देखो, उसका शुद्धिकरण किया अनुष्ठान के माध्यम से, आहार और व्यवहारों से और इसमें बस गया था मेरा वसु तुमने मेरे से दूरी कर दिया है। मेरा वसु मेरे समीप नही रहा है। मैं क्या करूं ब्रह्मणे वातप्रवाः लोकाम मेरे प्यारे! देखो, आचार्य ने कहा प्रभु! आप का वसु आप से दूरी हो गया है, इसका कारण क्योंकि मेरे हृदय में तमोगुण है। उन्होंने बेटा! याग सब शान्त कर दिया। शान्त करने का परिणाम मंगले। उन्होंने कहा प्रभु! देखो, मैं गायात्राणी छन्दों का पुनः से पठन-पाठन किया और पठन-पाठन करने से मेरे प्यारे! देखो, पुनः वह प्रवृत्ति उनकी आई।

वृत्तिका मुनि का महाराजा अश्वपति के द्वार जाना

जाने के पश्चात देखो, वह वृत्तिका मुनि बेटा! वहाँ से गमन करते हुए लोमश जी के द्वार पर पंहुचे और लोमश मुनि से कहा हे प्रभु! तमोगुणी प्रवृत्ति मेरी क्यों बन गई है? उन्होंने कहा ऋषि का हृदय तो बड़ा पवित्र होता है। उन्होंने कहा तुम राजा से प्रश्न करो। मेरे प्यारे! देखो, वहाँ से भ्रमण करते हुए महाराजा अश्वपति के द्वार पर पंहुचे और अश्वपति के यहाँ उन्होंने, राजा अश्वपति ने उनका स्वागत किया और स्वागत किया तो उन्होंने कहा कहो ऋषिवर! तुम्हारा आगमन। उन्होंने कहा प्रभु! मेरी ओर मेरे देखो, शिक्षालय में जितने ब्रह्मचारी हैं। उनका वाक्यम् ब्रहे देखो, उनके क्रियाकलाप सब तमोगुणी बन गई है। मैं भी तमोगुणी बन गया हूँ। रजोगुण बन गया हूँ। मैं मानो देखो, शासम बृही है। हे प्रभु! इसके मूल में क्या है? क्योंकि यह विद्यालय तेरे राष्ट्र में है। मेरे प्यारे! देखो, महाराजा अश्वपति ने देखो, अपने राष्ट्र कर्मवेत्ताओं को निमन्त्रण किया ओर सभा की और सभा करके उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि विद्यालय में तमोगुण आ गया इसका मूल कारण क्या है? तो मेरे प्यारे! देखो, इसमें वह सब अपने में मौन हो गये। जो कर्मवेत्ता मानो विशेषज्ञ थे उन्होंने कहा कि हे प्रभु! देखो, जो आपके राष्ट्र में कर लगा हुआ था मानो देखो, वह कर का जो द्रव्य है, वह सर्वत्र देखो, तमो वृद्ध तमो जो द्रव्य होता है। जो देखो, वह अपने अन्न से जो द्रव्य एकत्रित किया जाता है। वह द्रव्य कृषकों का मानो देखो विद्यालयों में वह द्रव्य होना चाहिए। जो द्रव्य मानो देखो, कृषक का द्रव्य होता है। जो देखो, कृषकों का जो द्रव्य है, जो देखो, वह अपने अन्न से जो द्रव्य एकत्रित किया जाता है। वह द्रव्य कृषकों का मानो देखो, विद्यालयों से क्रियाकलापों में शिक्षा में लगना चाहिए। और जो द्रव्य मानो देखो, जैसे व्यवसाय का द्रव्य होता है। जो मिथ्या उच्चारण करके लिया जाता है। वह द्रव्य गृही देखो, पृथ्वी पर रसातल चलने वाले देखो, मार्गों में लगना चाहिए। इस प्रकार महाराजा अश्वपति का एक नियम बना हुआ था, मेरे प्यारे! देखो, मुझे स्मरण आता रहता है। उन्होंने कहा देखो, ऋषिवर! का आगमन हुआ है, ऋषि यह कहते हैं कि मेरे बाल्य जो ब्रह्मचारी है। उनका अशुद्ध क्या देखो, तमोगुण छा गया है। मेरे अन्तर्हृदय में भी और मानो महर्षि कागभुषुण्ड जी के आश्रम

में पंहुचा। मेरे प्यारे! देखो, जब यह वृतान्त राजा अश्वति ने सुना और देखो, ऋषि को ले करके बेटा! कागभुषुण्ड जी के आश्रम में पंहुचे वही लोमश मुनि महाराज व्रतम् ब्रह्मे उन्होंने कहा, लोमश जी बोले क्या तुमने ऋषि का अनुष्ठान तुम्हारे द्रव्य ने और तुम्हारे आचार्यों ने देखो, इसको अशुद्ध कर दिया है। इसका वसु इससे छिन लिया है। वसु इन्होंने अपने में नष्ट करना चाहा है। तो इसका क्या बनेगा राजन्! महाराजा अश्वपति ने कहा प्रभु! मुझे आप क्षमा कीजिए। हे प्रभु! मैं तो स्वयं कला कौशल करता हूँ, और मैं अपने देखो, वसु को स्वतः उत्पन्न करता रहता हूँ। मैं उसी में बसता रहता हूँ देखो, राजा अपना स्वयं कला कौशल स्वयं कृषि का उदगम करके उस अन्न को पान करता है। उस अन्न से ही देखो, हमारे जीवन की प्रतिभा का जन्म होता है, और वहीं प्रतिभा हमारे जीवन का एक मूलक बन करके हमारे जीवन का महान बानते है। और राष्ट्र में देखो, उसी प्रकार का हमारे में अवृत नही हो पाता। मेरे प्यारे! तो देखो, उन्होंने कहा प्रभु! यह विद्यालयों में द्रव्य अच्छा होना चाहिए शुद्ध ही होना चाहिए। उन्होंने कहा बहुत प्रिय तो राजा ने वह वाक् स्वीकार किया।

याग वसु है

तो मेरे पुत्रों! देखो, विचार-विनिमय करने का हमारा अभिप्रायः क्या है महाराजा अश्वपति ने राष्ट्र के विद्यालयों में देखो, महर्षि वृत्तिका ऋषि अपने में अध्ययन करते थे, ब्रह्मचारियों को अध्ययन कराते थे तो मेरे प्यारे! देखो, यह याग हमारे यहाँ वसु वह याग है। विद्यालय भी याग माना गया है। क्योंकि देखो, वहाँ जीवन की जो अनुक्रमणिका है। उसका निर्माण किया जाता है। बाल्य काल से ले करके वृद्धकाल तक उसके जीवन की भूमिका का निर्माण विद्यालयों में होता है। शिक्षा के माध्यम से आचार्य के आचार व्यवहारों से मानो देखो, वह भी याग है। इसी प्रकार देखो, जहाँ देव पूजा करते हैं। तो देवता हमारे इस मानव शरीर में क्रियाकलाप करते रहते हैं। वह तो मानो देखो, देव पूजा का अभिप्रायः यह भी अनुष्ठान है, इसको यज्ञमान अपने आन्तरिक हृदय से इसको वसु बनाता है। इसमें बसता है, और अशुद्धियों से यह वसु को मुनिवरों! देखो, मानो अपने में सींच लेता है। उसे अपने में बसा कृतियों से रत्त कर लेता है। तो मेरे प्यारे देखो, इसीलिए याग का नाम वसु है, और यज्ञोमयी विष्णु है। क्योंकि देखो, इसमें बसोगे तो यही हमारा पालन करने वाला है। तो पालना का अभिप्रायः यह हमारे यहाँ पालना के कई प्रकार होते हैं। एक पालना उसे कहा जाता है। जो माता अपने गर्भ में पालना करती है, एक मानो देखो, विष्णु बन करके शिक्षा को देखो, उसे पारायण बना देती है, और वही मेरे प्यारे! देखो, पालना का मूल है। जो बाह्य जगत में आन्तरिक जगत में दोनों का समन्वय करके उसकी पालना की जाती है। मेरे पुत्रों! देखो, यह पालना का मूल है। तो पालन करने वाला विष्णु है। इसीलिए यज्ञोमयी विष्णु बेटा! यदि मानव सुक्रियाकलाप नही करेगा वो बसेगा कहाँ? अरे दूरिता में तो बसा नही जाता देखो, एक स्थली पर मानो क्रोध की मात्रा उत्पन्न हो रही है। तो जो विशुद्ध प्राणी है। वो वहाँ से चल देते हैं। तो वह तो वसु नही कहलाता और वहाँ मुनिवरों! देखो, दर्शनों की विचारधारा मानवीय की विचारधारा हो रही है। वहाँ मानव देखो, अपनी स्थलियों पर विद्यमान हो जाता है। वह कहता है मैं यहाँ वसु मैं यहाँ बसूंगा। वह बेटा! देखो, उसको अपना वसु बना लेता है। तो जितने भी सुक्रियाकलाप है, सुकर्म है, तो मुनिवरों! देखो, उन्हीं में तो प्राणी बसता है, और उसी का नाम याग है। वही विष्णु है मेरे पुत्रों! देखो, वह कहता है यज्ञोमयी विष्णु हे विश्वनाम ब्रह्मे देवानाम ब्रह्मा! मेरे प्यारे! देखो, यज्ञोमयी विष्णु माना गया है। तो विचार आता है। बेटा! आज मैं विशेष चर्चा नही देता हुआ केवल यह क्या हम देखो, अपने में वसु बनना चाहते हैं। बसना चाहते हैं। तो बसेंगे कहाँ? जहाँ मुनिवरों! देखो, प्रिय वार्त्ता होगी आत्मिक चर्चा होगी, परमात्मा के ध्यानाम ब्रह्मे और मुनिवरों! देखो,

विचारों में याग होते रहेंगें। तो यह याग का नाम विष्णु माना गया है।

तो आज बेटा! देखो, मैं विशेष चर्चा न उच्चारण करता हुआ केवल यह क्या यज्ञोमयी विष्णु वह विष्णु हमारा कल्याण करने वाला हैं। तो बेटा! देखो, ऋषिजन याग के माध्यम से हम विष्णु को विचार-विनिमय में लाते हुए अपने में धारयामि बनाते रहे। बेटा! देखो, अग्नाम भूतम ब्रह्मे अग्नि ब्रहे यह सर्वत्र मानो देखो, अग्नि में अग्नि कए सूत्र है। देवताओं का मुख है, और देवताओं के देवानाम् मुखाः बेटा! देवताओं का जो मुख है। वह अग्नि है अग्नि के मुखारबिन्दु में जिस वस्तु को तुम मानो देखो, उसमें परिणत कर दोगे वही सूत्र बन करके सब देवताओं को प्राप्त हो जाएगा। और वह देवता मुनिवरों! देखो, उस मानव के शरीर में विद्यमान हैं। जहाँ मुनिवरों! देखो, मन मस्तिष्क स्थिर होते हैं और वही आत्म बसता है, उन पंच महाभूतों के लोक में बसता है। इसीलिए मुनिवरों! देखो, याग का वसु कहा गया है। तो विचार आता रहता है बेटा! यह वसु ब्रह्मणा व्रता मानो देखो, पंच महाभूतों में निहित रहने वाला यह अनुपम जगत है। और यह तेजोमयी कहलाता है। जैसे महारे यहाँ बेटा! देखो, याग का नाम विष्णु है। इसी प्रकार देखो, वह ब्रह्मणे असुतम मुनिवरों! देखो, सूर्य का नाम भी विष्णु है। हमारे यहाँ विष्णु के बहुत से पर्यायवाची शब्द है। जब मैं वैदिक साहित्य के ऊपर विचार-विनिमय करते हैं। उमसें भौतिकवाद आध्यात्मिकवाद दोनों का मिश्रण है, और विज्ञानवाद मानो देखो, उसकी पुठ लग जाती है। तो विचार आता रहता है बेटा! देखो, सूर्य का नाम विष्णु है। यहाँ यज्ञोमयी विष्णु, क्या विष्णु की याचना हो रही है। वह बसाने वाला, वैज्ञानिकों से जब यह प्रश्न किया जाता है। हे वैज्ञानिकों! यह याग क्या है? तो पूर्व काल में मुझे स्मरण है। उन्होंने यह कहा क्या यज्ञोमयी विष्णु है। यह पालना के मूल में है और देखो, जब भी दूषित वायुमण्डल हो जाता है। तो राष्ट्र को विशाल से विशाल याग करने चाहिए और अश्वमेध याग होने चाहिए। मानो देखो, जब विष्णु जब कोई भी याग हो याग का नाम विष्णु रूप दिया जाता है। तो इसीलिए राजा का कर्तव्य है कि अपने राष्ट्र में दूषित वायु मण्डल को नष्ट करे। मेरे प्यारे! देखो, क्योंकि यह वसु है। और जब दूषित वायुमण्डल नही रहेगा तो वहाँ मानव बसता है, साधक अपनी साधना करता है। मन मस्तिष्क को एकाग्र करके बेटा! उसका मन पवित्र बनता है। जब मन मस्तिष्क दोनों पवित्र होंगें तो बेटा! यह विचार भी प्रिय करता है ओर जब उसका विचार प्रिय हो जाता है। तो मन मस्तिष्क बेटा! अपने में महानता को ले करके इस सागर से पार होने का प्रयास करता है।

तो आओ मेरे प्यारे! आज का हमारा यह वाक् क्या कह रहा है। मैं कोई व्याख्याता नही हूँ। केवल तुम्हें परिचय देने के लिए आया हूँ ओर यह परिचय यह है कि यज्ञोमयी विष्णु इसको हमें अपने में धरयामि बनाना चाहिए। मैंने बेटा! महाराजा अश्वपति के राष्ट्र की चर्चाएं की हैं ओर यह चर्चाएं इतनी गम्भीरता में मानो देखो, राजा की जो वितरण प्रणाली है वह कितनी भव्य और पवित्र होनी चाहिए जिससे बेटा! देखो, जो द्रव्य जिस प्रकार का हो वह द्रव्य इसी क्रियाकलापों में मानो देखो, राष्ट्र का लगना चाहिए यदि मानो देखो, वह द्रव्य यदि अमृते द्रव्य तमोगुण से देखो, जिसका संचय किया जाता है उसको सतोगुण में लाओगे तो देखो, सतोगुण को भी यह मुनिवरों! परिवर्तित कर देगा ओर उसको तमोगुण में ला करके त्याग देगा। इसी प्रकार देखो, द्रव्य उसी प्रकार का जैस द्रव्य हो उसको उसकी क्रियाकलापों में, राष्ट्र में मानो देखो, न तो प्रदूषण आता है और न राजा के राष्ट्र में मानो द्रव्य ही हीनता होती है। द्रव्य अपने में मानो द्रव्यपति बन करके राजा अपने राष्ट्र को ऊँचा बनाता है। तो आओ, मेरे प्यारे! आज का वाक् हमारा क्या कह रहा है। मैं कागभुषुण्ड जी की चर्चा कर रहा हूँ। ऋषि देखो, अपने में कितना भव्यता में परिणत है। क्योंकि कागभुषुण्ड जी की माता बाल्यकाल में देखो,

इस प्रकार अपने ब्रह्मवेत्ता, ब्रह्मचारी को शिक्षा देती रहती वही ब्रह्मवेत्ता और साधक बन करके अपने जीवन को ऊँचा बनाते हैं। संसार को ऊँचा बनाने में मानो उनके जीवन से सुगन्धि आती है ओर सुगन्ध जो भी मुनिवरों देखो, सुगन्ध लेता है वह सुगन्धित हो जाता है।

तो यह बेटा! आज का वाक् आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्राय ये कि यज्ञोमयी विष्णु इस याग की हमें पूजा करनी है और याग एक पुरूष है, एक वसु है, जिसमें हम सब वशीभूत रहते हैं। तो इसीलिए बेटा! याग का अपने में बड़ा महत्व और ऋषि-मुनियों ने इसके ऊपर अनुसन्धान किया है। कल मुझे समय मिलेगा तो बेटा! इससे आगे की चर्चाएं कल प्रगट करूंगा कि हमारे यहाँ देखो, विष्णु सूर्य को कहते हैं, हमारे यहाँ विष्णु के बहुत से पर्यायवाची शब्द है परन्तु जहाँ पालना का प्रसंग आऐगा वही विष्णु की विवेचना होगी और जहाँ पालना की प्रतिभा होगी। वही मेरे प्यारे! देखो, विष्णु शब्द का प्रतिपादन किया जाता है। यह आज का वाक् समाप्त अब वेदों का पठन-पाठन होगा। आज के वाक् उच्चारण करने का अभिप्राय बेटा! तुम जान गएं होंगें वाक् बड़ा सूक्ष्म है वाक् बड़ा साधकीय वाक् था परन्तु देखो, इसके ऊपर विचार-विनिमय होना चाहिए।

११ याग ३१ ०१ १९९२

जीते रहो! देखो, मुनिवरों! आज हम तुम्हारे समक्ष, पूर्व की भांति, कुछ मनोहर वेदमन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे, ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से, जिन वेदमन्त्रों का पठन-पाठन किया, हमारे यहाँ, परम्परागतों से ही, उस मनोहर वेदवाणी का प्रसारण होता रहता है, जिस पवित्र वेदवाणी में, उस मेरे देव की महिमा का गुणगान गाया जाता है जिस पवित्र वेदवाणी में, उस परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा यज्ञोयमी स्वरूप है और याग उसका आयतन है, उसका गृह है, उसका सदन है, ओर वह उसी में वास कर रहा है इसीलिए हम उस परमपिता परमात्मा की महती अथवा उसके गुणों का हमें अपने में ध्यानावस्थित हो जाना चाहिए। तो वेद का मन्त्र यह कहता है, ध्यानाम् पवित्र सुतम् पवमाना क्या वे परमपिता परमात्मा ध्यानागुणों के ही अपने में उसके गुणों को धारण करते हुए इस संसार सागर से पार होने का हमें सदैव प्रयास करना चाहिए। तो हमारा वेदमन्त्र मानो उस परमपिता परमात्मा के यज्ञोमयी स्वरूप का वर्णन कर रहा है। हमने पूर्व काल में तुम्हें उस महान विष्णु की विवेचना की जो यज्ञोमयी विष्णु कहा जाता है। क्योंकि याग को हमारे यहाँ वसु कहा गया है याग करने वाला संसार में बसता है और वह वसु में अपने को धारण करा लेता है।

याग की महता

तो मेरे पुत्रों! देखो, यज्ञोमयी विष्णु हे विष्णु! तू याग है, जितना भी संसार का सुक्रियाकलाप है। मानो वह सर्वत्र एक याग में ही परिणत होता रहा है। तो इसीलिए याग का नाम विष्णु है, अथवा वसु है, उसी में बसते हैं। इसीलिए परमपिता परमात्मा का नाम वसु है। क्योंकि यह सर्वत्र जगत उसी में वशीभूत हो रहा है और वह यज्ञोमयी अपने में कहा जाता है। क्योंकि याग उसका आयतन है, याग उसका गृह है, उसका सदन है, और वह उसी में वास करने वाला है। तो परमपिता परमात्मा मानो कहाँ वास करता है-वह संसार रूपी जो जगत है, एक प्रकार की यज्ञशाला है। और यज्ञशाला वह स्वतः ब्रह्मा है, आत्मा यज्ञमान है, पंच महाभूतों में मानो कोई उद्गाता है, कोई अध्वर्यु है, और कोई पुरोहित बन करके बेटा! देखो, होता बन करके याग हो रहा है। यह भव्य याग अपने में मानो देखो, अपने में प्रतिष्ठित रहता है, और अपने में ही धारयामि बना लेता है।

तो विचार-विनिमय क्या कि हम परमपिता परमात्मा को यज्ञोमयी स्वाकार करते हैं, क्योंकि वह इस संसार का अधिपति है, और इस यज्ञशाला में संसार रूपी यज्ञशाला में हम सब विद्यमान हैं और नाना प्रकार के यागों का अवधान कर रहे हैं। अथवा उसको अपने में धारण करते हुए इस संसार सागर से पार होना चाहते हैं।

तो आओ मेरे प्यारे! देखो, याग अपने में बड़ा विशुद्ध क्रियाकलाप माना गया है। मैंने इससे पूर्वकाल में तुम्हें महात्मा महर्षि कागभुषुण्ड जी की चर्चाएं प्रगट की क्या याग अपने में कितना विचित्र है, और जब मैं शिकामकेतु उद्दालक मुनि के द्वार पर चला जाता हूँ। उनकी चर्चाएं होने लगती हैं। उनका जो क्रियाकलाप रहा है। वह बड़ा विचित्रतम रहा है। मेरे प्यारे! उन्होंने याग के ऊपर कितना अन्वेषण किया कितना अनुसन्धान किया है, और याग दो प्रकार का माना गया है। एक आध्यात्मिक है और द्वितीय भौतिक विज्ञान है। परन्तु देखो, आध्यात्मिक और भौतिकवाद दोनों का समन्वय करने का नाम पवित्र यागों में परिणत रहा। तो विचारवेत्ता कहते हैं कि हम दोनो प्रकार के यागों का अपने में व्यवधान करते रहे अपने में धारण करते रहे, जिससे हमारा मानवीय जीवन पवित्रता को धारण करता हुआ इस संसार रूपी यज्ञशाला को हम जान सकें और परमात्मा जो

उसका आयतन है अथवा उसी में हम सब वशीभूत हो रहे हैं। उसके ज्ञान और विज्ञान के ऊपर प्रायः हम अपने में अन्वेषण करते रहे। मेरे पुत्रों! देखो, इस प्रकार हमारा वेद का मन्त्र अपने में उद्गीत गा रहा है।

याज्ञिक बनने की प्रेरणा

आओ बेटा! मैंने तुम्हें कई कालों में यह चर्चाएं प्रगट की हैं कि हमारे यहाँ नैतिक जीवन में भी याग का अपना बड़ा महत्व माना गया है, मैं बेटा! कई कालों में बारम्बार महर्षि याज्ञवल्क्य मुनि महाराज के विद्यालयों में ले जाता रहा हूँ। अथवा वहाँ ब्रह्मचारियों का और आचार्यों का जो प्रसंग है, वह कितना विचित्र होता रहा है। प्रायः उसकी चर्चाएं हमारे मानवीय जीवन के लिए बड़ी सुयोग्य है, उपयोगी मानी गई है। आओ मुनिवरों! देखो, आज मैं तुम्हें याज्ञवल्क्य मुनि महाराज के विद्यालय में ले जाना चाहता हूँ। मेरे पुत्रों! देखो, मुझे स्मरण आता रहा है प्रातःकालीन मानो देखो, आचार्य जन और गुरुजन विद्यमान हो करके और ब्रह्मचारी बेटा! देखो, एक पंक्तियों में विद्यमान थे तो मुनिवरों! याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने न्यौदा में से वेदमन्त्रों का उद्गीत गाया और वेदमन्त्रों का उद्गीत गा करके उन्होंने कहा कि यज्ञम भविताम वर्णनं सम्भव ब्रह्वे कृतं लोकाम् याज्ञवल्क्य मुनि बोले कि हे ब्रह्मचारियों! यह न्यौदा में मन्त्र है। परन्तु यह कह रहा है कि मानव को याज्ञिक बनना चाहिए। ब्रह्मचारी अपने में याज्ञिक बने, गृहाश्रम में याज्ञिक बने और देखो, अपने में वारहवृत्ति और आचार्यजन मानो देखो, सब याग में परिणत हो जाएं। यदि हम याग से शून्य हो जाएंगें तो याग मानो देखो, हमें शून्यवत् को प्राप्त करा देगा। तो मेरे पुत्रों! देखो, जब यह विचार-विनिमय हो रहा था ऋषि अपने उदगार दे रहे थे और वो उच्चारण कर रहे थे क्या वेदमन्त्र कहता है सम्भवं ब्रह्मणा वाचसुते मानो देखो, ब्राह्मण जब ही बनता है, जबकि वह ब्रह्मवेत्ता बन करके और अपनी अन्तरात्मा में ब्रह्म का दर्शन करता है। वो भव्य यागों में परिणत हो जाता है।

याग कैसे करें

मेरे प्यारे! इतने में जब वो याग की चर्चा कर रहे थे, तो एक ब्रह्मचारी यज्ञदत नाम के उपस्थित हुए और यज्ञदत ने कहा प्रभु! आप को धन्यवाद है। आप याग के ऊपर अपना भव्य विचार देते रहते हैं। हे प्रभु! हम यह जानना चाहते हैं कि हम याग कैसे करें? उन्होंने कहा याग में यज्ञशाला हो और यज्ञशाला विधिवत होनी चाहिए उसका निर्माण भी शिल्पकारों के द्वारा विधिवत हो और मानो देखो, वह नाना प्रकार के पदार्थों से उसका लेपन करना चाहिए ओर लेपन करके उसमें चार प्रकार का साकल्य होना चाहिए। मानो सबसे प्रथम मधु हो और मिष्ठ होना चाहिए। रोगनाशक और मुनिवरों! देखो, वह आयुवर्धक होना चाहिए। चार प्रकार का साकल्य जब तुम हुत प्रारम्भ करोगे तो तुम्हारा याग मानो देखो, सफलता के मार्ग पर चला जाऐगा। सबसे ऊर्ध्वा में यह कि तुम्हारा मन, कर्म और वचन मानो देखो, उसमें निहित रहना चाहिए। मन मस्तिष्क उसी में निहित रह करके जब तुम प्रारम्भ करोगे तो तुम्हारी आत्मा का उत्थान होगा और आत्मा मानो देखो, वर्चोसि बन करके आत्माम् भूतम ब्रह्मणा व्रेता आत्मा वह आत्मा बेटा! देखो, अपने में महानता का दर्शन करता रहेगा।

तो विचार-विनिमय क्या तो वेद का ऋषि कहता है, तुम आत्मवेत्ता बनने के लिए मानो देखो, याग करो। तो उन्होंने कहा कि इसमें साकल्य और अग्नि मानो देखो, अग्नि प्रदीप्त होनी चाहिए और वह स्वाहा होना चाहिए। क्योंकि वह मन, कर्म, वचन से बिंधा हुआ जो स्वाहा होता है, वह ऐसे होता है, जैसे धागे में नाना प्रकार के मनके होते हैं। वो एक प्रकार की माला बन जाती है। उसे हम सुमरणि कहते हैं, और वेद कृतिया कहते हैं। तो बेटा! जैसे हमारा मानो जो जीवन है यह भी एक मनको की माला है, और इसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के मनके

